e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 45
बुधवार
15.02.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

जो सभ्य भी है, उनके साथ भी सभ्य बने रहे। किसी के ओछेपन के चलते अपना चरित्र नीचे करने का कोई औचित्य नहीं है।

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी होस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**

अधिकतम 26°
न्युनतम 12°

### सीएम ने लातेहार और चतरा जिले में चल रहे विकास कार्यो और विधि -व्यवस्था की समीक्षा की

# योजनाओं के क्रियान्वयन का वर्ष है 2023 : हेमंत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** वर्ष 2023 योजनाओं के क्रियान्वयन का वर्ष है। हमारा पूरा फोकस योजनाओं की गति को रफ्तार देना है । इस कड़ी में योजनाओं के प्रगति की लगातार निगरानी हो रही है। योजनाएं वास्तविक रुप से धरातल पर उतरे । योजनाएं सही समय पर पूरी हो। आम लोगों को तमाम योजनाओं का पूरा लाभ मिले। इसमें अधिकारियों- कर्मचारियों की अहम भूमिका है। आप अपनी जिम्मेदारियों को ईमानदारी के साथ निभाएं, वरना आपके खिलाफ सरकार कार्रवाई करने को बाध्य होगी। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन आज लातेहार के न्यू पुलिस लाइन में लातेहार और चतरा जिले संचालित विकास कार्यो और विधि व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे।मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के पास सरकारी कर्मियों की एक बड़ी फौज फौज है। इनके वेतन पर सरकार बजट का एक बड़ा हिस्सा खर्च करती है। इसके बाद भी अगर योजनाओं की गति धीमी हो। योजनाओं का लाभ लोगों को नहीं मिले तो आप को बैठाकर वेतन देना कहीं से मुनासिब नहीं होगा। इसलिए आप अपनी जिम्मेदारियों को समझें और इंप्लीमेंटिंग अथॉरिटी होने के नाते गांव-गांव घर-घर तक योजनाओं को पहुंचाएं और राज्य के विकास का मार्ग प्रशस्त करें।

**लातेहार शहर में एक पुल का निर्माण 7 सालों से अधूरा रहने पर गायत्री बिल्डकॉन कंपनी को टर्मिनेट करने का दिया निर्देश**



#### गायत्री बिल्डकॉन को टर्मिनेट करने का निर्देश

मुख्यमंत्री ने लातेहार शहर में न्यू पुलिस लाइन जाने के रास्ते में नदी पर 2016 से बन रहे पुल का निर्माण कार्य अब तक अधूरा रहने पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने इस पुल का निर्माण करा रहे गायत्री बिल्डकॉन को टर्मिनेट करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने चतरा जिले के टंडवा प्रखंड में जल जीवन मिशन के तहत जलापूर्ति योजना का कार्य कर रही श्रीराम ईपीसी कंपनी को भी कार्य की धीमी गति को लेकर शो-कॉज जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने चतरा उपायुक्त को इस योजना का रिव्यू कर रिपोर्ट देने को भी कहा । मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जल जीवन मिशन से संबंधित कार्यों में किसी प्रकार की हेराफेरी नहीं होनी चाहिए वरना संबंधित पदाधिकारियों और संवेदक पर कार्रवाई होगी

#### इन अधिकारियों की रही उपस्थिति

समीक्षा बैठक में मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक वैद्यनाथ राम और रामचंद्र सिंह, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव अबू बकर सिद्दीकी, सचिव मनीष रंजन , सचिव कृपानंद झा, एडीजी संजय आनंद लाटकर, पुलिस महानिरीक्षक एवी होमकर, लातेहार के उपायुक्त भोर सिंह यादव,पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन और चतरा के उपायुक्त अबु इमरान, पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन तथा दोनों जिलों के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

#### योजनाओं को लेकर विभिन्न विभागों में समन्वय हो स्थापित

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की ऐसी कई योजनाएं हैं, जिसे कई विभाग आपस में समन्वय बनाकर संचालित कर सकते हैं । इसके लिए विभाग आपस में को-आर्डिनेशन करें और योजनाओं को जमीन पर उतारने में कोई कमी नहीं रहने दें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों द्वारा उपलब्धियों को दिखाने के लिए आंकड़ों में हेराफेरी की जाती है। लेकिन, आज सूचना तंत्र काफी मजबूत हो चुका है । अब समीक्षा बैठकों में आंकड़ों के साथ उससे संबंधित फोटो भी देखूंगा, ताकि वास्तविक स्थिति का पता चल सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को चेताते हुए कहा कि हमारे पास हजारों की संख्या में लोग अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन देते हैं ।

# पलामू में नक्सलियों का उत्पात



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर:** मोहम्मदगंज में नक्सलियों का उत्पात देखा गया। सोमवार देर रात थर्ड रेल लाइन टनल निर्माण स्थल पर कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार किया और वहां खड़ी बोलेरो को जला दिया। इसको लेकर पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। इस घटना को लेकर इलाके में दहशत का माहौल है। मोहम्मदगंज में थर्ड रेल लाइन टनल निर्माण स्थल पर नक्सलियों ने वाहनों को फूंका और कर्मियों से बदसलूकी की. घटना को लेकर बताया जा रहा है कि पूर्व मध्य रेल के सोननगर गढ़वा रोड रेल खंड के मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन के पास भीम चूल्हा टनल निर्माण स्थल पर सोमवार की रात नक्सलियों का एक दस्ता वहां पहुंचा और उत्पात मचाया। हथियार से लैस नक्सलियों ने निर्माण स्थल पर कर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार किया और फायरिंग की। इसके अलावा वहां पर खड़ी एक गाड़ी में आग लगा दी। इसके अलावा नक्सलियों ने वहां खड़ी अन्य गाड़ियों को भी जलाने का प्रयास किया। मगर कर्मियों ने तत्काल बुझा दिया। मोहम्मदगंज थाना प्रभारी अक्षय कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस घटना घटनास्थल पहुंचकर छानबीन में जुट गई। उन्होंने इस घटना में नक्सलियों के हाथ होने की पुष्टि नहीं की है। घटनास्थल से टीएसपीसी के नाम का एक पर्चा भी बरामद किया गया है।

**हथियार से लैस नक्सलियों ने निर्माण स्थल पर कर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार किया और फायरिंग की। इसके अलावा वहां पर खड़ी एक गाड़ी में आग लगा दी।**

## क्विक न्यूज

### निवर्तमान राज्यपाल रमेश बैस ने सपरिवार किया बाबा बैद्यनाथ को जलार्पण

**देवघर।** निवर्तमान राज्यपाल रमेश बैस का देवघर आगमन हुआ। इस दौरान पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत राज्यपाल देवघर परिसदन पहुँचे। जहां पुलिस उपमहानिरीक्षकसुदर्शन मंडल, उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री व पुलिस अधीक्षक सुभाष चंद्र जाट के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। इसके पाश्चत राज्यपाल रमेश बैस ने सपरिवार बाबा बैद्यनाथ की पूजा-अर्चना कर बाबा का आशीर्वाद लिया। प्रशासनिक भवन में तिर्थ पुरोहितों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ उन्हें संकल्प कराया गया। इसके पश्चात द्वादश ज्योतिर्लिंग का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की गयी। मौके पर उपस्थित उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने भेंट स्वरूप स्मृति चिन्ह व बाबा बैद्यनाथ का प्रसाद प्रदान किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक श्री सुभाष चंद्र जाट, अनुमंडल पदाधिकारी दीपांकर चौधरी, प्रशिक्षु आईएएस अनिमेष रंजन एवं संबंधित अधिकारी व पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

### बीबीसी के दिल्ली, मुंबई दफ्तर पर आयकर विभाग का सर्वे एक्शन

**नई दिल्ली :** विदेशी समाचार कंपनी ब्रिटिश ब्रॉडकास्टर्स कॉरपोरेशन (बीबीसी) के दिल्ली और मुंबई दफ्तर पर आयकर विभाग ने सर्च ऑपरेशन की कार्रवाई की है। मंगलवार को आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। आयकर विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि बीबीसी के दिल्ली और मुंबई सहित कुछ अन्य लोकेशन पर सर्च ऑपरेशन की कार्रवाई शुरू की गई है। आयकर विभाग की ओर से फिलहाल इसकी विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन जल्द ही औपचारिक तौर पर इस संबंध में जानकारी दी जाएगी। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट्स में बीबीसी के दिल्ली दफ्तर को सील करने और सभी कर्मचारियों के फोन जब्त करने की बात कही जा रही है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में बीबीसी ने 2002 गुजरात दंगे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से जुड़ी डॉक्यूमेंट्री बनाई थी, जिस पर केंद्र सरकार ने रोक लगा दी थी।

### फिल्म निर्माता गुरुदत्त की बहन ललिता लाजमी का निधन

**मुंबई :** चर्चित फिल्म निर्माता और अभिनेता स्वर्गीय गुरुदत्त की बहन ललिता लाजमी का 90 साल की आयु में सोमवार को निधन हो गया। जहांगीर निकोलसन आर्ट फाउंडेशन ने आज इंस्टाग्राम में उनकी मृत्यु की घोषणा की। कलाप्रेमी ललिता लाजमी की कलाकृतियां धूम मचा चुकी हैं। ललिता लाजमी ने आमिर खान की फिल्म तारे जमीं पर में काम किया है। जहांगीर निकोलसन आर्ट फाउंडेशन ने कहा है- कलाकार ललिता लाजमी के निधन से गहरा दुख हुआ है। ललिता लाजमी संवेदनशील कलाकार और शास्त्रीय नृत्य प्रेमी और खूबसूरत कलाकार थीं।

### पुणे में अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहीं 17 महिलाओं को रौंदा, पांच की मौत, चार की हालत नाजुक

**मुंबई :** पुणे जिले में शिरोली इलाके के राजगुरुनगर में पुणे-नासिक हाईवे पर अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रही 17 महिलाओं को रौंद दिया, जिसमें पांच महिलाओं की मौत हो गई जबकि 12 महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। इनमें चार महिलाओं की हालत नाजुक बताई जा रही है। सभी घायलों को शिरोल ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खेड़ पुलिस के अनुसार, सोमवार देर रात शिरोली के राजगुरुनगर में स्थित एक कार्यक्रम में भोजन बनाकर 17 महिलाएं घर लौट रहीं थीं। इस बीच पुणे-नासिक हाईवे पार करने के दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने इन सभी को रौंद दिया। दुर्घटना में सुनंदा सत्व गजेशी, सुशीला वामन डेढ़े, इंदुबाई कोंडिबा कांबले, सायराबाई प्रभु वाघमारे और एक अन्य महिला की मौत हो गई और 12 महिलाएं घायल हो गईं।

# अडानी मुद्दे पर जेपीसी की मांग को लेकर अडिग है विपक्ष : कांग्रेस



**कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि कांग्रेस ने संसद के दोनों सदनों में अडानी समूह पर लगे आरोपों की जांच की मांग करता रहा लेकिन सत्ता पक्ष इस मुद्दे पर बातचीत को तैयार नहीं है।**

एजेंसी

**नई दिल्ली:** कांग्रेस ने कहा कि हिंडनबर्ग ने अडानी समूह पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इन आरोपों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए क्योंकि भारत में लगभग तीन करोड़ परिवार शेयर बाजार से जुड़े हैं। ऐसे में पूरा विपक्ष चाहता है कि अडानी समूह पर लगे आरोपों की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का गठन किया जाए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि कांग्रेस ने संसद के दोनों सदनों में अडानी समूह पर लगे आरोपों की जांच की मांग करता रहा लेकिन सत्ता पक्ष इस मुद्दे पर बातचीत को तैयार नहीं है। रमेश ने कहा कि आज गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि अडानी मुद्दे पर उनके पास कुछ भी छुपाने को नहीं है। ऐसे में अगर गृह मंत्री शाह की बात सही है तो अडानी समूह की जांच के लिए उनकी सरकार जेपीसी का गठन क्यों नहीं कर रही है? रमेश ने कहा कि हिंडनबर्ग ने अडानी समूह पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इस मुद्दे की निष्पक्ष जांच जेपीसी ही कर सकती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस निजी निवेश के खिलाफ नहीं है लेकिन मोदी सरकार चंद उद्योगपतियों को ही बढ़ा रही है। रमेश ने कहा कांग्रेस आगामी संसद सत्र में भी जेपीसी की मांग करेगी। इस मुद्दे पर पूरा विपक्ष एक जुट है।

# अजय सिंह बने नए डीजीपी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अजय कुमार सिंह झारखंड के नए डीजीपी नियुक्त किए गए हैं. इससे संबंधित अधिसूचना सरकार के द्वारा मंगलवार की रात जारी कर दी गई. बता दें कि झारखंड कैडर के 1987 बैच के आईपीएस नीरज सिन्हा शनिवार को रिटायर हो गए. मंगलवार को अजय कुमार सिंह को झारखंड का नया डीजीपी नियुक्त कर दिया गया. अजय कुमार सिंह वर्तमान में झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन के एमडी के पद पर पदस्थापित थे. इसके अलावा इनके पास एसीबी डीजी का अतिरिक्त प्रभार था. डीजीपी के चयन के लिए यूपीएससी ने सीबीआई में प्रतिनियुक्त अजय भटनागर, पुलिस हाउसिंग के एमडी सह डीजी एसीबी अजय कुमार सिंह और रेल एडीजी अनिल पालटा का नाम भेजा था. वरीयता के आधार पर भेजे गए इन तीनों नामों में से किसी एक को डीजीपी बनाया जाना था. जिसके बाद सरकार ने अजय कुमार सिंह के नाम पर अपनी मुहर लगाई.



# रिश्वत मांगने के आरोप में राजस्व कर्मचारी को उपायुक्त ने किया निलंबित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने अपने कार्यालय कक्ष में मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखी। उपायुक्त दोड्डे ने लोगों की फरियाद सुनते हुए उनके सभी शिकायतों को संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए जल्द से जल्द जांच कर निवारण करने हेतु निर्देशित किया। **सदर एसडीओ को जांच हेतु पाटन जाने के निर्देश :** जनता दरबार में पाटन के सगुना से आये मोख्तार हवारी ने उपायुक्त से गैरमजरूआ एवं परती जमीन पर भू माफियाओं द्वारा जमीन हड़पने के संबंध में शिकायत किया गया इसपर उपायुक्त ने सदर एसडीओ को त्वरित रूप से स्थल पर जाकर जांच करते हुए शाम तक प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया। **सतबरवा बीडीओ को भुगतान करने के निर्देश :** इसी तरह धावाडीह के ग्राम नौसंगा से आयी मुनि देवी ने उपायुक्त को बताया कि वो दैनिक मजदूरी पर सतबरवा प्रखंड कार्यालय में साफ-सफाई का कार्य करती आ रही है लेकिन अक्टूबर माह से अबतक प्रखंड कार्यालय की ओर से मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है इसपर उपायुक्त ने ऑन स्पॉट सतबरवा बीडीओ को कॉल कर भुगतान करने हेतु निर्देशित किया। **पाटन सीओ पर विभागीय कार्रवाई की चेतावनी :** इसी तरह पाटन से आये फुलचुन राम ने उपायुक्त को बताया कि कई बार पाटन अंचल कार्यालय के चक्कर लगाने के बावजूद उनका जमीन संबंधी काम नहीं किया जा रहा है इसपर उपायुक्त ने पाटन के अंचलाधिकारी को फोन कर उक्त फरियादी का कार्य करने एवं भविष्य में कार्यप्रणाली में सुधार लाने हेतु निर्देशित किया अन्यथा विभागीय कार्रवाई हेतु तैयार रहने की बात कही। इसी क्रम में हरिहरगंज से आए रिजवान आलम ने हरिहरगंज अंचल के कर्मचारी प्रगति प्रकाश पर म्युटेशन के बदले पैसे मांगे जाने की शिकायत की साथ ही कर्मचारी द्वारा पैसे लिये जाने का साक्ष्य भी उपलब्ध कराया जिसके बाद उपायुक्त ने उक्त कर्मचारी को सस्पेंड करने को लेकर संबंधितों को निर्देशित किया। इसी तरह गोपाल सिंह ने मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने को लेकर आवेदन दिया। वहीं छतरपुर से आये अब्दुल गनी अंसारी ने भी म्युटेशन से संबंधित आवेदन किया। उपरोक्त के अलावे आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास व म्यूटेशन से जुड़े आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर 15 दिनों के भीतर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## सजवन गांव के अग्नि पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद की जायेगी : विधायक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद,पलामू :** हैदरनगर प्रखंड अंतर्गत गत रविवार को संध्या में 11 हजार वोल्ट के बिजली तार से सजवन गांव के चार घर जल गए। परिवार बेघर हो गए। उन्हे हर संभव मदद दी जायेगी। साथ ही बिजली विभाग उन्हे उचित मुआवजा का भुगतान करे। उक्त बाते हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि रिहायसी इलाके के जर्जर विद्युत तार को बदलने और गाइड वायर लगाने का काम बिजली विभाग करे। जिससे आगे इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि सजवन गांव के चार घर बिजली विभाग की लापरवाही का नतीजा है। आज भी इस गांव ने बांस पर 440 वोल्ट के तार ले जाए गए हैं। इसे तत्काल ठीक करने का निर्देश उन्होंने सहायक अभियंता को दिया है। श्री सिंह ने कहा कि गरीब लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करने के अलावा विभाग के पास कोई काम नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि यही स्थिति रही तो विभाग के खिलाफ जनता उग्र आंदोलन करने को बाध्य हो जायेगी। श्री सिंह ने कहा कि प्रखंड और अंचल के द्वारा पीड़ित परिवारों को मदद पहुंचाने का निर्देश उन्होंने दिया है। पलामू के उपायुक्त से अग्नि पीड़ित परिवारों को आवास उपलब्ध कराने की मांग वह करेंगे। उन्होंने इस संबंध में बीडीओ को जिला में रिपोर्ट भेजने की बात कही है। उन्होंने कहा कि हैदरनगर एनसीपी की टीम पीड़ित परिवारों को मदद पहुंचाने का काम करेगी। उन्होंने विधायक प्रतिनिधि सज्जू खान, पंचायत समिति सदस्य मनीष मेहता और मुखिया कुसुम देवी के द्वारा अग्नि पीड़ित लोगों की सहायता की सराहना की है।

## भगवान का आश्रय लेने वाले को कोई माया परेशान नहीं करती : विष्णु विक्रमजी महाराज



**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केतात में मनोकामना सिद्ध पीठ पंचमुखी हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ स्थल पर श्रीमद भागवत कथा चल रहा है। कथा के सातवे दिन जगतगुरु बासुदेवाचार्य विद्याभाषकर स्वामी जी महाराज के कृपापात्र जगत गुरु विष्णु विक्रम महाराज हरिद्वार पीठाधीश्वर ने राजा परीक्षित के जन्म की कथा सुनाई। इसके अलाव उन्होंने कृष्ण व कुंती के बीच हुए संवाद की भी चर्चा की। उन्होंने कहा की जो भी मनुष्य भगवान के चरणों में आश्रय लेता है.उन्हें भगवान की कोई भी माया परेशान नहीं कर सकती है। महाराज जी ने कहा की श्रीमद भागवत गीता लोगो को इस मायावी दुनिया के सच्चाई से रूबरू कराती है। कथा में दिन प्रति दिन भक्तो की भीड़ बढ़ रही है। मौके पर वरीय भाजपा नेता शुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे, विजयकांत चौबे, सुरेश पांडेय, अरविंद चौबे, रविशंकर चौबे, संजय चौबे, राघवेंद्र चौबे, मनोज चौबे, हर्षवर्धन चौबे सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## विधायक पुष्पा ने की भाजपा नेताओं के साथ मिलन समारोह

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार व विधायक पुष्पा देवी ने जिला के भाजपा नेताओं के साथ किया मिलन समारोह का आयोजन किया। साथ ही रात्रि भोज में शामिल सभी को प्रशंसा पत्र व शॉल देकर किया सम्मानित किया गया। पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी जिला के भाजपा नेताओं का जमावड़ा मेदिनीनगर में लगा। यह आयोजन आपसी सहयोग व सामंजस्य को बढ़ावा देने और तालमेल को बेहतर बनाने के लिए किया गया था। रात्रि भोज में शामिल भाजपा नेताओं को पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार व विधायक पुष्पा देवी ने शॉल व प्रशंशा पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में श्यामनारायण दुबे, परशुराम ओझा, नरेंद्र कुमार पांडेय, अरविंद सिंह, विपिन बिहारी सिंह, शिवदीप सिंह, विनोद सिंह, उदय कुमार शुक्ला, श्याम बाबू, सुरेंद्र विश्वकर्मा, बबलू मिश्रा, कुश कुमार ओझा, अभिमन्यु तिवारी, प्रदीप सिन्हा, अजय तिवारी, इसरार खान, अरविंद गुप्ता, धर्मेंद्र उपाध्याय, मनोज दुबे, प्रेमानंद झा, दुर्गा जौहरी सहित कई लोग मौजूद थे।

## गोवंश संरक्षण संवर्धन का लें संकल्प : महापौर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर, पलामू :** नगर निगम क्षेत्र के बाईपास रोड स्थित श्री गौशाला परिसर में मंगलवार को गौ आलिंगन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर गोवंश को नया वस्त्र धारण कराकर उनकी पूजा-अर्चना की गई। साथ ही हरी घास व गुड़ आदि खिलाया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि सनातन काल से हम गाय की पूजा अर्चना करते आए हैं। गाय का दू संपूर्ण आहार है। इनके संरक्षण संवर्धन का संकल्प लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पलामू के लोकप्रिय राजा रहे मेदनी राय के जमाने में दूध दही की गंगा बहती थी। यह हमें याद दिलाता है कि उस जमाने में गौवंश का कितना आदर सत्कार व मान-सम्मान था। मेयर ने कहा कि अंग्रेजों ने सुनियोजित तरीके से हमें अपनी संस्कृति सभ्यता से भ्रमित किया। हमें पुरातन काल से चली आ रही अपने परंपरा व संस्कारों पर कायम रहना चाहिए। मेयर ने गौशाला को समृद्ध करने में हर संभव सहयोग की बात कही। मौके पर डॉ नारायण चंद्र अग्रवाल ने कहा कि 5 दशक पूर्व गौशाला समृद्ध हुआ करता था। बाद के दिनों में सरकार की अनदेखी के कारण उपेक्षित हो गया। इसके विकास के लिए सामूहिक सहयोग की आवश्यकता है। नवल तुलस्यान ने कहा कि पलामू की गौशाला समृद्धि की और अग्रसर है इसे स्वावलंबी बनाने में सबका सहयोग अपेक्षित है। मौके पर श्री गौशाला कमेटी के अध्यक्ष अनिल पांडेय ने कार्यक्रम आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कहा कि गाय को गले लगाओ कार्यक्रम का आयोजन होने से गौ माता के प्रति लोगों में आस्था व श्रद्धा का विकास होगा। कार्यक्रम का संचालन कमेटी के सदस्य अरविंद तिवारी व धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष नरेंद्र मेहता ने किया। मौके पर सचिव सत्येंद्र पांडेय में पुष्प गुच्छ देकर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम संचालन में राजीव रंजन तिवारी मनीष भिमानियाँ विकास तिवारी आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** डी.ए.वी प्रबंध कर्तृ समिति नई दिल्ली के प्रधान, आर्य रत्न, पद्मश्री डॉ पूनम सूरी एवं आर्यवीर डॉ जे.पी. शूर के आशीष की छत्रछाया एवं कुशल मार्गदर्शन में संचालित एम. के. डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर में सी.बी.एस.ई द्वारा आयोजित एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण सह अधि गोष्ठी संपन्न हुई। कार्यक्रम का प्रारंभ वेद मंत्रोचार के साथ दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों को तिलक लगाकर किया गया। यह अधिगोष्ठी एन. एस.ई. द्वारा आयोजित थी, जिसका विषय था फाइनेंशियल लिटरेसी एंड रिटायरमेंट प्लान। इसमें रिसोर्स पर्सन के रूप में देवाशीष बनर्जी उपस्थित थे, जिन्होंने अपनी धाराप्रवाह प्रस्तुति से विषय की गंभीरता को प्रशिक्षुओं के समक्ष सहज भाव में प्रकट किया। बनर्जी ने धन की उपयोगिता, जागृति कार्यक्रम में अनेक गंभीर पक्षों को रखते हुए निवेश के अवसरों, इक्विटी, म्यूचुअल फंड, नेशनल पेंशन स्कीम, अटल पेंशन की बारीकियों को प्रशिक्षुओ के समक्ष विस्तृत रूप में रखा, जिसे सब ने आत्मसात किया। उन्होंने आज की ज्वलंत समस्या मनी फ्रॉड की चर्चा, तरीकों एवं सावधानियों के चर्चा करते हुए जामताड़ा एवं इस पर बनी फिल्म की चर्चा की। उन्होंने प्रशिक्षुओं के संशयो का निवारण कर उन्हें संतुष्ट भी किया। गोष्ठी एम. के. डी.ए.वी के प्राचार्य डॉक्टर जी.एन.खान के निर्देशन में आयोजित थी।

## बीडीओ ने प्रखंड कर्मियों के साथ किया बैठक

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने मंगलवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में सभी पंचायत सचिवों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में बीडीओ ने सभी पंचायत सचिवों से पंचायत में चल रहे विकास कार्यो की समीक्षा किया। उन्होंने सभी पंचायत सचिवों को एक सप्ताह में कैश बुक व भंडार पंजी का संधारण करने तथा सभी अभिलेख पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में पंचायत सचिव बिरेन्द्र कुमार सिंह, नंदकुमार मेहता, ज्ञानचन्द केशरी, विकास कुमार, प्रशांत कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## उत्क्रमित उच्च विद्यालय के कक्षा 9 वीं की छात्राओं के लिये प्रैक्टिकल का किया गया आयोजन



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के पिपरडीह ग्राम स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय के कक्षा 9 वी की छात्राओं के लिये प्रेक्टिकल का आयोजन किया गया। गृह विज्ञान की शिक्षिका मैरून खातून ने छात्राओं को दो ग्रुपों में विभाजित कर उनका प्रेक्टिकल कराया। दोनों ग्रुपों की छात्राओं द्वारा स्वादिष्ट व्यंजन बनाया गया, जिसका अवलोकन विद्यालय के शिक्षकों व सीआरपी ने किया। गृह विज्ञान के इस प्रेक्टिकल में ग्रुप ए में निशा कुमारी, श्रेया कुमारी, राधिका कुमारी, खुशबू कुमारी, आरती कुमारी व ग्रुप बी में सुप्रिया कुमारी, छाया कुमारी, वर्षा कुमारी, आरती कुमारी, काजल कुमारी, निशु कुमारी व मंजली कुमारी शामिल थे। विद्यालय के शिक्षकों ने छात्राओं द्वारा बनाये गये स्वादिष्ट व्यंजन का लुत्फ उठाया। शिक्षकों ने छात्राओं द्वारा बनाये गये स्वादिष्ट व्यंजनों की सराहना किया। मौके पर सीआरपी संजय कुमार सिंह, प्रधानाध्यापक उदय कुमार, गोपी चंद्रवंशी, सीमा कुमारी, बिरेन्द्र कुमार यादव, अशोक ठाकुर, नागवन्त कुमार यादव सहित विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## सिद्धिनाथ नगर जपला में श्री 1008 शिव प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर निकाली गई भव्य जल यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** हुसैनाबाद : नगर पंचायत अंतर्गत सिद्धनाथ नगर जपला में श्री श्री 1008 शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को ले कर भव्य जल। यात्रा निकाली गई। यज्ञ कमिटी के संरक्षक व भाजपा नेता बिनोद कुमार सिंह कलश यात्रा में शामिल हुए, यह यज्ञ 14 फरवरी से 19 फरवरी तक चलेगा, यह यज्ञ आचार्य उपेन्द्र पंडित के देख रेख में सम्पन्न होगा। इस यज्ञ के मुख्य जजमान अनुज सिंह,विश्वनाथ सिंह, लोकेश सिंह, पंकज सिंह, ललन सिंह, भोला यादव है। इस यज्ञ में प्रवचन 15 फरवरी से 18 फरवरी तक संध्या 6 बजे से 9 बजे तक श्रीमद् जागद्गुरु रामानुजाचार्य सर्वेश्वराचार्य स्वामी जी महाराज के कर कमलों के द्वारा सम्पन्न होगा। यज्ञ का समापन 19 फरवरी को महाभंडारा के साथ रात्री में भक्ति जागरण के साथ होगा इस जल यात्रा में झारखंड प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशकार्यकारिणी सदस्य रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता भाजपा कार्यकारिणी सदस्य प्रभात कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह संजय सिंह दूधेश्वर सिंह सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

# एमके इंटरनेशनल स्कूल में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया वार्षिकोत्सव




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** नगर पंचायत क्षेत्र के जंगीपुर स्टेशन रोड स्थित एमके इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को विद्यालय का पहला वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। वार्षिक उत्सव में स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कायक्रमों से वहां मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी, विद्यालय के चेयरमैन डॉ अभिमन्यु सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात विद्यालय के चेयरमैन ने अतिथियों को बुके एवं मोमेंटो देकर शानदार तरीके से स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए एसडीओ आलोक कुमार ने कहा कि बच्चों को अच्छा नागरिक बनने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों का अहम योगदान होता है। शिक्षकों को बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा देनी चाहिए। उन्होंने एमके इंटरनेशनल स्कूल की प्रशंसा करते हुए कहा कि मुझको लगता है कि इन सब गुणों में यही स्कूल सबसे अव्वल दर्जे का है जिस तरह स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है बच्चों का मेहनत देखकर ऐसा लगता है कि शिक्षक और छात्र काफी मेहनत करते हैं और उन्होंने सभी का उत्साहवर्धन भी किया। उन्होंने छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया।एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के कौशल विकास के लिए इस तरह की सांस्कृतिक गतिविधियां समय-समय पर होते रहना चाहिए। छात्रों को अपने जीवन में ऊंचे लक्ष्य निर्धारित जरूर करना चाहिए और उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मेहनत अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रबंधक जहां विद्यालय की स्थापना कर विद्यालय को मूलभूत सुविधाओं से सूजन सुसज्जित करता है वही विद्यालय में पढ़ने आने वाले बच्चों को शिक्षक शिक्षा देकर गढ़ने का काम करता है। उन्होंने कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार इस जीवन को एक नया रूप देते हैं हमें समाज को शिक्षित एवं संस्कारित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि परिवारों के बढ़ने के साथ-साथ उनकी युवा पीढ़ी को संस्कारित एवं सकारात्मक मार्गदर्शन की आवश्यकता है। इस तरह के कार्यक्रमों से छात्रों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारने आसान होता है। इस अवसर पर एमके इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन डॉ अभिमन्यु सिंह ने कहा कि आप लोगों के सहयोग से ही विद्यालय का संचालन किया जा रहा है ।

## मुखिया ने किया बच्चों के बीच गर्म कपड़ों का वितरण



**रमना (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिलीदाग पंचायत की मुखिया अनीता देवी ने सिलीदाग के अठनवा टोला आंगनबाड़ी केंद्र के 45 बच्चों के बीच गर्म कपड़ा का वितरण मंगलवार को किया। मौके पर अनीता देवी ने कहा कि सरकार गरीब व अभावग्रस्त बच्चों के समग्र विकाश के प्रति लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र से जरुर जोड़े ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ जरुरतमंदों तक पहुंच सके। इस अवसर पर पंसस सुरजदेव पासवान, वार्ड सदस्य उदय मेहता, केंद्र संचालिका उषा देवी, सहायिका सीमा देवी, नकू पासवान, शंकर राम सहीत कई लोग मौजूद थे।

## रोटरी के 5 छात्रों ने जे.ई.ई. मेंस में सफलता प्राप्त किया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर, पलामू :** चैनपुर स्थित रोटरी स्कूल (आनन्द शंकर) के 5 विद्यार्थियों ने अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित प्रतिष्ठित प्रतियोगिता जे.ई.ई. मेंस में सफलता प्राप्त कर अपने परिवार एवं विद्यालय को गौरवान्वित किया है। इन 5 विद्यार्थियों में रुद्राक्ष त्रिपाठी (92.59), आर्यन कुमार (92.44), अक्षत चौबे (87.22), पल्लव कुमार (82.35) एवं अयान अफरीदी (60.96) परसेंटाइल के साथ सफलता प्राप्त कर पूरे विद्यालय परिवार का मान बढ़ाया है। विद्यालय के चेयरमैन रो. अनुग्रह नारायण शर्मा ने सभी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को बधाई दी तथा इन्होने कहा कि ऐसे प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता हासिल करना अपने आप में एक अनोखी पहचान है ढ्ढ प्रारंभ से ही रोटरी स्कूल का यह इतिहास रहा है कि यहाँ के विद्यार्थी समाज के प्रतिष्ठित पदों को सुशोभित करते आ रहे हैं। विद्यालय के प्राचार्य अश्लेश कुमार पाण्डेय ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी 5 छात्रों एवं उनके परिवार साथ ही साथ विद्यालय के सभी शिक्षकों को बधाई दी एवं उन्होंने बताया कि यह विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत एवं पूरी टीम भावना का परिणाम है ढ्ढ भविष्य में इनकी संख्या और अधिक होगी साथ ही साथ इन्होनें कहा कि विद्यालय के अनुशासन एवं स्वच्छ वातावरण के प्रभाव के कारण ही विद्यार्थी अपने मंजिल / लक्ष्य को हासिल कर रहे हैं ढ्ढ इन्होंने छात्रों की अगली परीक्षा जे.ई.ई. एडवांस हेतु शुभकामना देते हुए बधाई दी एवं पुरे टीम को धन्यवाद दिया। विद्यालय के कार्यपालक निदेशक रो. अवधेश कुमार तिवारी, रोटरी क्लब के अध्यक्ष रो. शरदेन्दु भूषण, सचिव रो. पवन कुमार लाठ, उप -प्राचार्य अभिषेक कुमार सिंह, समन्वयक स्मिता सिंह, रंजित शर्मा, गौरी शंकर मिश्र, उमाकांत मिश्र, निरंजन कुमार शुक्ल, एस.बी.पी. गुप्ता, सत्येन्द्र प्रसाद, शशि रंजन ठाकुर, सुमित कुमार, हर्शबाला, नम्रता पाण्डेय एवं शशांक शर्मा ने सभी को बधाई दी।

## खुटी सोत नदी में खुदवाया जा रहा मत्स्य विभाग का तालाब,

# सरकारी राशि का किया जा रहा बंदरबांट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नावा बाजार :** नवा बाजार में प्रखंड के सोहदाग खुर्द पंचायत में मत्स्य विभाग का तालाब खुटी सोत नदी में हीं खुदवाया जा रहा है। प्रकृति का सबसे अनुपम उपहार नदी जिसमें प्रतिदिन हजारों मवेशी पानी पीकर जलक्षुधा को शांत करते हैं। वही मानव के लिए उपहार स्वरूप प्रकृति की गोद में नदी होता है। जो आम आवाम के जीवन में पीने की पानी नहाने की व्यवस्था सिंचाई की व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधा नदी से प्राप्त होता है। लेकिन दुख की बात या है की यही नदी को कुछ असामाजिक तत्व अतिक्रमण कर अपना उल्लू सीधा करते हैं। जो सरकारी राशि का बंदरबांट करते हैं। ऐसा वाक्या पलामू जिला के नवा बाजार प्रखंड के सोहदाग खुर्द पंचायत में देखने को मिला।बताते चलें की खुंटीसोत नदि की भुमि को अतिक्रमण कर मत्स्य विभाग से तालाब का निर्माण कराया जा रहा है। यह नदी जो यहां का मुख्य जल स्त्रोत है उस में मछली पालन के लिए सरकार की राशि खर्च कर तालाब का निर्माण कराना कहां तक न्यायोचित है। आखिर मत्स्य विभाग के कोई कर्मचारी खुलकर क्यों नहीं बोलता सभी कर्मचारी चुप्पी क्यों साधे हुए हैं नावा बाजार अंचल अधिकारी राकेश कुमार श्रीवास्तव से जब संपर्क किया गया तो किसी भी प्रकार की सूचना से खुद को अलग रखा। आखिर कब तक लुका छुपी का खेल जारी रहेगा प्रकृति द्वारा प्रदत अनोखा उपहार नदी को भी अतिक्रमण किया जाना कहां तक शोभायमान है बहुत सारे सवालों का जवाब सोहदाग खुर्द पंचायत के लोग जानना चाहते हैं। न्याय की गुहार लिए पंचायत के ग्रामीण पलामू उपायुक्त के जनता दरबार में उपस्थित होकर न्याय की गुहार लगाएंगे अब एक उम्मीद मात्र वरीय पदाधिकारी से ग्रामीणों की बची है।

## पीडीएफ स्पष्टीकरण पखवाड़ा को 21 फरवरी तक बढ़ाया गया



**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवादाता):** पीडीएफ स्पष्टीकरण पकवाड़ा को 21 फरवरी तक के लिए बढ़ा दिया गया है। इसकी जानकारी विश्रामपुर बीडीओ सह प्रभारी एमओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने दी.उन्होंने कहा कि फरवरी तक जिन कार्डधारियों का आधार सेटिंग नहीं हो पाए, उनको राशन नहीं मिल पायेगा। इसके अलावा कार्ड से नाम भी डिलीट कर दिया जायेगा। इतना ही नहीं जिन डीलर के पास बिना आधार शीडिंग के कार्ड पाये जायेंगे उनके विरुद्ध भी करवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि इस पखवाड़ा में शत प्रतिशत आधार शीडिंग का लक्ष्य रखा गया है। जिसे हर हाल मे पूरा करना होगा।

## दो मोटर साईकल में टक्कर, दो घायल

**रमना (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र से होकर गुजरी एनएच 75 सड़क पर चट्टनिया चौपाल के समीप दो मोटर साईकिल के आमने सामने की टक्कर मे दोनों मोटर साईकिल के चालक घायल हो गए। घायलों मे शामिल रमना थाना क्षेत्र के टंडवा निवासी दिपक विश्वकर्मा तथा सपही निवासी शंभू उरांव शामिल है। घटना स्थल पर पहले से मौजूद स्थानिए लोगों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ केंद्र रमना मे भर्ती कराया। जहां चिकित्सक एसके रवि के द्वारा दोनों का इलाज किया गया।एसके रवि के मुताबिक दोनों खतरा से बाहरा है चोट लगी है जिसका इलाज किया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### आरयू में 23 को एकल और सामूहिक नृत्य

**रांची :** रांची विश्वविद्यालय (आरयू) के मोरहाबादी कैंपस स्थित दीक्षांत मंडप में 23 फरवरी को सरहुल की पूर्व संध्या पर समारोह का आयोजन किया गया है। इसमें एकल और सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। डॉ. हरि उरांव ने बताया कि इस अवसर पर संघ की ओर से प्रकाशित सरना फूल पत्रिका का लोकार्पण भी किया जाएगा।

### स्ट्रीटफूड वालों को अब लेना होगा लाइसेंस

**रांची :** रांची में रेहड़ीवालों को अब फूड लाइसेंस लेना होगा। खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के तहत रेहड़ीवालों को निबंधित होकर लाइसेंस लेना अनिवार्य कर दिया गया है। शहर के सदर अनुमंडल अधिकारी दीपक दुबे के निर्देश पर यह कार्रवाई की गयी है। इसकी वजह से अब सड़क किनारे चाय, पकौड़ी, भुंजा, गोलगप्पा-फुचका और किसी भी तरह का ठेला लगाने के लिए फूड लाइसेंस जरूरी होगा। समाहरणालय परिसर में 15 फरवरी को रेहड़ीवालों के लाइसेंस को लेकर कैंप लगाया जा रहा है। इसके लिए होटल, रेस्टोरेंट, पानी विक्रेता, थोक खाद्य विक्रेता, डिस्ट्रीब्यूटर, स्टॉकिस्ट, मैन्यूफैक्चर, खुदरा खाद्य कारोबारी, शराब विक्रेता, ठेला-खोमचा वाले, फल-सब्जी विक्रेता लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकते हैं। लाइसेंस नहीं लेने वालों को छह माह की जेल या पांच लाख रुपए तक जुमार्ना हो सकता है।खाद्य लाइसेंस लेने के लिए 100 रुपये से पांच हजार रुपये तक का लाइसेंस फीस देना होगा। सलाना 12 लाख रुपये से कम का कारोबार करनेवालों के लिए 100 रुपये का लाइसेंस फीस तय किया गया है। 12 लाख से अधिक का टर्नओवर होने पर दो हजार रुपए प्रतिवर्ष का शुल्क देना होगा। वहीं मैन्युफैक्चररर्स को 3 से 5 हजार रुपए प्रति वर्ष लाइसेंस फीस देना होगा।

# झारखंड के रेलवे स्टेशनों पर होगी फ्री वाई-फाई सहित अन्य सुविधाएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रेलवे ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कुछ रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प करने का फैसला किया है। इसके तहत रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल अंतर्गत झारखंड में कुमारधुबी, गिरिडीह, देवघर, मधुपुर, बासुकीनाथ, दुमका, शंकरपुर, जामताड़ा और विद्यासागर स्टेशनों की तस्वीर बदलने वाली है। परियोजना का उद्देश्य मल्टी मॉडल एकीकरण की परिकल्पना के लिए स्टेशनों पर सभी सुविधाओं को एक छत के नीचे लाना है। आसनसोल रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अमिताभ चटर्जी ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए निरंतरता के आधार पर स्टेशन के विकास को दर्शाती है। जैसे स्टेशनों तक पहुंचने के लिए सड़क व्यवस्था में सुधार, स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया, प्रतीक्षालय, शौचालय, लिफ्ट, एस्केलेटर, स्वच्छता, मुफ्त वाई-फाई सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। उन्होंने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना में कियोस्क, स्टेशन पर आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट' के तहत दुकानें, बेहतर यात्री सूचना प्रणाली, एग्जीक्यूटिव लाउंज, बैंक्वेट हॉल, लैंडस्केपिंग जैसी योजनाओं में सुधार किया जाएगा। साथ ही स्टेशन भवनों में सुधार, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं, स्टेशनों के दोनों ओर एकीकरण, टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल समाधान, गिट्टी रहित ट्रैक का प्रावधान, आवश्यकता के अनुसार रूफ प्लाजा भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जल्द ही योजना पर काम शुरू किया जाएगा।

# मोनू के शतक से सकरी सेमीफाइनल में, गंगा ने दामोदर को किया बाहर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मोनू के विस्फोटक शतक (47 गेंदों पर 105 रन) की बदौलत सकरी ने एक रोमांचक मुकाबले में मयूराक्षी को 11 रन से हराकर सेमीफाइनल में अपना स्थान सुरक्षित किया। मोनू ने अपनी पारी के दौरान 7 चौके और 8 गगनचुंबी छक्के लगाए। सकरी ने निर्धारित ओवर में 182 रन बनाए, जिसमे आसिफ ने 43 और अभिषेक ने 15 रन का योगदान किया। 183 रन के विजयी लक्ष्य का मयूराक्षी ने शानदार तरीके से पीछा किया लेकिन टीम 6 विकेट खोकर 171 रन ही बना पाई और मैच 11 रन से हार गई। इससे पहले बीएयू मैदान पर खेली जा रही मीडिया कप क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को श्रवण के नाबाद 97 रन की बदौलत गंगा ने दामोदर को 8 रन से हरा सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर कर दिया। गंगा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 171 रन का विशाल स्कोर बनाया। श्रवण ने सोहन के साथ 131 रन की नाबाद साझेदारी की, जिसमें सोहन का योगदान 23 रन का रहा। दामोदर ने मजबूती के साथ विजयी लक्ष्य का पीछा किया लेकिन टीम 6 विकेट खोकर 163 रन ही बना सकी। सुमित ने नाबाद 73 रन बनाए जबकि संदीप ने 27 और गौरव ने 20 रन बनाए। मनीष को दो विकेट मिले। लीग मैचों के आखिरी दिन बुधवार को प्रतियोगिता के तीन सेमीफाइनलिस्ट टीम तय होंगे।

# कांके रोड में चला अतिक्रमण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** नगर निगम के द्वारा कांके रोड चांदनी चौक के आसपास इंफोर्समेंट टीम के द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया । करीब 1 सौ से अधिक ऐसे दुकान जो फुटपाथ पर लगाए गए थे या जिसका सेड अतिक्रमण के क्षेत्र में था सब को हटा दिया गया ,तोड़ा गया है । कई दुकानदारों का सामान भी जप्त किया गया है। इंफोर्समेंट टीम के पदाधिकारियों ने बताया कि लगातार नगर निगम के द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है । जी 20 को लेकर शहर में साफ-सफाई एवं जाम मुक्त बनाने की कोशिश की जा रही है । लगातार इन लोगों को दिशा निर्देश दिया जा रहा है कि अतिक्रमण ना करें और अपने जमीन और अपने सीमित दायरे में ही दुकान एवं दुकान से जुड़े सामग्री एवं बोर्ड, डिस्प्ले वगैरह लगाएं , बावजूद इसके लोग नहीं मानते हैं और अतिक्रमण कर देते जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# वामदलों ने रामगढ़ उप चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार को दिया समर्थन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** वामदलों ने रामगढ़ उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार को समर्थन देने का ऐलान किया है। माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने मंगलवार को बताया कि माकपा, भाकपा, भाकपा (माले), फारवर्ड ब्लाक, आर एस पी. और मासस ने रामगढ़ उप चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार को समर्थन दिए जाने का फैसला किया है।

भाकपा माले
CPI ML

यह निर्णय मंगलवार को वामदलों की एक आनलाइन बैठक में लिया गया। उन्होंने बताया कि वामदल रामगढ़ के मतदाताओं से अपील करते हैं कि गोला के शहीदों के बलिदान को ब्यर्थ न जाने दें और झारखंड में नफरत की राजनीति के सौदागर भाजपा - आजसू गठबंधन के उम्मीदवार की हार सुनिश्चित करते हुए कांग्रेस के उम्मीदवार बजरंग महतो को विजयी बनाएं। ऑनलाइन बैठक में भाकपा के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, माले के राज्य सचिव मनोज भक्त, एफबी के अध्यक्ष मोफिज साहिल, मासस के राज्य सचिव हलधर महतो और आरएसपी के राज्य सचिव गणेश दीवान शामिल थे।

# पुलवामा के वीर शहीद जवानों का शहादत देश हमेशा याद रखेगा : आजसू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू ने रांची विवि वरीय उपाध्यक्ष राहुल तिवारी एवम मारवाड़ी महाविद्यालय अध्यक्ष विशाल यादव के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर 4 साल पहले आज ही के दिन 14 फरवरी 2019 को पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दिया। इस दौरान छात्र छात्राओं ने गांडीव उठा लो अर्जुन फिर से, समर महाभारत कर दो,लाहौर, कराची, रावलपिंडी सब भारत ही भारत कर दो के नारे भी लगाए। रांची विश्वविद्यालय वरीय उपाध्यक्ष राहुल तिवारी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में दो साल पहले 14 फरवरी 2019 को आतंकवादी हमला हुआ था, जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 40 जवान शहीद हो गए. पुलवामा हमले की दूसरी बरसी पर पूरा देश शहीद जवानों को याद कर रहा है. वहीं आजसू ने जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मनैतिक सिंह, अनमोल कुमार, सागर सिंह, दीपक कुमार, विशाल कुमार गुप्ता, दुर्गा उरांव, अंबर उरांव, ऋतिक रंजन, नवीन महतो, आशीष कुमार, अमन कुमार, गौरव यादव, साहिल कुमार, नेहा कुमार, आरजू प्रवीण, सिमरन कौर, के अलावा कई छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# 350 आउटरीच बच्चों के बीच स्टेशनरी वितरित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय रांची द्वारा इम्पावर हर के अंतर्गत कारपोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत संट जेवियर स्कूल डोरंडा द्वारा निःशुल्क पढ़ाए जाने वाले 350 आउटरीच बच्चों के बीच स्कूल बैग्स, स्टेशनरी और चॉकलेट्स वितरित किए गए। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने स्वागत कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुति दी । इस अवसर पर यूनियन बैंक के अंचल प्रमुख, राँची , ज्ञान रंजन सारंगी, क्षेत्र प्रमुख, राँची , सोनालिका, सहायक महा प्रबंधक दीपमाला लकड़ा, ने बच्चों को अपने हाथों से स्कूल बैग्स, स्टेशनरी आदि उपहार प्रदान किए। मौके पर यूनियन बैंक डोरंडा शाखा प्रमुख एश्लीन कौर, वरिष्ठ प्रबंधक रितेश्वर कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक खुशबू कुमारी तथा राजाभाषा अधिकारी शारदा साव उपस्थित थे। स्कूल प्रबंधन से प्रिंसिपल संट जेवियर इग्नासिस लकड़ा, वाइस प्रिंसिपल रवि भूषण , वाइस प्रिंसिपल फुलदेव सोरेंग, वाइस प्रिंसिपल रवि बागे तथा ट्रेसरर रवि हेमंत सहित पूरे स्कूल की टीम ने इस कार्यक्रम को मूर्त रूप दिया। संट जेवियर स्कूल के बच्चों ने इस कार्यक्रम में नृत्य, संगीत भाषण, संभाषण प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान यूनियन बैंक के कार्यपालकों ने बच्चों से बात-चीत की एवं उनके साथ अनुभव साझा किए। स्कूल की छात्रा सोनल कुमारी ने यूनियन बैंक का आभार व्यक्त करते हुए एक सुंदर धन्यवाद ज्ञापन भाषण प्रस्तुत किया ।

**इस अवसर पर यूनियन बैंक के अंचल प्रमुख, राँची , ज्ञान रंजन सारंगी, क्षेत्र प्रमुख, राँची , सोनालिका, सहायक महा प्रबंधक दीपमाला लकड़ा, ने बच्चों को अपने हाथों से स्कूल बैग्स, स्टेशनरी आदि उपहार प्रदान किए।**

# बैंक में नौकरी दिलवाने के नाम पर साइबर ठगों ने 1.60 लाख ठगे




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** साइबर ठगों ने सदर थाना क्षेत्र के रहने वाले विकास कुमार से 1.60 लाख रुपये की ठगी कर ली है। बदमाशों ने बैंक में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी की है। विकास ने मंगलवार को सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस को दिये आवेदन में विकास ने बताया कि उन्होंने नौकरी के लिए कई वेबसाइट पर आवेदन दिया था। एक सप्ताह पहले एक व्यक्ति ने उन्हें फोन कर कहा कि एक बैंक में वैकेंसी है। अगर आप चाहें तो आपको उसमें नौकरी मिल सकती हैं, उसके लिए आपको कुछ प्रोसेस से गुजरना होगा। विकास ने जब सहमति जताई तो ऑनलाइन ढाई हजार रुपये का भुगतान करवाकर ऑनलाइन ही उसका एक एग्जाम कंडक्ट किया गया। इसके बाद विकास के पास उसी व्यक्ति का फोन आया और उसने बताया गया कि उसकी नौकरी पक्की हो गई है। इसके लिए उन्हें कागजात वेरिफिकेशन सहित दूसरे कामों के लिए कुछ पैसे जमा करने होंगे। इसके बाद साइबर ठगों ने उसे झांसे में लेकर दस्तावेज के सत्यापन करने, पैनकार्ड और दूसरी अन्य चीजों की जांच करने के नाम पर राशि ली। इसके बाद साइबर ठगों ने आवास उपलब्ध कराने और ज्वाइनिंग लेटर देने के नाम पर 50-50 हजार रुपये लिए लेकिन उसे ज्वाइनिंग लेटर नहीं मिला। विकास कुमार ने जब बैंक की नौकरी के लिए बात करने वाले व्यक्ति को फोन करना चाहा तो उसका फोन भी बंद मिला। इसके बाद विकास को पता चला कि उसके साथ ठगी की गई है।

# दिव्यांग नेत्रहीन बच्चों के लिए पांच दिवसीय क्रिकेट खेल का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** दिव्यांग नेत्रहीन बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु क्रिकेट खेल का आयोजन केवी हाईस्कूल लारी के मैदान में संपन्न हुई। जहां पर रामगढ़ जिले के अलग-अलग प्रखंडों से दृष्टिबाधित एवं अल्प दृष्टि बाधित लड़कियों के द्वारा इस खेल में भाग लिया गया सभी ने पूरी उत्सुकता के साथ अपनी भागीदारी निभाते हुए खेल का आनंद लिया।मैदान में कुल 30 बच्चों ने ली सहभागिता वह सभी बच्चे बड़ी उत्साह के साथ इस खेल में अपना अपना जलवा दिखाया। बताते चलें कि यह पांच दिवसीय खेल एवं सेल्फ डिफेंस, और योग भी सिखाया गया ,आयोजक समर्थानम ट्रस्ट फॉर द डिसएबल के द्वारा किया गया ।

जमशेदपुर टीम के के सदस्य तन्मय भोमिक ,फनटुस मंडल इत्यादि विशेष शिक्षक पॉवेल कुमार राजेंद्र प्रसाद के द्वारा दिव्यांग बच्चों को खेल एक्सरसाइज एवं योगा से संबंधित फायदों को विस्तार पूर्वक बताया ।

### श्याम मित्र मंडल का फागुन उत्सव 28 से

**रांची :** श्री श्याम मित्र मंडल का 51वां स्थापना दिवस सह फागुन उत्सव हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में धूमधाम से मनाया जाएगा। यह उत्सव 28 फरवरी से चार मार्च तक चलेगा। इसको लेकर वृहद रूप से पिछले एक महीने से तैयारियां चल रही हैं। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी और महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि स्वर्ण जयंती वर्ष में आयोजित इस महोत्सव के लिए मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू को संयोजक मनोनीत किया गया है। साथ ही विभिन्न समितियों का गठन किया जा रहा है। इस क्रम में मंदिर स्थित कार्यालय में रोजाना महोत्सव संबंधित समीक्षा एवं तैयारियों के लिए बैठकें चल रही हैं।

# व्यापारियों के हित को ध्यान में रखते हुए बाजार शुल्क वापस ले राज्य सरकार: संजय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा कि राज्य सरकार व्यापारियों के हित को ध्यान में रखते हुए बाजार शुल्क वापस ले। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादन और पशुधन विपणन विधेयक 2022 के तहत राज्य सरकार की ओर से दो फीसदी शुल्क लगाने के निर्णय का विरोध करते हुए व्यापारियों के हित में इस कानून को वापस लेने की मांग की है। सेठ मंगलवार को सांसद कार्यालय में प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार ने व्यापारियों के सुविधा को ध्यान में रखते हुए कृषि शुल्क हटा दिया था।

इससे व्यापार में बढ़ोतरी हुई और कारोबार भी बढा लेकिन वर्तमान सरकार फिर से दो प्रतिशत बाजार शुल्क लगाने का निर्णय किया है। इससे किसानों खाद्यान्न कारोबारी के साथ साथ ट्रेडर्स और आम जनों को महंगाई की मार सहनी होगी। सांसद ने बजट सत्र के दौरान सदन में उठाए गए महत्वपूर्ण विषयों के बारे में भी जानकारी दी। सांसद ने कहा कि पहाड़ी मंदिर को राष्ट्रीय महत्व का स्थान घोषित करने, निफ्ट के स्वायत्तता और राष्ट्रीय पहचान दिलाने, आंगनबाड़ी केंद्र, सीएसआर फंड और गो-तस्करी रोकने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कानून बनाने का मामला उठाया। प्रेस कांफ्रेंस में महानगर के अध्यक्ष केके गुप्ता, सत्यनारायण सिंह, विनय जयसवाल, बलराम सिंह और धीरज महतो शामिल थे।

# रांची में रात दस बजे के बाद डीजे बजाने वालों पर हो रही कार्रवाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची में रात 10 बजे के बाद डीजे (साउंड बॉक्स) बजाने वालों के खिलाफ पुलिस की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। एसएसपी किशोर कौशल ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया है कि वह किसी भी हाल में रात 10 बजे के बाद किसी भी समारोह में डीजे (साउंड बॉक्स) ना बजने दें। मामले को लेकर कई थाना में कार्रवाई भी की गयी है। साथ ही डीजे के साउंड बॉक्स सहित कई सामान जब्त किए गए हैं। रात 10 बजे के बाद गाना बजाने के मामले में गोंदा थाने ने जिले में सबसे अधिक कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी भी दर्ज की है। इसके अलावा रात 10 बजे के बाद एसएसपी की क्यूआरटी टीम घूम-घूम कर डीजे बजाने वालों पर अंकुश लगा रही है। एसएसपी ने मंगलवार को बताया कि शहर में रात 10:00 बजे के बाद तेज साउंड में गाना बजाने और डीजे बजाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश सभी थाना प्रभारी को दिया गया है। इसके तहत लगातार कार्रवाई भी की जा रही है।



उल्लेखनीय है कि झारखंड हाई कोर्ट के सख्त आदेश दिया है कि रात 10 बजे के बाद अगर कहीं भी डीजे बजे तो उस पर कार्रवाई की जाए। इसके बाद रांची पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

**एसएसपी ने मंगलवार को बताया कि शहर में रात 10:00 बजे के बाद तेज साउंड में गाना बजाने और डीजे बजाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश सभी थाना प्रभारी को दिया गया है।**

# रांची में अफीम खेती को नष्ट करने के लिए ड्रोन की ली जायेगी मदद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के बुंडू, तमाड, सोनाहातु, राहे और दशम फॉल थाना क्षेत्रों किए गए अफीम की खेती को नष्ट करने के लिए पुलिस अब ड्रोन की मदद लेगी। इस संबंध में मंगलवार को ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि पुलिस जब अफीम खेती को नष्ट करने के लिए पहुंचती है तो ग्रामीण कुछ बोल नहीं पाते और वे पीछे हट जाते हैं। इसी कारण रांची पुलिस ने ड्रोन मंगाया है।

ड्रोन का रेंज तीन किलोमीटर है। उन्होंने बताया कि अब ड्रोन की मदद से जंगलों में भी किए गए अफीम की खेती का पता लगाकर पुलिस उसे नष्ट करने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि गत कुछ दिनों में ही बुंडू अनुमंडल क्षेत्र में पुलिस लगभग एक सौ एकड़ से भी ज्यादा जमीन में लगे अफीम की खेती को नष्ट कर चुकी है। इसका व्यापार करने वाले झारखंड या



झारखंड के बाहर के जो भी लोग हैं उन्हें चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## आजसू नेता राजेश राम का देहांत

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटीसिलवे डोल बगीचा निवासी आजसू नेता राजेश राम ( 40 वर्ष )का निधन मंगलवार को इलाज के दौरान हो गया। राजेश राम अविवाहित थे और कुछ दिनों से गंभीर बीमारी से ग्रसित थे। दो दिन पहले परिजनों नें गंभीर स्थिति को देखते हुए इलाज के लिए सेफोर्ड अस्पताल रांची में भर्ती किया था जहां मंगलवार को इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है वहीं आजसू पार्टी के नेताओं ने भी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने एक सच्चा सिपाही को खो दिया। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, जिला उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा मानव राम शंकर राम बिरेंद्र सिंह भोक्ता , रोशन मुंडा, आशाराम महतो, पंकज महतो, महावीर महतो, काशीनाथ महतो, फूलकुमारी देवी, किशुन महतो, प्रेम साहू, अनीता गाड़ी, बेबी यासमीन आदि शामिल हैं।

## विशेष ग्राम सभा का आयोजन

**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड दिनांक 14 जनवरी 2023 मंगलवार को ग्राम पंचायत बयासि अंतर्गत ग्राम सिंसई की आखाड़ा में पंचायती राज झारखंड सरकार सब की योजना सबका विकास वार



जी पी डी पी के तहत ग्राम प्रधान संतोष कुमार भगत की अध्यक्षता में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया गांव के विकास बुनियादी ढांचा के बारे में पंचायत के मुखिया भोला उरांव, ने बारीकी से बताया बैठक में मुख्य रूप से पंचायत समिति सदस्य रुपाश्री उरांव ग्राम रोजगार सेवक मोहम्मद यूसुफ प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक समाजसेवी एतवा उरांव, कमरुद्दीन अंसारी, सफीक अंसारी, निकेता देवी, अनिल कुमार पांडे, पंचू उरांव आदि उपस्थित हुए।

## पत्रकारों ने पुलवामा में हुए शहीद जवानों को याद किया

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):**रैयत विस्थापित प्रभावित कोयलांचल पत्रकार संघ की बैठक मंगलवार को डकरा में अशोक सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक के दौरान पुलवामा में हुए शहीद



अमर जवानों को याद किया गया. वही पत्रकारों ने शहीद जवान के याद में दो मिनट का मौन रखकर शहीद जवानों की तस्वीर पर पुष्प कर श्रद्धांजलि दी गई. बैठक में पत्रकारों की समस्याओं पर भी चर्चा किया गया. मौके पर पवन कुमार गुप्ता, रोहित यादव, विनित कुमार, धीरेन्द्र सिंह,संजय गुप्ता,रविन्द्र यादव,प्रवेश चौहान,नरेश चौराशिय, गोपी चौराशिय, माशूम रजा, याकूब अली,प्रकाश कुमार,आदर्श कुमार,रूपलाल महतो,सहित डकरा ,खलारी, मैक्लुस्कीगंज ,पिपरवार के दर्जनों पत्रकार शामिल थे.

## दौड़ेंगे हम, दौड़ेंगे आप, दौड़ेगा झारखंड और हलमाद वासियों : अमित महतो

**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को पूर्व विधायक अमित महतो सह झारखंड खटियाणी पार्टी के तत्वाधान में चौथे दिन हलमाद पंचायत में खतियान दौड़ लगाई गई। यह दौड़ जुमला से शुरू होकर हलमाद



पंचायत सचिवालय के पास 21 किलोमीटर दौड़ के साथ समाप्त हुआ। यहां सभा में जय-जय खतियान का नारा लगाया गया। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा की आज हमारे साथ बच्चे युवा और बुजुर्ग सभी मिलकर दौड़े हैं बच्चे अपने भविष्य को लेकर दौड़े हैं ,युवा खतियान आधारित पहचान और नौकरी के लिए दौड़े हैं ,बुजुर्ग इस आस में दौड़े हैं कि मेरे बच्चों की नौकरी मिलेगी। श्री महतो ने कहा कि झारखंड की माटी पर सबसे पहला अधिकार खतियान लोगों का है यहां मिट्टी झारखंड वासियों के विकास के लिए बना था और हम मुख्यमंत्री से आशा करते हैं कि खतियान आधारित हमारी पहचान और रोजगार सुनिश्चित किया जाए ।इस मौके पर खतियान पार्टी के सतीश कुमार महतो, रवि कुमार महतो, अजीत कुमार महतो, अंबुज रजक, नौशाद आदि समेत खतियान पार्टी के समर्थक मौजूद थे।

## रैयतों को जल्द नौकरी दे एनके सीसीएल प्रबंधन : इरफान खान

**खलारी :** बिहार कोलियरी कामगार यूनियन (सीटू) के एनके एरिया अध्यक्ष इरफान खान ने एनके एरिया महाप्रबंधक को पत्र देकर चूरी खदान के लिये 48.24 एकड़ जमीन सीसीएल 12 अक्टूबर 1985 से सीसीएल अधिग्रहण कर चुकी है. भूमि अधिग्रहण करने के बाद रैयत अब तक कुछ रैयत नौकरी का बाट कुछ जोह रहे है. एनके प्रबंधन द्वारा 37 वर्ष में मात्र पाँच नौकरी 2022 में दी गई है. बाकी रैयतों की नौकरी का प्रक्रिया में झूठा आश्वासन प्रबंधन के द्वारा दिया जा रहा है. यूनियन के द्वारा नौकरी की माँग को लेकर जीएम कार्यालय के समक्ष 10 मार्च 22 से 15 मार्च 22 तक धरना दिया गया था . एनके प्रबंधन ने जल्द नौकरी देने के आस्वासन के बाद धरना को समाप्त कर दिया था. प्रबंधन के कहे अनुसार बाकी बचे चूरी के रैयतों को जल्द से जल्द नौकरी दिया जाए, नहीं तो हमारी यूनियन आन्दोलन के लिये बाध्य होगी. जिसकी पूर्ण ज़िम्मेवारी एनके प्रबंधन की होगी.

## वक्त की पाबंदी योजनाओं को सफलता तक पहुंचाती है : बीडीओ

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंचायत में चल रही विकास योजनाओं को समय पर पूर्ण कर के ही गांवों के विकास की गाथा लिखी जा सकती है।आपके वक्त की पाबंदी योजनाओं को सफलता तक पहुंचाती है। उक्त बातें मंगलवार को प्रखंड सभागार में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार ने कही। बैठक के दौरान उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रखंड के 7 पंचायत के 15 गांवों को एसबीएम के सभी मापदंड के तहत स्टार वन एवं 5 गांवों को फाइव स्टार बनाने का लक्ष्य निर्धारित है। जिसके लिए गांव में सार्वजनिक शौचालय, सभी चापानल एवं कूपों के पास सोक पीट का निर्माण, अगर पानी सड़कों में बहता हो तो नाली का निर्माण, और दो या तीन घरों के बीच एक नाडेप पीट का निर्माण कर गांव की स्वच्छता को बेहतर बनाना है। इस के लिए इटा, दिघिया, टेरो, मुरतो, तुतलो, बेड़ो और घाघरा पंचायतों के 15 गांवों को पूर्ण रूप से स्वच्छ बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा प्रखंड में चल रहे विकास योजनाओं की विभाग वार समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में उन्होंने निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री आवास योजना को अति शीघ्र पूर्ण किया जाए इसके लिए हर आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही। पंचायतों में पर्यवेक्षक के नेतृत्व में योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रखंड में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों को एक सप्ताह में पूर्ण करने का निर्देश दिया।

# सुरक्षा नियमों की अनदेखी कर खदान में किया जा रहा है काम : मनोज रजक

### सीसीएल सीकेएस ने डकरा खदान का निरीक्षण किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के क्षेत्रिय सुरक्षा सलाहकार सदस्य हरेन्द्र राम के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने डकरा खदान का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के बाद संघ के मंत्री सह जेसीसी सदस्य मनोज कुमार रजक ने कहा कि डकरा खदान में काम करने वाले कामगार जान जोखिम में डालकर कार्य कर रहे हैं. हाईवाल काफी खतरनाक बना हुआ है. सौ टन क्षमता हॉलपेक डम्फर चलाने वाले चालक के पास लाइसेंस तक नहीं है. उत्खनन में लगे मशीनें मेंटेनेस के अभाव में जर्जर होती जा रही, माइन्स



जाने वाले लाइट की सुविधा नहीं है. पिट ऑफिस और वर्क शॉप की स्थिति दयनीय है. उन्होंने कहा कि जिस तरीके से खदान में सुरक्षा की अनदेखी कर कामकाज हो रहा है उसे कभी भी बड़ी दुर्घटना घटने की संभावना है. असंगठित मजदूर के पास ना ही आई कार्ड और ना ही पीएमई व भीटीसी ट्रेनिंग सर्टिफिकेट है. इस तरह की घोर अनियमितता प्रबंधन की लापरवाही को दर्शाता है. निरीक्षण के दौरान यूनियन के क्षेत्रिय अध्यक्ष मनीष कुमार,क्षेत्रिय सचिव अमरभुषण सिंह,केडीएच शाखा अध्यक्ष प्रमोद पाठक, सचिव मिथिलेश कुमार सिंह एवं सुखराम सेठ सहित परियोजना के मैनेजर लोकनाथ राणा, सुरक्षा अधिकारी प्रितिक दास मौजूद थे.

## बीसीकेयू का बैठक कर मजदूरों के हित में किया गया चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** बिहार कोलयरी कामगार यूनियम (सीटू) की बैठक मोहन नगर में किया गया. बैठक की अध्यक्षता बीसीकेयू एरिया सचिव दिनेश भर ने किया. बैठक में असंगठित माजदूरों का बोनस,सिएमपीएफ, सहित अन्य मुद्दों पर विशेष चर्चा किया गया. वही इस दौरान एनके एरिया के जानेमाने नेता मिथलेश पासवान उर्फ गुरु जी ने मोटर ट्रांसपोर्टर कामगार यूनियन संगठन सदस्य में शामिल हुये. इस दौरान मोटर ट्रांसपोर्ट कामगार युनियन के केंद्रीय सचिव जंगबहादु राम व बी सी के यु के



एरिया सचिव दिनेश भर, व तमाम साथियो ने मिथालेश गुरु जी को माला पहना कर स्वागत किये. मौके पर अरुण सिंह, कृष्णा शर्मा, सलीम अंसारी, संतोष मुंडा, राम चन्द्र शर्मा, रघुराइ, संतोष सिंह, वीरेंदर तुरी, इम्रोज़ अंसारी, मनोज रजक सुरेश सिंह, अनिल टोपो, नरेश तुरी, प्रमोद गिरी, भूषड् लहरा सहित अन्य सामिल थे.

## राजधर साइडिंग में भूमि अधिग्रहण वर्षो पहले, नौकरी व मुआवजा की आस अब तक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** मैक्लुस्कीगंज नावाडीह मोनाटोला में रैयत विस्थापित मोर्चा का बैठक शिवनारायण लोहरा की अध्यक्षता में किया गया. संचालन कुलदीप साहू ने किया. बैठक में मुख्य रूप से मैक्लुस्कीगंज टू राजधर साइडिंग पिपरवार रेलवे लाइन निर्माण के लिए सीसीएल पिपरवार प्रबंधन द्वारा अधिगृहित भूमि के बदले नौकरी व उचित मुआवजा सहित अन्य मांगों को लेकर विचार विमर्श किया गया. बैठक में बताया गया कि लगभग 30 वर्ष पहले नावाडीह, हेसालौंग, गंझूटोला, मायापुर, महुलिया आदि जगहों से रैयतों की भूमि को पिपरवार प्रबंधन द्वारा रेलवे लाइन निर्माण के



लिए अधिगृहित किया गया था. जिसमें कुछ लोगों को नौकरी तो मिली वहीं बड़ी संख्या में रैयत आज भी नौकरी व उचित मुआवजा से वंचित है. उधर पिछले वर्ष हेसालौंग गांव के एक बैनर तले हुए आंदोलन के पश्चात हुई त्रिपक्षीय वार्ता व मिली आवश्वासन के 13 माह बीतने के बाद भी किसी तरह का सार्थक निष्कर्ष नहीं निकलने और प्रबंधन व अंचल प्रशासन के छलिया रवैये की घोर निंदा किया. बैठक में 15 दिनों के अंदर प्रबंधन व अंचल प्रसाशन द्वारा इस किसी तरह का पहल नहीं किया गया तो बाध्य होकर मोर्चा आंदोलन करेगी. बैठक में उक्त परियोजना से सम्बंधित तीन लोग हेमलाल गंझू, सुकरा गंझू, कुलदीप साहू सहित नावाडीह के भरत महतो, गणेश मुंडा, मिथुन गंझू अन्य मौजूद थे.

## झारखंड के कुछ गावों में आज भी मूलभूत सुविधाएं नही : अमरदीप कौशल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** आजादी के बाद भी झारखंड के कुछ गांव और कस्बे ऐसे हैं जहां पर आज भी मूलभूत सुविधाएं रोड, बिजली, पानी उपलब्ध नहीं है. ऐसे गांव और कस्बों के लोगों का आवाज बन कर ह्यूमन एंड हेरिटेज केयर फाउंडेशन के अध्यक्ष अमरदीप कौशल ने सोशल मीडिया के माध्यम से कई बार सरकार तक गरीब गुरबा लोगों की आवाज को पहुंचाया है. अमरदीप कौशल ने माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी को पत्राचार द्वारा अवगत कराया है, कि डमारु टोला हजारीबाग जिले के केरेडारी ब्लॉक में पहाड़ियों के ऊपर



स्थित है वहां करीबन 100 घरे हैं उस गांव में मूलभूत सुविधाओं की कमी आज भी है। रोजमर्रा की कार्य हेतु पहाड़ से 6 किलोमीटर नीचे बचरा बस्ती जो कि चतरा जिला अंतर्गत टंडवा प्रखंड का हिस्सा है वहां तक लोगों को नंगे पैर चलकर आना पड़ता है. ह्यूमन एंड हेरिटेज केयर फाउंडेशन के अध्यक्ष ने माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी को पत्र लिखते हुए गुहार लगाया है की 6 किलोमीटर लंबी सड़क जिसमें 3 पुल पुलिया है उसको जल्द से जल्द बनवाया जाए ताकि यहां के रह रहे ग्रामीणों को भविष्य में कोई तकलीफ ना हो.


## कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार

जिला– लातेहार

कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या – 10/2022–23

### अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, लातेहार क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में अधिष्ठापित किये गये Hight Mast Light & Street Light की मरम्मति संबंधित स्थल पर करते हुए संचालित किया जाना है। इच्छुक फर्म/संवेदक से मुहरबंद कोटेशन दिनांक 21.02.2023 को अपराहन् 3.00 बजे तक सभी दर सहीत आमंत्रित किये जाते है, जो नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में पैन कार्ड, अध्यतन आयकर एकनॉलेजमेन्ट, Gst से संबंधित सभी कागजात के साथ जमा किया जा सकता है। उक्त मुहरबन्द कोटेशन को दिनांक 21.02.2023 को अपराहन् 4.00 बजे नगर पंचायत, लातेहार के निविदा समिति (Procurement Committeee) द्वारा खोला जायेगा। उपरोक्त किये जाने वाले कार्यों की जानकारी नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय से कार्य दिवस में दिनांक 20.02.2023 तक प्राप्त किया जा सकता है। नगर पंचायत, लातेहार क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में अधिशठापित किये गये Hight Mast Light & Street Light की मरम्मति किये जाने वाले सामग्रियों का विवरण निम्नवत है:–

| Sl. No. | Discription | Unit |
|---|---|---|
| 01 | **Repairing works of LED street lights single phase input 230 – 240 V, 50 Hz to 60 Hz frequency, power factor less then 0.9, flux per watt 110 to 125 lumens. (Panel -HPTLS/EN/PCB/038-1, Driver - PI-13-D-356A) with including concave lens fitting on emiting diodes.** | |
| | (i) Bajaj LED light 70 watt | Per Each |
| | (ii) HPL LED light 150 watt | Per Each |
| | (iii) C&S LED light 150 watt | Per Each |
| | (iv) Eversine LED light 75 watt | Per Each |
| 02 | **Reparing work of LED outdoor flood light, water proof and weather proof single phase 230-240 V, 50 to 60 Hz frequency, power factor less then 0.9 and flux per watt 110 to 125 lumens. (Pannel -LS-D0051, ST-200 V, 275 x 115 mm -5730-10C10 B x 4-200 watt) with light reflactors .** | |
| | (i) Out door flood lights 200 watt | Per Each |
| | (ii) Out door flood lights 150 watt | Per Each |

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 290226 Urban Development(22-23)D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–43, वर्ष 2022–23

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी, ।
2. निविदा विपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक–24.02.2023 को 11.00 बजे पूर्वाहन् से 3.00 बजे अपराहन् तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक–25.02.2023 के 11.00 बजे पूर्वाहन् से 3.00 बजे अपराहन् तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–25.02.2023 के 3.30 बजे अपराहन्।
5. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी, पोस्ट ऑफिस के बगल में।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी निम्नवत् है :–

| कल्याण मद | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ग्रुप सं0 | आवासीय विद्यालय का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
| 1 | अनुसूचित ज नजाति आवासीय मध्य विद्यालय, डोम्बारी | छात्रावास (पुराना) का जीर्णोद्धार कार्य/प्लास्टर, Brick Work, MS Sheet Door, दरवाजा, MS Grill, Vitrified Floor, Washroom Tiles, Kota Flooring, रंग रोगन, Roof Treatment (Water) इत्यादि। | 44,49,100/– | 89,000/– | 5000/– | 02 माह। |
| 2 | अनुसूचित जनजाति आवासीय मध्य विद्यालय, डोम्बारी | छात्रावास (नया) का जीर्णोद्धार कार्य/ स्वच्छताधिष्ठापन का कार्य, विद्युतीकरण इत्यादि का कार्य। | 26,00,500/– | 52,100/– | 5000/– | 02 माह। |
| 3 | अनुसूचित जनजाति बालक आवासीय विद्यालय उलिहातु | विद्यालय भवन का जीर्णोद्धार कार्य/ प्लास्टर, Brick Work, Steel Door Frame, दरवाजा, Aluminum खिड़की, Vitrified rectified Floor Tiles, Kota Stones, Flooring, रंग रोगन, Water Proof Roof Treatment, स्वच्छताधिष्ठापन कार्य, विद्युतीकरण इत्यादि का कार्य। | 50,00,000/– | 1,00,000/– | 5000/– | 02 माह। |
| 4 | अनुसूचित जनजाति बालक आवासीय विद्यालय उलिहातु | छात्रावास का जीर्णोद्धार कार्य/प्लास्टर कार्यए छज्जा, Door MS Grill, Vitrified, Rectified Floor Tiles, Kota Stone Flooring, Water Proof Cement Plaster, रंग रोगन, दरवाजा, Aluminum खिड़की, स्वच्छताधिष्ठापन, विद्युतीकरण का कार्य। | 50,00,000/– | 1,00,000/– | 5000/– | 02 माह। |
| 5 | अनुसूचित जनजाति बालक आवासीय विद्यालय तपकरा | छात्रावास (पुराना) का जीर्णोद्धार कार्य/ प्लास्टर, Door, Vitrified, Rectified, Kota Flooring Water Proof Cement प्लास्टर, रंग रोगन, स्वच्छताधिष्ठापन, विद्युतीकरण इत्यादि का कार्य। | 25,44,200/– | 50,100/– | 5000/– | 02 माह। |
| 6 | आदिवासी बालक कल्याण छात्रावास बिरसा कॉलेज, खूँटी | (भाग–1) एवं (भाग–2) का जीर्णोद्धार/प्लास्टर, PS Flooring, Water Proof Treatment, Brick Work, Vitrified, Marble, Flooring GCI Gate, Putty, रंग रोगन, Drain, विद्युतीकरण इत्यादि का कार्य। | 42,37,500/– | 84,800/– | 5000/– | 02 माह। |
| 7 | आदिवासी बालिका कल्याण छात्रावास बिरसा कॉलेज, खूँटी | जीर्णोद्धार/ प्लास्टर, PS Flooring, Water Proof Treatment, Brick Work, Vitrified, Marble, Flooring GCI Gate, Putty, रंग रोगन, Drain, विद्युतीकरण इत्यादि का कार्य। | 50,00,000/– | 1,00,000/– | 5000/– | 02 माह। |

विस्तृत जानकारी के लिए निविदा की शर्त कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी ।

PR.NO.290229 Rural Development(22-23):D



## जिला अभियन्ता, जिला परिषद, लोहरदगा

(अभियंत्रण कोषांग)

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 41/2022–23

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियन्ता, जिला परिषद, लोहरदगा
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : दिनांक 23.02.2023 को 01.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 24.02.2023 को 04.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 24.02.2023 को 04.30 बजे अपराह्न में
5. परिमाण विपत्र बिक्री की स्थान : जिला अभियन्ता का कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा।
6. निविदा प्राप्त करने / खोलने का स्थान : जिला अभियन्ता का कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा।
7. योजना मद : SCA मद
8. कार्य का विवरण

| क्र0/ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कुडू | तेल उत्पादन केन्द्र हेतु चयनित अव्यवहृत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय भवन कौआखाप के सामान्य मरम्मति एवं रंग रोगन कार्य | 546200.00 | 1250.00 | 11000.00 | 02 (दो) माह |

योजनाओं की विस्तृत विवरणी, निविदा की शर्त्ते जिला परिषद, लोहरदगा के सूचनापट्ट पर देखी जा सकती है।

2. जिला परिषद लोहरदगा में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे। संवेदको को UCAN में निबंधन अनिवार्य होगा।

3. परिमान विपत्र हेतु बैंक ड्रॉफ्ट **DDC-Cum-CEO, Zila Parishad, Lohardaga** के पदनाम से देय होगा, जो बैंक ऑफ इण्डिया के कोर्ट एरिया लोहरदगा शाखा (बैंक कोड–4968) में भुगतेय होगा।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद, लोहरदगा।

PR 290325 Lohardaga(22-23)D



## अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, राँची

लाईन टैंक रोड, लकड़ा गोदाम, राँची–834001

E-Mail Id-sercdranchi-jhr@nic.in दूरभाष – 0651-2213738

### आवश्यक सूचना

वाद संख्या WP(L) 3919/2008 अधीक्षण अभियंता(यॉत्रिक), पथ निर्माण विभाग, राँची एवं अन्य बनाम संजय कुमार एवं अन्य मामले में निम्न वादियों को सूचित किया जाता कि माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय, राँची के पारित न्यायादेश के आलोक में औधोगिक विवाद अधिनियम की धारा–17B के तहत माह दिसम्बर, 2022 से फरवरी, 2023 तक के अद्यतन भुगतान के क्रम में सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्थान में अनियोजन (Non Employment) संबंधी शपथ पत्र उपलब्ध कराना वांछित है ।

1) श्री अरूण कुमार
2) श्री अषोक कुमार चौधरी
3) श्री शषि रंजन कुमार
4) श्री मुन्नु चौधरी
5) श्री विनोद कुमार
6) श्री परषुराम कुमार
7) श्री पारसनाथ प्र० सिंह
8) श्री कृष्णा प्रसाद
9) श्री विनोद कुमार सिंह
10) श्री जितेन्द्र प्रसाद
11) श्री केषव प्रसाद
12) श्री धर्म प्रकाष सिंह
13) श्री रंजीत कुमार
14) श्री नवनीत कुमार
15) श्री ब्रजेष कुमार सिंह
16) श्री सुदिन कुमार
17) श्री अनिल कुमार
18) श्री उपेन्द्र कुमार सिंह
19) श्री हिमांषु शेखर कुमार
20) श्री उदय प्रताप
21) श्री विजय कुमार
22) श्री सुधीर प्रसाद
23) श्री राजु कुमार
24) श्री संजीव कुमार
25) श्री विरेन्द्र कुमार
26) श्री धर्मराज प्रसाद
27) श्री अरूण प्रसाद
28) श्री संजय कुमार
29) श्री अषोक कुमार
30) श्री जितेन्द्र कुमार
31) श्री राजीव कुमार
32) श्री संजय कुमार
33) श्री अरूण कुमार
34) श्री ललन कुमार सिंह
35) श्री प्रवीण कुमार
36) श्री प्रमोद कुमार सिंह
37) श्री धनंजय कुमार
38) श्री परमानन्द चौधरी

अतः सूचना प्रकाशित होने के उपरांत यथाशीघ्र वांछित कागजात उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय, ताकि भुगतान की कार्रवाई शीध्रता से की जा सके ।

ह0/–
अधीक्षण अभियंता,
पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल राँची।

PR 290262 Road(22-23)D



## झारखंड सरकार
## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
## (सहकारिता प्रभाग)
## झारखण्ड राज्य लघुवनोपज सहकारी विकास एवं विपणन संघ लिट् (झाम्फकोफेड)
## (झारखंड सरकार का उपक्रम)

चतुर्थ तल, पशुपालन–सहकारिता भवन, हटिया, राँची– 834003, झारखंड

E.mail I.D.:- mdjhamfcofed@gmail.com Ph No :0651-3510563/7004790869

Web Site: - www.jhamfcofed.com

### e-Auction के तहत लघुवनोपज की बिक्री हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति का आमंत्रण

**झारखण्ड राज्य लघुवनोपज सहकारी विकास एवं विपणन संघ लि॰ (झाम्फकोफेड)** एक राज्य स्तरीय शीर्ष सहकारी संघ है। वर्ष 2022 में जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित "Mechanism for Marketing of Minor Forest Produce (MFP) through Minimum Support Price (MSP) and Development of Value Chain for MFP" योजना अंतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर आहरित तथा रामराज शीतगृह राँची में भण्डारित **5000** Quintal (Aprox) बीज सहित इमली (Seeded Tamarind- Harvesting Season 2022) एवं 60 Quintal बीज रहित इमली (Deseeded tamarind- Harvesting Season 2022) की बिक्री NCDEX e-Markets Ltd., BSE e-Agriculture Markets Ltd. तथा Railtel Corporation of India Ltd. के क्रमशः Online Platform www.neml.in, www.bsebeam.com, https://jhamfcofed.enivida.com पर e-Auction (e-निविदा) के माध्यम से दिनांक 03.03.2023 को निष्पादित किया जाना है। e-Auction में भाग लेने हेतु इस व्यवसाय से जुड़े उद्यमियों, व्यापारियों, फर्म आदि का निःशुल्क Registration दिनांक 15.02.2023 से दिनांक 01.03.2023 के अपराह्न 5 बजे तक उपरोक्त e-Auction platform पर किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए www.neml.in, www.bsebeam.com, https://jhamfcofed.enivida.com अथवा **झाम्फकोफेड कार्यालय (दूरभाष :– 06513510563/8825331461)** से सम्पर्क किया जा सकता है। बिना कारण e-निविदा रद्द करने/संशोधित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

ह0/–
प्रबंध निदेशक
झाम्फकोफेड

PR 290323 Co-opretive(22-23).D

## सीएच एरिया में प्ले स्कूल, 'स्टेप बाय स्टेप' का उद्घाटन



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के बच्चों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए, एक नए प्ले स्कूल, स्टेप बाय स्टेप का उद्घाटन 2-ए, रोड नंबर 8, सर्किट हाउस एरिया (ईस्ट) में मंगलवार को किया गया। प्रसिद्ध शिक्षाविद रुबीना बोधनवाला ने मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल का उद्घाटन किया। स्कूल की संस्थापक डॉली उपाध्याय ने कहा, हमें पूरी उम्मीद है कि शहर के छोटे बच्चों के लिए यह प्ले स्कूल सबसे रोमांचक और आनंददायक तरीके से खेल, मस्ती करने और सीखने का सबसे अच्छा मंच देगा। उन्होंने कहा कि स्कूल का एंट्री पॉइंट 1.2 वर्ष है। शिक्षकों की एक समर्पित टीम छात्रों की देखभाल करेगी और उन्हें सकारात्मक वाइब्स के बीच बढ़ने में मदद करेगी। सभा को संबोधित करते हुए श्रीमती बोधनवाला ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में स्कूल बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा, यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम उन्हें उचित परवरिश और अच्छे नैतिक मूल्य दें।

## रोटरैक्ट क्लब ने 250 लोगों को भोजन कराकर मनाया 'वैलेंटाइन डे'

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वैलेंटाइन डे के अवसर पर आज करीम सिटी कॉलेज के रोटरैक्ट क्लब ने देवनगर बस्ती में अपने अंतर्राष्ट्रीय प्रोजेक्ट रोटी डे का आयोजन किया। इस अवसर पर बस्ती के करीब 250 लोगों को दोपहर का भोजन कराकर सेवा की भावना प्रकट किया गया।



इस कार्यकम में कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. मोहम्मद रियाज, रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर के अध्यक्ष रोटेरियन निभा मिश्रा, रोटेरियन प्रीति और रोटेरियन आलोका नंदा ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई गई। कार्यक्रम करीम सिटी कॉलेज के रोटरैक्ट क्लब के मॉडरेटर डॉ अहमद बद्र के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से करीम सिटी कॉलेज के रोटरैक्ट क्लब और स्टील सिटी के रोटरेक्ट क्लब के सदस्यों का अहम भूमिका रही।

## साकची से जुगसलाई तक निकलेगी भव्य निशान शोभा यात्रा तीन मार्च को

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था श्री श्याम रात्रि निशान यात्रा समिति जुगसलाई जमशेदपुर द्वारा हर साल की तरह इस साल भी फाल्गुन माह में तीन मार्च शुक्रवार को बाबा श्याम की भव्य निशान शोभा यात्रा निकाली जायेगी। साकची बाजार शिव मंदिर से संध्या 07.30 बजे शोभा यात्रा निकलेगी, जिसमें 2500 से अधिक श्रद्धालु हाथों में श्री श्याम बाबा का निशान लेकर चलेंगें। जुगसलाई सात मंदिर पहुँचकर बाबा श्याम को निशान चढ़ायेंगे। इसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस संबंध में समिति की एक बैठक जुगसलाई शिव घाट रोड़ स्थित श्री श्याम पटट खंडेलवाल भवन में कार्यक्रम संयोजक विमल अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रमुख रूप से पुनम अग्रवाल, ममता अग्रवाल, सुनीता कसेरा, मधु अग्रवाल, मीरा अग्रवाल, अनिल खंडेलवाल, नीतेश अग्रवाल, गौरव खंडेलवाल, रितेश पारिक, अरविंद मोदी, संदीप बरवालिया, अमित अग्रवाल, संदीप अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## इलाज के अभाव में बिस्तर में पड़े युवक को स्वपन महतो ने अस्पताल में कराया भर्ती

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ाम थाना क्षेत्र की बोंटा पंचायत के चिमटी गांव निवासी बीमार युवक बाबू पहाड़िया को पूर्व जिला पार्षद स्वपन कुमार महतो ने मंगलवार को एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया। वह पिछले 6 माह पूर्व एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे और इलाज के अभाव में बिस्तर पर पड़े हुए थे। इस संबंध में स्वपन कुमार महतो ने बताया कि पिछले दिनों क्षेत्र भ्रमण के क्रम में पता चला कि आदिम जनजाति समुदाय से आने वाले बाबू पहाड़िया पैसे व जागरूकता के अभाव में बीमार है। उन्होंने परिवार के सदस्यों को भरोसा दिलाया था कि उन्हें इलाज करवायेंगे। मंगलवार को एमजीएम अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया और अस्पताल के अधीक्षक से बात की। एक्सरे आदि कराने पर चिकित्सकों ने पैर का ऑपरेशन करने की बात कही।



## बाइक रिपेयरिंग गैरेज व बिजली रिपेयरिंग स्टोर में लगी आग

**आदित्यपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज आरआईटी थाना अंतर्गत रोड नंबर 4 के समीप मनोज के बाइक रिपेयरिंग गैरेज एवं राजकुमार के बिजली रिपेयरिंग स्टोर में आग लग गई। बगल के फास्ट फूड दुकान को भी आग से आंशिक क्षति पहुंची है। वही सही समय पर दमकल ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग से सबसे ज्यादा नुकसान मनोज नामक व्यक्ति के बाइक रिपेयरिंग गैरेज को हुई है, गैरेज में पहले से रखा हुआ तीन वाहन और एक जनरेटर जलकर पूरी तरह से राख हो गया। साथ ही राजकुमार के बिजली रिपेयरिंग दुकान सहित रिपेयरिंग के लिए आए सभी इलेक्ट्रिकल सामान भी पूरी तरह से जलकर राख हो गया। मौके पर नगर निगम के मेयर विनोद कुमार श्रीवास्तव, आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह, समाजसेवी विजय शंकर मिश्रा, राजीव रंजन सिंह उर्फ राजू ,बल्ली यादव, पूर्व पार्षद सुधीर चौधरी, सुरेश धारी, विनोद उपाध्याय उपस्थित थेद्य आदित्यपुर विकास समिति ने पुरेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में गैरेज दुकानदार मनोज को रु10000 का आर्थिक सहयोग किया।



## जेपी स्कूल में मातृ-पितृ दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जे पी स्कूल, मानगो परिसर में आज मातृ पितृ दिवस का आयोजन जयप्रकाश स्कूल ट्रस्ट के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अभिभावक दशरथ चौबे ,विजय तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम मे छात्र छात्राओं के 251 माता पिता उपस्थित हुए जिन्हें बच्चों ने अपने माता पिता का पूजन किया और आशिर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर अतिथियों ने संबोधित करते हुए कहा कि,अपनी संस्कार संस्कृति को बनाए रखने के लिए इस तरह का कार्यक्रम एक अच्छी पहल है। अर्जुन शर्मा जी ने कहा शिक्षा के साथ संस्कार युक्त शिक्षा देना मेरा परम कर्तव्य है। धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य सुशीला टोप्पो ने की।




# 4 करोड़ 80 लाख की लागत से बनेगा सिंदूरपुर से बागड़ी के बीच शाखा नदी पर पुल : सविता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरलडीह :** प्रधानमंत्री ग्राम सेतु योजना अंतर्गत स्वीकृत कुकडू प्रखंड के सिंदूरपुर से नीमडीह प्रखंड के बागड़ी के बीच साखा नदी पर पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास मंगलवार को विधायक सविता महतो ने अपने कर कमलों से शिलापट्ट अनावरण कर किया। पुल का शिलान्यास करने पहुंचे विधायक को कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस दौरान विधायक ने कहा पुल का निर्माण कार्य 4 करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। विधायक ने निर्माण करने वाले संवेदक को पुल का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण व ससमय करने का निर्देश दिया। विधायक ने कहां ग्रामीणों का बहुप्रतिक्षित मांग को पूरा किया गया। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो, केंद्रीय सदस्य गुरुचरण किस्कु, पप्पू वर्मा, काबलु महतो, झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, शक्तिपोदो महतो, कित्तीवास महतो, नव किशोर महतो, प्रखंड अध्यक्ष हरिदास महतो, इंद्रजीत महतो, राहुल वर्मा, हरेकृष्ण सिंह सरदार, संकर सिंह सरदार, सेमसर अली, टिंकू महतो समेत मुखिया, ग्राम प्रधान झामुमो कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।



## उपायुक्त के समक्ष जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए फरियादियों ने रखी अपनी समस्याएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

सरायकेला : उपायुक्त अरवा राजकमल ने मंगलवार को सप्ताहिक जनता दरबार में जिले के दूर-दराज गांव एवं शहर से आए लगभग 40 फरियादियों की समस्याओं से अवगत हुए। क्रमवार आवेदन के माध्यम से फरियादियों की समस्याओं से अवगत होते हुए उपायुक्त द्वारा कई मामलों का त्वरित समाधान किया गया। जबकि कुछ अन्य प्रकार के मामलों के त्वरित निष्पादन के निर्देश सहित सम्बन्धित विभागीय पदाधिकारी के पास भेजे गए। मिली जानकारी अनुसार भूमि संबंधित, राशन कार्ड मे नाम जोड़ने, आयुष्मान भारत योजना के लाभ समेत अन्य प्रकार की समस्याओं के समाधान का आग्रह लेकर लोग उपायुक्त के समक्ष पहुंचे थे।

## थाना प्रभारी ने रोड सेफ्टी के बारे में स्कूली बच्चों को किया जागरूक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के कुकडु प्रखंड के प्लस 2 उच्च विद्यालय तिरूलडीह व कन्या विद्यालय कुदा में मंगलवार को सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत स्कूली बच्चों को सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी देकर जागरूक किया गया। पुलिस थाना प्रभारी रितेश कुमार ने सड़क सुरक्षा का अनुपालन करने का बच्चों को सपथ दिलाई। बच्चों को सड़क सुरक्षा के तहत हेलमेट नहीं पहनने, सिट बेल्ट नहीं बांधने, नाबालिग बच्चों द्वारा बाइक चलाने, बीना लाइसेंस वाहन चलाने के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का विभिन्न धाराओं का जानकारी दिया गया। मौके पर एएसआई रंजीत प्रसाद प्राचार्य आदि उपस्थित थे।

# पुलवामा हमले की चौथी बरसी पर शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** चिल्गू स्थित तिलका बाबा चौक पर विवेक ट्रेड्स की नेतृत्व में चांडिल पुलिस और जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने पुलवामा शहीदों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की। बोहि विवेक ट्रेडर्स की और से चांडिल थाना प्रभारी अजित कुमार को शोल उड़ाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान पत्रकारों से बात करते हुए विवेकानंद गोप ने कहा कि पुलवामा के शहीदों का बलिदान सुरक्षाबलों को आतंकवाद मुक्त राष्ट्र के लिए काम करने के लिए प्रेरित करता है। हमारे 40 बहादुरों ने अपने प्राणों की आहुति दी। हमें उन पर गर्व है। आपको बतादे की 14 फरवरी को भारतीय इतिहास में काले दिन के रूप में मनाया जाता है। क्योंकि 14 फरवरी साल 2019 को देश आतंकी हमले से दहल गया था। इसी कड़ी में इचागढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक स्वर्गीय साधू चरण महतो के पत्नी व भाजपा नेत्री सारथी महतो, समाज सेवी खगेन महतो , विनोद राय ,आकाश महतो, जगदीश महतो, पूर्व जिला पार्षद सदस्य नीमडीह अनीता पारित, बॉबी जालान,मधु सुधन महतो, आदि देश भक्तों ने सहिदों के चित्रों पर फूल पुष्प देकर नमन किया।



## कुचाई में पंचायत समिति की समीक्षात्मक बैठक 23 को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई प्रखंड मुख्यालय सभागार में आगामी 23 फरवरी पूर्वाहन 11:00 बजे प्रखंड पंचायत समिति सदस्य की एक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया है। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी सुजाता कुजूर ने बैठक की जानकारी देते हुए कहा है।कि पंचायत समिति की बैठक में पंचायत स्तर पर चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की जाएगी। उक्त बैठक में सभी विभाग के पदाधिकारियों को उपस्थित होना अनिवार्य है। साथ ही सरकार के द्वारा संचालित मनरेगा पीएम आवास पेंशन व अन्य किसान योजना की जानकारी के साथ सीधा लाभ से जोड़ा जाएगा।

## तीन मार्च को गोलमुरी में निकलेगी बाबा श्याम की निशान यात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** श्री श्याम मंडल गोलमुरी, श्री श्याम मंडल टुइलाडुंगरी एवं श्री श्री शिव मंदिर कमिटी गोलमुरी द्वारा संयुक्त रूप से फाल्गुन एकादशी के शुभ अवसर पर आगामी तीन मार्च शुक्रवार की सुबह 8 बजे बाबा श्याम की निशान यात्रा निकाली जायेगी। जिसमें 201 भक्त बाबा श्याम का निशान लेकर जयकारा लगाते हुए चलेंगें। निशान यात्रा हिन्दुस्तानी संघ स्कूल टुइलाडुंगरी से शुभारंभ होगा, जो गोलमुरी शिव (श्याम) मंदिर जाकर संपन्न होगा। इस निशान यात्रा के दौरान बाबा श्याम के शीश की झांकी आकर्षण का केन्द होगा। तीनों संस्था के पदाधिकारियों ने श्याम प्रेमियों से निशान यात्रा में शामिल होने का अनुरोध किया हैं।

## योग प्रशिक्षण संस्थान बडा आमदा के छात्र सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां प्रखंड क्षेत्र के बडा आमदा नया बाजार दुर्गा मंदिर के सामने भारत सरकार से मान्यता प्राप्त महर्षि पतंजलि योग एवं प्राकृतिक प्रशिक्षण चिकित्सा संस्थान के द्वारा सत्र 2022 का परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का नाम घोषित कर दिया है। वहीं उक्त जानकारी देते हुए योग शिक्षक धर्मेंद्र नाथ महतो ने कहा कि सत्र 2022 में जनवरी से दिसंबर में योग परीक्षा का आयोजन किया गया था। जिसमें कोर्स पीजी डिप्लोमा में प्रथम आरती महतो द्वितीय ममता कुमारी एवं तृतीय कस्तूरी कमल वहीं कोर्स डिप्लोमा में प्रथम माधवी प्रधान दितीय पूनम समाड एवं तृतीय शिवानी महतो उत्तीर्ण होकर स्थान प्राप्त की है। योग परीक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान रहे सभी सफल रहे अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## सुरभि शाखा ने वृद्धजनों को दोपहर का भोजन कराया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा मंगलवार को बाराद्वारी स्थित आशीर्वाद आश्रम में रहने वाले वृद्धजनों की सेवा की और उन्हें दोपहर का भोजन कराया। यह कार्यक्रम मिनी- विनोद साह द्वारा किया गया। इसे सफल बनाने में शाखा अध्यक्ष उषा चैधरी, सचिव निधि अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नीलम देबूका, श्वेता पसारी आदि का सहयोग रहा।

# शिक्षकों का चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण शुरु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** सरायकेला स्थित प्रखंड संसाधन केंद्र में शिक्षकों के चार दिवसीय प्रखंड स्तरीय एफएलएन प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। 40-40 शिक्षकों के दो बैच में शुरू किए गए उक्त एफएलएन प्रशिक्षण के शुभारंभ के अवसर पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रविकांत भकत ने उपस्थित रहकर प्रशिक्षु शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए एफएलएन प्रशिक्षण के उद्देश्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर राजीव गोस्वामी, अनूप कुमार मंडल, बिचित्रा प्रधान एवं राम सिंह शंखमुंडा द्वारा शिक्षकों को प्रशिक्षण देते हुए एफएलएन एवं बच्चों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान बोध का विकास करने संबंधी जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई।

# गंदी नालिया व जर्जर सड़क त्रासदी बनकर रोज रुला रही है सैकड़ों स्कूली बच्चों को

**हाल-ए-दास्तान नरेंद्र नगर उच्च विद्यालय कांड्रा का**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कांड्रा :** एक और जहां सरकारी स्कूलों की कायापलट करने के लिए राज्य सरकार कमर कसे हुए है और विद्यालय में रंग रोगन से लेकर साफ सफाई पर भरपूर ध्यान दिया जा रहा है. वही विकास के तमाम दावो को ठेंगा दिखाते हुए कांड्रा स्थित नरेंद्र नगर उच्च विद्यालय के मुख्य द्वार पर गंदी नालिया, दूषित जल जमाव और अपार गंदगी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के लिए त्रासदी बन गई है. उनसे कूदकर लांघकर स्कूल तक पहुंचना लगभग 400 बच्चों की मजबूरी है. यह नालिया किसी योजना के तहत बनाई नहीं गई है बल्कि बीच सड़क पर है उभरकर पूरी सड़क का बंटाधार कर दिया है. ऐसा आज प्रगट नहीं हुआ है बल्कि कई महीनों से यही स्थिति बनी हुई है. दुर्भाग्य की बात यह है कि इस और ना तो प्रशासनिक अमला ध्यान देता है और ना ही स्थानीय पंचायत स्तरीय जनप्रतिनिधि ही. ऐसे में इन की दुर्दशा आखिर सुधरेगा कौन यह यक्ष प्रश्न स्कूल के बच्चों के मन में दुविधा उत्पन्न कर रहा है.



# जुगसलाई ईदगाह मैदान की जमीन कार मालिकों के अतिक्रमण से हुआ मुक्त, कटा चालान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जुगसलाई ईदगाह मैदान में गलत ढंग से गाड़ी पार्किंग को लेकर आज जुगसलाई ईदगाह कमेटी ने एक्शन लेते हुए इसकी शिकायत जुगसलाई थाना में की। शिकायत पर थाना प्रभारी और जुगसलाई ट्रैफिक थाना प्रभारी द्वारा ईदगाह मैदान में गलत ढंग से खड़ी गाड़ियां का नो पार्किंग चालान का स्टीकर लगाया गया। और गाड़ी मालिकों को थाना बुलाकर ईदगाह की जमीन पर अतिक्रमण कर पार्किंग किए गाड़ियों को हटवाया गया। जुगसलाई ईदगाह कमेटी के उपाध्यक्ष अरशद हुसैन ने बताया कि 2 साल पहले जुगसलाई नगर पालिका के द्वारा 50 लाख की लागत से ईदगाह मैदान में पेवर ब्लॉक बिछाया गया था। और स्थानीय लोगो के लिए मॉर्निंग ट्रैक बनाया गया था। लेकिन उक्त ईदगाह मैदान में अवैध रूप से स्थानीय लोग अपनी कार पार्किंग कर रहें थे। जबकि जुगसलाई नगरपालिका ने तीन महीना पूर्व ही इसे नो पार्किंग जोन घोषित कर दिया था। मौके पर ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष हाजी साहब, अहमद साहब, जनरल सेक्रेटरी इमरान हुसैन, मेंबर मखदूम, तारिक हबीब, मोहम्मद हुसनैन, तनवीर, राजा, विक्कीऔर कमेटी के बहुत सारे मेंबर मौजूद थे।



# टाटा स्टील मेडिकल सर्विसेज का एआईएसएमओसी में उत्कृष्ट प्रदर्शन, जीते 8 पुरस्कार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील की मेडिकल सर्विसेज टीम ने 10-12 फरवरी को भिलाई में आयोजित 42वें ऑल इंडिया स्टील मेडिकल ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस (एआईएसएमओसी) 2023 में भाग लिया। डॉ. सुधीर राय, जेनरल मैनेजर, मेडिकल सर्विसेज, टाटा स्टील और डॉ. अशोक कुमार चट्टोराज, चीफ कंसल्टेंट और एचओडी सर्जरी, टीएमएच के नेतृत्व में टीम ने वैज्ञानिक चर्चाओं, शोध प्रस्तुतियों और मेडिक्विज में महत्वपूर्ण योगदान दिया। एआईएसएमओसी 2023 में टाटा स्टील सर्वश्रेष्ठ टीम के रूप में उभरी। टाटा स्टील मेडिकल सर्विसेज टीम ने 8 पुरस्कार जीते, जिसमें सबसे प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ टीम पुरस्कार भी शामिल है। डॉ. राजेश ठाकुर ने सर्वश्रेष्ठ लघु पेपर पुरस्कार श्रेणी में जीत हासिल की और डॉ. शिवराज सिंह चौहान ने पीजी पोस्टर प्रस्तुति के लिए प्रथम पुरस्कार जीता। डॉ देब संजय नाग ने सम्मेलन में सर्वश्रेष्ठ पुरुष वक्ता का पुरस्कार जीता। डॉ. भूपेंद्र कुमार गुप्ता ने टीक्यूएम पेपर श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया, और डॉ. आभा सिंह ने एमबीबीएस पोस्टर श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार जीता। टीएमएच टीम, जिसका प्रतिनिधित्व डॉ. आभा सिंह और डॉ. सिद्धांत वर्मा ने किया ने मेडिक्विज़ में तृतीय पुरस्कार जीता, और डॉ. सुदेशना दासगुप्ता ने एमबीबीएस पेपर श्रेणी में तृतीय पुरस्कार जीता। डॉ. सुधीर राय ने टीक्यूएम पेपर्स सत्र की अध्यक्षता की और डॉ. अशोक कुमार चट्टोराज ने स्टील ओरेशन की अध्यक्षता की।



## रांगामाटिया गांव का जलमीनार तीन वर्षो से खराब, वीर युवा सेना ने की पहल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला के अंतर्गत डुमरिया प्रखंड ग्राम पंचायत केंदुआ गांव रांगामाटिया -1 का जलमीनार पिछले 3 वर्षो से खराब पड़ा हुआ है। जिससे ग्रामीणों को पेय जल की समस्या हो रही। इस ओर किसी जनप्रतिनिधि का ध्यान भी नही जाता है। वही वीर युवा सेना के केंद्रीय अध्यक्ष वीर सिंह देवगम ने आज उक्त गांव के ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्या से अवगत हुए। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत के क्रम में बताया कि बहुत जल्दी विभागीय द्वारा बनाने के लिए उपायुक्त को एक आवेदन पत्र सौंपेंगे।



## ड्रोन के माध्यम से किसानों के खेत में दवाई का होगा छिड़काव

# डिजिटल का सपना हुआ साकार किसानों में दिखी खुशी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक विनोद पांडेय एवं जनसेवक अभिजीत घोष ने मंगलवार 14 फरवरी को गिद्धौर के भूमि पर आकर कार्तिक दांगी पिता बालचंद दांगी रामसेवक दांगी पिता नेमधारी माता उदय दांगी पिता प्रेम महतो किसानों के खेत में लगे प्याज में ड्रोन के माध्यम से दवाई छिड़काव कर लोगों को बतलाए। जहां किसानों में अत्यंत खुशी देखी गई। और वैज्ञानिक द्वारा किसानों के बीच बताया गया कि डिजिटल दुनिया में किसानों का सपना धीरे-धीरे साकार होता हुआ दिख रहा है। वैज्ञानिक ने बताया कि यह ड्रोन में 16 लीटर का टंकी लगा हुआ है। जिसमें दवाई के अनुसार एवं खेत के अनुसार एकड़ में दवाई का छिड़काव किया जा सकेगा। किसानों के बीच इस ड्रोन मशीन का कीमत वैज्ञानिक विनोद पांडेय ने 750000 सात लाख पचास हजार रुपए बताया। उसके बाद बताएं कि अभी किसानों को ले पाना थोड़ी कठिनाई होगी। फिर भी यदि एफपीओ के माध्यम से जुड़कर आदि मशीन लेते हैं तो उन्हें लगभग पूरे अनुदान राशि में मशीन दिया जाएगा। तो वही आने वाला दिन में समूह से जुड़े दीदी लोगों को 40 प्रतिशत के अनुदान पर यह मशीन किसान के बीच दिया जा सकता है। आगे बताएं कि अभी सरकार लॉन्च कर रही है और किसानों को दिखा रही है उसके बाद केवीके को ड्रोन मशीन मुहैया कराएगी। और तब किसानों के बीच यह ड्रोन मशीन लाया जाएगा।इसमें तकरीबन एक से डेढ़ साल का समय लग सकता है। मौके पर उपस्थित एटीएम दीनदयाल कुमार बीटीएम शीला कुमारी ममता कुमारी मिथिलेश सिंह दिनेश भारती विनोद पासवान चितरंजन शर्मा महादेव दांगी कैलाश दांगी वह दर्जनों किसान मौके पर उपस्थित थे।

## पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एशोसिएसन ने पुलवामा हमला में शहीद जवानों को दिया श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट अशोसियाशन चतरा जिला इकाई के द्वारा हर वर्ष के भाती इस वर्ष भी 14 फरवरी 2023 को श्रीनगर के पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि सर्किट हाउस के बगल में विनय भारती पार्क में किया गया है। चतरा जिला के कार्यकारिणी, चतरा जिला अध्यक्ष मोहन कुशाहा, सचिव सूबेदार प्रदेश उपाधायाछ उपकार सिंह यादव, सिमरिया प्रखंड अध्यक्ष किशन राम, पृथ्वी राम महती उदय कुमार ओमप्रकाश साहु के अलावे अन्य सेवानिर्वित सेना के जवान शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल, रिम्स रेफर



**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ-हेरहंज मुख्य पथ पर मसिलौंग ग्राम के समीप मंगलवार को सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार संतु गंझु 21 वर्ष पिता करन गंझु ग्राम जरी, महुआटांड़ थाना बालूमाथ निवासी अपने बाइक में सवार होकर अपनी मां उषा देवी के साथ हेरहंज के हूर गांव जा रहा था। इसी दौरान मासिलौंग ग्राम के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। जिससे संतु गंझु गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों के सहयोग से युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उसका प्राथमिक उपचार डॉक्टर सुरेश राम की देखरेख में किया गया ।वही बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया। दुर्घटना में घायल युवक का दाहिना पैर बुरी तरह कट गया है।

## लातेहार जिला में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ओबीसी का 27 प्रतिशत आरक्षण विधानसभा एवं कैबिनेट में पास होने के बाद भी लातेहार जिला मेशो क्षेत्र होने कारण आरक्षण सून्य है। जांच एवं तकनीकी मामलों को सुधार कर लातेहार जिला के ओबीसी परिवार को 27 प्रतिशत आरक्षण का किया मांग लातेहार जिला में नया एवं पुराना खतियान त्रूटी दूर करते हुए सरल एवं सुगम करने हेतु पूर्व में भी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में राष्ट्रीय जनता दल पूर्व में भी मांगपत्र देकर आग्रह किया था। हिंडाल्को कम्पनी के द्वारा एल्यूमीनियम प्लांट लगाने कंपनी को नीर्देशीत करने जीससे जिला के बहुत लोगों को रोजगार मील सकेगा। उक्त मांग पूर्व से ही लातेहार के जनता विभिन्न संस्था व वैनर तले मांग करती रही है। ज्ञात हो की लातेहार जिला से हिंडाल्को को बॉकसाइड, पत्थर एवं कोयला खनन करने का सरकार से स्वीकृती मीला हुआ है। ऐ तीनों मांगों को लेकर राष्ट्रीय जनता दल जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने सरकार को ध्यान आकर्षित करने के लिए विज्ञप्ति सौंपा है।

## सीआरपीएफ ने सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत शिविर में ग्रामीणों के बीच सामग्री का किया वितरण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय खुटेर परिसर में सामाजिक पुलिसिंग के तहत मंगलवार शिविर लगाया गया। शिविर में गरीब व जरूरत मंद करीब 200 ग्रामीण व 80 स्कूली बच्चों के बीच सामग्री का वितरण किया साथ करीब एक डेढ़ सौ ग्रामीणों के स्वास्थ जांच कर उन्हें दवा दिया गया। सामग्री में कड़ाही, फुटबॉल, बॉलीबॉल, नेट, कौंपी, कलम, पेंसिल समेत कई तरह दवा वितरण किया गया। इस शिविर में प्रखंड के खुटेर, पचरुखिया, जगरनाथपुर, पचम्बा, धरतीमांडर, लेवाड़, तरदोहर, टिकैतबांध गांव के लोग पहुँचे थे।कमान्डेंट मनोज कुमार के निर्देश पर समवाय अधिकारी निरीक्षक रामखेलावन राम, उप कमान्डेंट राम भरोसे के नेतृत्व में सीआरपीएफ ई/190 बटालियन द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत लगाये गये इस शिविर में कुंदा मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार साहु,उपप्रमुख सतेंद्र कुमार गुप्ता, एसआई मुकेश कुमार के हाथों द्वारा सामग्री का वितरण किया गया। उप कमान्डेंट ने कहा कि पुलिस पब्लिक के बीच समन्वय बनाने के उद्देश्य से इस तरह के कार्यक्रम समय समय पर आयोजित किया जाता है।वही गरीब असहाय व वृद्ध लोगों ने सामग्री लेकर काफी खुश नजर आ रहे थे। इस शिविर में सीआरपीएफ के रविन्द्र यादव, केदार कुमार, दिनेश प्रताप सिंह, सीएचओ अविनासी, सुशांति टोपनो, सहायक नर्सिंग दीपक कुमार समेत कई लोग शामिल हुए।

## जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड सचिवालय सभागार में मंगलवार 14 फरवरी को जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जहां मुखिया पंचायत सेवक व ग्रामीणों के बीच स्वच्छता से संबंधित कई जानकारियां बताई गई। जिला से आए जिला स्वंयवेयक अवधेश कुमार सिंह एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मनोहर आर्य ने 15वीं वित से सभी छोटे छोटे जल जीवन एवं स्वच्छता से संबंधित कार्य करने का दिशानिर्देश उपस्थित मुखिया को बताया गया। जिसमें ग्राम पंचायत की मूलभूत जानकारी हॉर्स और पशु अस्पष्ट प्रबंधन तरल स्पटी प्रबंधन कार्य योजना महावारी स्वच्छता प्रबंधन कार्य योजना मल युक्त कीचड़ प्रबंधन कार्य योजना प्लास्टिक अस्पष्ट प्रबंधन कार्य योजना के बारे में अवधेश कुमार सिंह ने बताया। जहां जगह जगह पर ठोस कचरा प्रबंधन में कंपोस्ट नाडेप खाद बनाने की विधि एवं उपचार बताएं। तो दूसरी तरफ तरल कचरा प्रबंधन में किचन गार्डन शॉप फीट बनाकर के काला पानी ग्री वाटर जैसे पानी का सदुपयोग करने की बातें बताएं। मौके पर उपस्थित गिद्धौर मुखिया संघ के मंजगांवां पंचायत मुखिया सरिता देवी गिद्धौर पंचायत मुखिया निर्मला देवी बारीसाखी मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती जीपीएस मिथिलेश सिंह पंचायत सेवक महेश मिस्त्री उज्जवल कुमार सिंह कंप्यूटर ऑपरेटर सतीश कुमार ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सीताराम रजक जेएसएलपीएस अभिषेक कुमार जलजीवन स्वच्छता विभाग से आईईसी रुपलाल दांगी देवदीप पासवान वार्ड सदस्य कैलाश दांगी महिला मंडल अध्यक्ष प्रतिमा देवी तुना देवी रजनी देवी एवं दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## पुलवामा हमले के शहीदों को दी गई श्रंद्धाजलि



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुलवामा हमले के चौथे बरसी पर डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सोसाइटी कैरो(लोहरदगा झारखंड) ने श्रंद्धाजलि सभा आयोजित कर शहीद जवानों को श्रंद्धाजलि दी। आज दिन मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के नरौली में आयोजित कार्यक्रम पुलवामा हमले में शहीद हुए 40 जवानों के याद में 2 मिनट का मौन रखा गया। मौके पर अध्यक्ष जावेद अख्तर ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए एक काला दिन है। आज ही के दिन देश की रक्षा करते हुए देश के वीर सपूतों ने मौत को गले लगा लिया था। हमें उन शहीदों को भूलना नहीं चाहिए। मौके पर महासचिव ज़ुबैर अंसारी ने कहा कि आज पूरा देश उन शहीदों के परिवार वालों के साथ खड़ा है। उन्होंने आगे कहा कि देश के तरफ गंदी नज़र रखने वाले देश के दुश्मनों को बड़ी मजबूती के साथ जवाब देने की जरूरत है। हमले को 4 साल बीत जाने के बावजूद अभी तक जांच अधूरी है, जो हमारे लिए काफी दुर्भाग्य की बात है। देश में इस तरह के कायराना हरकत दुबारा न दोहराया जाए, इसके लिए पुलवामा के दोषियों को सख्त से सख्त सजा देने की जरूरत है। मौके पर सोसाइटी के उपाध्यक्ष इस्तियाक अंसारी, अनवर अंसारी, नूर मोहम्मद, बोधे भगत, शमशाद अंसारी, बंधु उरांव, फिरोज अंसारी, इल्फान अंसारी, विष्णु उरांव, अंसारी, इस्लाम अंसारी, बसारत अंसारी, जफर अंसारी, आरिफ अंसारी, मुस्तफा अंसारी आदि उपस्थित थे।

## आम आदमी पार्टी की पलामू इकाई ने पुलवामा के वीरों को किया नमन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** आम आदमी पार्टी के पलामू इकाई ने पुलवामा हमले में शहीद भारतीय सेना के जवानों को नमन किया। पलामू के जिला संयोजक चंद्रबली चौबे के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की पलामू टीम के सभी वरिष्ठ नेता और पदाधिकारीगण मेदिनीनगर के पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पर पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में जिला संयोजक चौबे ने कहा जो लोग देश की खातिर अपने प्राणों की आहुति देते हैं उनसे बड़ा मुकाम किसी का हो नहीं हो सकता. कार्यकारी सचिव सुधीर कुमार ने कहा कि देश की रक्षा करते हुए जिन वीर जवानों ने अपना बलिदान दिया, आम आदमी पार्टी और आप पलामू की टीम उनके योगदान को न सिर्फ याद करती है बल्कि उनके परिवारों के साथ हमेशा खड़े होने का वादा भी करती है। युवा नेता राकेश तिवारी ने कहा की आम आदमी पार्टी अपने आदर्शों पर काम करते हुए भारतीय सेना के प्रति उच्च सम्मान रखती है और अपने शहीदों की कुर्बानियों को नमन करती है। कार्यक्रम के दौरान पलामू जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, सचिव शंकर दयाल सिंह, युवा नेता कौशल किशोर बच्चन, शशिकांत तिवारी, अभय सिंह चेरो, मुकेश नारायण दीक्षित, ओम प्रकाश दुबे, डॉ गणेश, अशोक यादव, मसरूर अहमद, मनोज रवि और आम आदमी पार्टी के कई कार्यकर्ता शामिल हुए।

## ललित नारायण स्टेडियम में मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहदरगा :** विश्व हिन्दू एकता मंच, स्वराज मेरा अधिकार योग वेदांत सेवा समिति के तत्वावधान में 14 फ़रवरी को स्थानीय ललत नारायण स्टेडियम में मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया गया। जिसमे सैकड़ो बच्चों ने अपने अपने माता पिता की पूजा कर भाव प्रकट किया। इस आयोजन में माता पिता और बच्चे भाव-विभोर हो गए। बच्चों ने इस मौके पर अपने माता पिता के चरण पखारे, उनका तिलक वंदन किया और आरती उतारी। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश और सरस्वती वंदना से हुआ। मौके पर विश्व एकता मंच के राष्ट्रिय सचिव रवि कुमार ने कहा कि आज हम सभी संकल्प ले कि प्रत्येक वर्ष 14 फ़रवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाते हुए समाज रूपी बगिया को गुलशन बनाते हुए वैलेंटाइन डे को विदा करेंगे। उन्होंने कहा कि पाश्चात्य कुसंस्कृति ने आज युवाओ को दिग्भ्रमित और संस्कारहीन बना रहा है। अतः भारतीय सभ्यता व संस्कृति की उज्ज्वलता को और सशक्त बनाने के लिए हम सभी को माता-पिता व गुरुजनों के आशीर्वाद और अनुशासन द्वारा आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि भारत जो विश्व में अपनी संस्कृति और संतों के लिए प्रसिद्ध है,उस देश में पाश्चात्य सभ्यता की गन्दगी न आने पाए इसके लिए हर हिन्दुस्तानी का कर्त्तव्य बनता है कि माता-पिता की आराधना करे, पूजा करे। इस इस अवसर पर दिनेश महतो, विनोद प्रसाद, शिवशकर सिह, सुधीर अग्रवाल, सचिन, चन्दल गोयल, अजय प्रसाद, कोशल कुमार, नेहा प्रजापति, दुर्गा प्रजापति, प्रेम प्रजापति, नदलाल पनडीत, अशोक कायस्कार, विवेक कुमार, किरन कुमारी, दीपक साहु, समेत बडी संख्या में माता-पिता बच्चे व नगर के गनमानय् नागरिक उपस्थित थे। मोके पर अजय प्रसाद, सुधीर, किनेश्वर, शिवशंकर, दिनेश आदि ने कहा कि वैलेंटाइन डे का बहिष्कार करते हुए अभिभावकों से अपील की कि समाज मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाकर अपनी संस्कृति एवं सभ्यता को मजबूती प्रदान करे।

## ब्रिज गिरने से दो मजदूर घायल, रेफर



**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ -टोरी-शिवपुर रेल लाइन निर्माण कार्य कर रहे साई कृपा कंट्रेशन कंपनी के दो मजदूर सुरेश यादव 25 वर्ष पिता मधु यादव ग्राम मुरपा थाना बालूमाथ एवं छोटू उराव 22 वर्ष पिता रामधनी उरांव ग्राम बिश्रामपुर थाना बारियातू गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर कार्य कर रहे अन्य मजदूर ने दोनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद दोनों की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया।ब्रिज निर्माण कार्य कर रहे अंजू लोहरा व अन्य मजदूरों ने बताया कि टोरी से शिवपुर तक थर्ड रेल लाइन निर्माण कार्य के तहत बसिया ग्राम में ब्रिज निर्माण कार्य चल रहा था। इसी बीच ब्रिज का सेटरिंग व कंस्ट्रक्शन मजदूरों में जा गिरा जिससे दो मजदूर दब गए। मजदूरों ने कहा कि साइट पर कंपनी द्वारा किसी भी मजदूरों को हेलमेट जूता व सेफ्टी का कोई भी सामग्री उपलब्ध नहीं कराया था जिस कारण दोनों मजदूरों को गंभीर चोट लगी है। घटना के वक्त लगभग 20 से ज्यादा मजदूर कार्य कर रहे थे।

## पत्थलगड़ा की 21 वर्षीय बेटी को दहेज के खातिर चढ़ना पड़ा फांसी का फंदा, ससुरालवालों ने लगाया गुहार पुलिस प्रशासन से मांगा इंसाफ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पत्थलगड़ा कि बेटी की हत्या दहेज़ के खातिर ससुराल वालो ने फांसी के फंदे पर लटका दीया। परिजनों ने बताया की मेरी बेटी 21 वर्षीय नंदनी कुमारी की शादी 07/12/2022 को चिरीदिरी सिमराडीह थाना राजपुर निवासी डब्लू विश्वकर्मा पिता स्व. श्यामलाल विश्वकर्मा के साथ किया गया था जो ससुराल वालो ने प्रतीदिन दहेज़ प्रताड़ना के साथ शारीरिक यातना और मारपीट किया करता था। वही मृतिका 21 वर्षीय नंदनी कुमारी की माँ सुलेखा देवी पति श्यामदेव मिस्त्री ने राजपुर थाना मे ससुराल वालो को आरोपी बनाया हैं। सुमित्रा देवी पति स्वर्गीय श्याम लाल विश्वकर्मा, बबलू विश्वकर्मा पिता स्वर्गीय श्याम लाल विश्वकर्मा, सुशीला देवी पति बबलू विश्वकर्मा, भांजा बादल विश्वकर्मा वही मृत्तिका नंदनी कुमारी के पति डब्लू विश्वकर्मा 11/02/2023 को फांसी लगाकर हत्या कर दिया गया था ।आवेदन मे लिखा गया हैं की ससुराल वालों ने दहेज मैं 500000 व एक टीवीएस गाड़ी की मांग किया गया था परिवार की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण दहेज नहीं दिए जाने पर ससुराल वालों ने नंदनी की हत्या कर कमरे में फांसी पर लटका दिया था ।वही राजपुर थाना मे मामला दर्ज कर कांड संख्या 11/23 व 12/02/2023 को धारा 304(क्ष)34 आईपीएस लगाया गया वही मृतिका के पिता ने बताया कि हमारी बेटी को ससुरालवालों ने पहले मारा-पीटा और फिर हत्या कर दी। नंदिनी को हत्या कर सुसाइड का रूप देने के लिए शव को कमरे में फांसी के फंदे पर लटका दिया यह फांसी दहेज के लिए विवाहिता की हत्या कर शव छिपाने के लिए षड्यंत्र रचा गया था। लेकिन अभी तक मृतिका नंदनी कुमारी की हत्या कर ससुराल वाले फरार है वहीं मृतका के परिजनों ने कहा कि हत्यारों को अभिलंब गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की गुहार लगाया है। इधर पीड़ित परिवार का रोरो कर बुरा हाल है। पीड़ित परिवार के घर पहुंचे समाजसेवी व भाजपा जिला महामंत्री मौलाना मफुज रहमान ने पीड़ित परिवार से मिल कर आश्वाशन दिया हैं की उच्च स्तरीय जांच कर नंदनी हत्याकांड के हत्यारों को बहुत जल्द सजा दिया जाएगा। वही पत्थलगड़ा प्रमुख मनीषा कुमारी ने कहां है कि नंदनी हत्या कांड के हत्यारों को सजा बहुत जल्दी दिया जाए वहीं उपस्थित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी तथा ग्रामीण पीड़ित परिवार को सांत्वना देने पहुंच, सिंघानी मुखिया राधिका देवी, सिंघानी पंचायत समिति मीना देवी, वार्ड सदस्य रूबी देवी तथा ग्रामीण प्रदीप विश्वकर्मा, सुरेश विश्वकर्मा, सोनी देवी, सितल देवी, सचिन कुमार, गुड़िया देवी, जितेंद्र साव, बब्लू विश्वकर्मा, फेकू सोनी, अनिरुद् सोनी राजेश विश्वकर्मा आदि पीड़ित परिवार के साथ मौजूद थे।

## प्रेम प्रसंग में हुए झड़प में बीच-बचाव करने वाले युवक की रांची में इलाज के दौरान मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लावालौंग :** थाना क्षेत्र के कटिया पंचायत के भारती टोला गांव में प्रेम प्रसंग में हुए झड़प से गांव के ही एक युवक सुभाष कुमार उम्र 19 वर्ष की मौत हो गई। उक्त विषय की जानकारी देते हुए सुभाष के परिजनों ने बताया कि गांव के ही एक अन्य युवक और एक युवती घर से भाग गए थे।जिन्हें लड़की के परिजनों के द्वारा खोज कर वापस लाया गया।उन्हें लेकर जैसे ही कटिया गांव पहुंचे वैसे ही लड़के के साथ लड़की के परिजन मारपीट करना शुरू कर दिए।जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। मारपीट को देखकर सुबास छुड़ाने के लिए घटनास्थल पर पहुंचा इसी दौरान लोग उसके ऊपर ही टूट पड़े और बेरहमी से उसकी पिटाई कर दी। इस दौरान सुभाष के सिर के पिछले हिस्से में गहरी चोट लग गई और वह घायल होकर गिर पड़ा।ग्रामीणों के द्वारा पुलिस को सूचना देने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची पुलिस को आते देख सभी आक्रमणकारी भाग खड़े हुए। इसके बाद पुलिस नें दोनों युवकों को थाना लाकर ऐंजूरी काटकर इलाज के लिए सिमरिया भेज दिया।स्थिति को देखते हुए सिमरिया रेफरल अस्पताल से भी तुरंत उन्हें हजारीबाग रेफर कर दिया गया। यहां भी इलाज के दौरान स्थिति को काफी बिगड़ते हुए देखकर उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। यहां सोमवार की रात अचानक स्थिति काफी बिगड़ जाने के कारण सुबास की मौत हो गई। सुबास के परिजनों ने बताया कि लड़की के परिजनों ने दूसरे दूसरे स्थानों से गुर्गो को बुलवाकर सुबास के साथ बेरहमी से मारपीट करवाया है। घटना को अंजाम देने वाले गुर्गो में कटिया गांव के सूरजदेव भारती, बिजय भारती, सुनील भुइयां, लमटा पंचायत के जितन भुइयां, चतरा थाना क्षेत्र के टीकर गांव निवासी गोलू भुइयां, केदार भुइयां एवं चुकू गांव निवासी योगेश भुइयां का नाम शामिल है। इधर लावालौंग थाना के पदाधिकारियों से इस बावत पूछे जाने पर उन्होंने इतने बड़े मामले से पल्ला झाड़ते हुए कह दिया कि मृतक के परिजनों के द्वारा कोई आवेदन नहीं दिया गया है तो हम क्या कर सकते हैं। बड़ी सवाल तो यह है कि हत्या जैसे मामलों में भी स्थानीय पुलिस के द्वारा कोई भी स्वतः संज्ञान न लेकर मामले की लीपापोती करने का कार्य किया जा रहा है। ऐसे में क्षेत्र की जनता स्वयं को महफूज कैसे महसूस करें। समाचार लिखे जाने तक रांची रिम्स से शव लाने की प्रक्रिया की जा रही थी।

## संक्षिप्त खबरें

### 23 बिजली उपभोक्ताओं का कनेक्शन कटा

**विष्णुगढ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ के खरना पंचायत के बारा में आज झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार कनीय अभियंता कुन्नूराम मुर्मू के नेतृत्व में गठित दल के द्वारा बारा में पिछले पाँच वर्षो से बकाए बिल का भुगतान नही किये जाने के कारण बाध्य होकर बिजली विभाग के द्वारा बारा में 23 उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन काट दिया गया। इस पर लोगो ने प्रतिक्रिया देते हुए गठित टीम से कहा कि पहले हर माह बिजली बिल दिजीए बिल नही मिलने पर कनेक्शन काट दिजीए ।एसबीओ अमित मिंज ने कहा कि बकाए बिल वाले उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है,कि जल्द-जल्द अपने बिल का भुगतान करें अन्यथा कभी भी विभाग के द्वारा आपका कनेक्शन काट दिया जायेगा, जरूरत पड़ने पर कानूनी कार्यवाई भी की जा सकती है । बिजली डिस्कनेक्शन की गठित टीम में मुख्य रूप से मो0अब्बास अंसारी,मो0इब्राहिम अंसारी,संतोष पटेल,गिरधारी महतो समेत अन्य सदस्य टीम में शामिल थे ।

### पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पदमा प्रखंड स्थित मां विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के मल्टीपरपज हॉल में डॉ. तनुजा गुप्ता की अध्यक्षता तथा महाविद्यालय परिवार की उपस्थिति में पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।मौके पर कार्यक्रम संयोजिका प्रो. सारिका मेहता ने कहा कि इन जवानों की बदौलत ही देश चैन की नींद सोता है । कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ. वीरेंद्र चौरसिया, प्रो. जितेन्द्र झा तथा प्रो राजेश कुमार एवं प्रशिक्षुओं में एनिस कीड़ो, अर्पणा, खुशबू, शुभम, विकास, एवं आर्यन ने अपने विचारों से पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि व्यक्त किया ।

### कृषि कानून के विरोध स्वरूप अपने प्रतिष्ठानों को बंद रखने की चैंबर ने की अपील

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजारीबाग चैंबर ऑफ फेडरेशन ने अपने सदस्यों से कृषि कानून के विरोध में अनिश्चित काल के लिए कल से जिले की थोक एवं खुदरा खाद्यान्न एवं सब्जी व्यवसाईयो को अपने प्रतिष्ठान बंद रखने की अपील की है। जिससे सरकार को यह काला कानून वापस लेने के लिए बाध्य होना पड़े। उल्लेखनीय है कि इस कानून के लागू होने से छोटे बड़े अनाज व्यवसायियों सहित किसानों की भी परेशानी बढ़ेगी साथ ही इसका बोझ आम जनता पर भी पड़ेगा।इस तुगलकी फरमान से खाद्यान्न एवं कृषि उत्पाद प्रभावित होंगे एवं इंस्पेक्टर राज्य कायम होगा।

### उम्मीद फाउंडेशन ने समाज रत्न से किशोरी राणा को सम्मानित किया

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):**उम्मीद फाउंडेशन के द्वारा मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर रांची के सीएमपीडीआई सभागार में आयोजित कार्यक्रम में समाज मे उत्कृष्ट कार्य हेतु किशोरी राणा को जयपाल सिंह मुंडा समाज रत्न अवार्ड 2022 से सम्मानित किया गया।उनकी ओर से यह अवार्ड उम्मीद फाउंडेशन के सचिव निरंजन भारती ने हज़ारीबाग स्थित नव झारखंड फाउंडेशन कार्यालय में आकर दिया।

# सीसीएल सुरक्षाकर्मी ने अवैध कोयला लदा टर्बो किया जब्त

## चरही, चुरचू व आंगो थाना क्षेत्र में कोयला तस्करी जारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** चरही सीसीएल हजारीबाग क्षेत्र के सुरक्षाकर्मीयों द्वारा सोमवार की मध्य रात्रि को अवैध कोयला लदा एक टर्बो वाहन जब्त किया गया है। सीसीएल सुरक्षाकर्मी को गुप्त सूचना मिली की चरही घाटो के रास्ते कोयला तस्करों के द्वारा अवैध कोयला तस्करी कर बाहर ले जाया जा रहा है।

सूचना के आधार पर गश्ती कर रहे सीसीएल सुरक्षाकर्मीयों ने उक्त टर्बो वाहन (जेएच-02एन-0376) को परेज़ के जमुनिया नामक स्थान पर रोककर जांच की। टर्बो वाहन में अवैध कोयला लदा पाया गया। इसी बीच चालक वाहन से उतरकर भागने में सफल रहा। जब्त वाहन को चरही थाना को सुपुर्द किया गया।

### चरणबद्ध तरीके से होती है कोयले की चोरी

सीसीएल हजारीबाग क्षेत्र के अधीन परियोजनाओं और वन क्षेत्र के अवैध खाद्यानों से कोयले की चोरी चरणबद्ध तरीके से होती है। पहले चरण में रात के अंधेरे में जंगल मे भण्डारण कर छुपाया जाता है। दूसरे चरण में जमा कोयले को ट्रैक्टर, टर्बो और पिकअप जैसे वाहनों के माध्यम से अवैध बने डिपों/पॉइंट तक पहुंचाने का काम होता है। तीसरे चरण में अवैध डिपों/पॉइंट से ट्रकों में कोयला लोड किया जाता है। फिर तस्करों के गुर्गों द्वारा बाकायदा इन ट्रकों की स्कोट कर मंडी के लिए रवाना किया जाता है।

# झापा प्रत्याशी संतोष कुमार महतो ने किया जनसम्पर्क



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** झारखंड पार्टी के रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी संतोष कुमार महतो ने ज़रीयो,सोसो,रैयाटाँड और फनिकपूर के लोगों से जनसम्पर्क किया और पार्टी के विचारधारा और चुनावी मुद्दों के बारे में बताया ! सभी गावों के लोगों ने झापा प्रत्याशी संतोष कुमार महतो से कहा कि झारखण्ड पार्टी इस बार जनजागरण के माध्यम से चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी ।संतोष महतो ने इस रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में पार्टी के अहम मुद्दों और रामगढ़ के मूलभूत समस्याओं यानि शिक्षा, रोज़गार, स्वास्थ्य सहित सभी मुद्दों पर बात चीत की।उन्होंने कहा कि क्षेत्र के मूलभूत समस्याओं पर जिनकी बात करने तक जिनकी योग्यता नहीं है उनसे क्षेत्र के विकास की कल्पना करना बेमानी है।रामगढ़ के सैकड़ों लोग हमारी विचारधारा और सार्थक मुद्दों से प्रभावित होकर पार्टी से जुड़ रहे हैं! यहाँ के छात्र बुनियादी शिक्षा सहित उच्च शिक्षा के लिए हज़ारीबाग,बोकारो और राँची जाने को मजबूर हैं।

# खोरठा विभाग ने पुलवामा के अमर शहीदों को याद किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रामगढ़ के राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के खोरठा विभाग में पुलवामा आंतकी हमले में शहीद 40 जवानों की चौथी बरसी में उन्हें याद किया। इस अवसर पे खोरठा विभाग के प्रभारी विभागाध्यक्ष ओहदर अनाम ने शहीदों के चित्र में पुष्पांजलि अर्पित की,इसके पश्चात खोरठा विभाग और शिक्षा विभाग के छात्रों के साथ साथ विश्वविद्यालय प्रांगण में उपस्थित सीआईएसफ के जवानों ने पुष्पांजलि किया। इस अवसर पे खोरठा विभाग के प्रभारी विभागाध्यक्ष ओहदार अनाम ने छात्रों को सम्बोधित करते हुवे कहा कि 14 फरवरी 2019 को पुलवामा के अवंतीपुरा में आंतकी हमला हुआ था। इस हमले ने भारत के 40 जवान शहीद हो गए थे। ये जवान शहीद होकर भी हम भारतीयों के दिलों में जिंदा हैं। जिनका बलिदान इतिहास के पन्नो में अमिट है। आज का दिन ब्लैक डे के रूप में याद किया जाता है। इस पुष्पांजलि सभा में शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ अंजू, प्राध्यापक उमेश कुमार, राकेश रंजन, अमरेश पांडे, अर्चना, लॉव विभाग के कुमुद रंजन, अनिल केशरी, राहुल मंडल इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# शैक्षणिक किट का खरना उच्च विद्यालय में वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** विष्णुगढ प्रखण्ड अन्तर्गत खरना पंचायत में उत्क्रमित उच्च विद्यालय खरना में कक्षा एक से लेकर कक्षा दस तक शैक्षणिक किट का वितरण खरना मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार व पंसस प्रतिनिधि शिबू सोरेन के द्वारा वितरित की गई । इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार ने कहा कि मेरी पहली जिम्मेदारी अपने पंचायत में लोगो को जागरूक करते हुए शिक्षा से जोड़ने एवं बच्चो को स्कूल तक पहुँचाना और विद्यालय में छात्र-छात्राओं को समय पर किताब सरकार से मिलने पर पहुँचाना । सरकार से मिल रही सुविधाओं को समय पर दिए जाने से उनकी पढ़ाई-लिखाई में बाधा नही होती जिससे ठीक ढंग से पढ़ पाते है,और मैं अपनी इस जिम्मेदारी को बखूबी समझता हूँ,और निभाने की भरपूर कोशिश करता हूँ । आज कक्षा एक से दस तक के छात्र-छात्राओं के बीच 7920 की संख्या में पुस्तको का वितरण किया गया । इस मौके पर मुख्य रूप से प्रधानाध्यापक चिंतामणि प्रसाद,शिक्षकगण,छात्र-छात्राओं एवं दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे ।

# सरस्वती पूजा के दौरान सड़क हादसे में जान गवाने वाले शहीदों को किया गया नमन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** शहीद चौक सोनतुरपी में समाजसेवी सुखदेव पंडित रामप्रसाद बर्णवाल,संजय बर्णवाल समेत 12 पुण्य आत्माओं की याद में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता झामुमो हजारीबाग जिलाध्यक्ष शम्भूलाल यादव तथा संचालन गैड़ा पंसस ने किया ।

सर्व प्रथम शहिद सुखदेव पंडित कि पत्नी एवं गणमान्य लोगों के द्वारा शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

श्रद्धांजलि सभा में पहुँची कोडरमा लोकसभा साँसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि आज पूरा देश पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है और बगोदर वासी समाजसेवी सुखदेव पंडित संजय बरणवाल रामप्रसाद बर्णवाल समेत 12 पुण्य आत्माओं को श्रद्धांजलि दे रहा है।इतनी बड़ी संख्या में शामिल लोग पुण्य के भागी हैं,जो आज शहीदों के परिवार वालों के दुःख में शामिल होने आए हैं।मैं यह उम्मीद करती हुँ कि यहाँ कि युवा पीढ़ी भी शहीदों के पदचिंन्हो पर चलने का काम करेगी। बगोदर के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो ने कहा कि जब से यह दुःखद घटना हुई है,मैं हमेशा परिवार वालों का सुध लेता रहता हुँ,और आगे भी लेता रहूँगा। झामुमो हजारीबाग जिलाध्यक्ष शम्भूलाल यादव ने कहा कि गैंडा सोंतुर्पि के लोग धन्यवाद के पात्र हैं,जो प्रत्येक वर्ष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन करते हैं। जब तक हमलोग जीवित है समाजसेवी सुखदेव पंडित,संजय बर्णवाल,रामप्रसाद बर्णवाल समेत 12 पुण्य आत्माओ कि शांति एवं उनकी याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन करते रहेंगे।

# बजरंगदल ने दी पुलवामा में हुए शहीद जवानों को श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** बजरंगदल पतरातु द्वारा पुलवामा में हुए शहीद 40 जवानों को श्रद्धांजलि दिया गया । साथ ही वेलेंटाइन डे का विरोध किया गया । बजरंगदल के सभी कार्यकर्ता पतरातु भगत सिंह चौक में शहीद वीर जवानों को नम आंखों से श्रद्धांजलि दिये। उसके बाद वेलेंटाइन डे के विरोध में नगर भ्रमण करते हुए पतरातु डैम गए जो भी प्रेम जोड़ा वेलेंटाइन डे मनाते दिखे उन्हें समझाया गया की वेलेंटाइन विदेशी कल्चर है इसे न मना कर ब्लैक डे मनाए क्योंकि आज के दिन ही हिंदुस्तान के 40 जवान शहीद हुए थे।मौके पर बजरंगदल जिला विद्यार्थी प्रमुख सागर कुमार,पतरातू प्रखंड मंत्री गुड्डू कुमार, अमन साहू,विशाल कुमार, उमेश महतो,सरोज कुमार,सनोज कुमार, हर्ष कुमार,शुभम सोनी, विशनु सोनी,गोपाल कुमार, विशाल कुमार, नितेश कुमार,करण कुमार, सूरज ठाकुर,राहुल दीछीत एवं अमन कुमार आदि शामिल थे ।

# पुलवामा में शहीद हुए 40 जवानों को दी गई श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** बीएम मेमोरियल स्कूल में कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर छात्र छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर कक्षा दसवीं के सभी विद्यार्थियों को विदाई दी गई। समरोह की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक कैलाश कुमार एंव संचालन कक्षा 9 की छात्रा सूफी प्रवीण और जिज्ञाषा कुमारी ने शेरों शेयरी के साथ संयुक्त रूप से किया।वही कार्यक्रम की शुरुआत निर्देशक संदीप कुशवाहा व प्रधानाध्यापक कैलाश कुमार के अलावा अन्य शिक्षकों द्वारा पुलवामा में शहीद जवानों के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर निर्देशक संदीप कुशवाहा ने सभी बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दिया और कहा की आप लोग जहां भी जाए अपने विद्यालय के साथ-साथ अपने अभिभावक का मान सम्मान बनाए रखें। मैट्रिक में अच्छे अंक लाकर अपने गांव मोहल्ला का नाम देश स्तर पर रोशन करें यही मेरा कामना है। वहीं विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह चौहान ने सभी बच्चों को भविष्य में आने वाली कठिनाइयों के बारे में विस्तृत रूप से समझाया और उन्हें बताया कि शिक्षा ही एक ऐसी चीज है जो हमेशा आपके साथ रहेगा शिक्षा के बिना मनुष्य जानवर के समान होता है। मौके पर प्राचार्य कैलाश कुमार, शिक्षा चेयरमैन रंजीत कुमार, पूनम कुमारी, ब्रह्मदेव रवानी, अमीन अंसारी, मुकेश कुमार दास, पिंटू कुशवाहा दिनकर, आनन्द राज, अफसाना प्रवीण, दुर्गा देवी, संजू देवी के अलावा सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# सहिया दीदियों के समर्थन में आगे आए पूर्व सांसद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिले में पिछले 28 दिनों से चल रहे सहिया दीदी के आंदोलन के समर्थन में हजारीबाग के पूर्व सांसद और राज्य के वरीय नेता भुनेश्वर प्रसाद मेहता आगे आकर समर्थन किया है। श्री मेहता ने कहा कि राज्य सरकार सहिया दीदी के आंदोलन पर शीघ्र विचार करें। उन्हें प्रतिमाह 10 हजार रुपये वेतन दे और पिछले 10 वर्षो से कार्य कर रहे सहिया दीदी को स्थायीकरण करने का कार्य करें। पिछले 1 महीने से जो सहिया दीदी घर घर जाकर गर्भवती माता से लेकर जच्चा-बच्चा की सुरक्षा की गारंटी देते हैं,उनकी हड़ताल से पूरे जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। खासकर सहिया दीदी ग्रामीण क्षेत्रों में काफी सक्रिय होती है जिससे गांव के गर्भवती माता बहनों के जच्चा बच्चा सुरक्षित महसूस करते हैं। इसके अलावा सहिया दीदी फाईलेरिया का दवा वितरण करना, पोलियो का खुराक बच्चों को पिलाना, आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को पौष्टिक आहार दिलाने का कार्य, बच्चे से लेकर गर्भवती माताओं को विभिन्न टीका लगाने का कार्य सहित दर्जन भर काम करते हैं और उन्हें वर्तमान समय में मात्र कुछ रूपये मानदेय दिया जाता है जिससे उनका घर परिवार नहीं चलता है। प्रतिदिन बढ़ती महंगाई को देखते हुए सरकार को इनकी 11 सूत्री मांगों पर विचार करनी चाहिए और जल्द ही सहिया दीदी के पक्ष में फैसला लेना चाहिए।

# पंचायत शक्ति केंद्रों की हुई बैठक, एनडीए प्रत्याशी को जिताने का संकल्प



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** भारतीय जनता पार्टी दुलमी प्रखंड अध्यक्ष राजेन्द्र महतो के अध्यक्षता में शक्ति केंद्र प्रभारी एवं संयोजक सह संयोजक के साथ किया गया इस बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश के तौर पर भाजपा वरिष्ठ नेता अनिल टाईगर उपस्थिति प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत स्तरीय शक्ति केंद्र प्रभारी एवं संयोजक सह संयोजक कि बैठक किया गया और एनडीए प्रत्याशी मती सुनीता चौधरी को बिजय बनाने को कहा गया, संकल्प लिया गया कि हर हाल में एनडीए प्रत्याशी को भारी से भारी मतों से विजय बनाने का काम करने का दिशा निर्देश दिया गया मौके पर रामगढ़ जिला मंडल प्रभारी आनन्द बेदिया एवं सांसद प्रतिनिधि इंद्र देव साव निसार अंसारी ऐसन अंसारी प्रदिप करमाली प्रसांत सिंहा मच्छेंद्र कुमार उत्तम कुमार लक्ष्मीकांत महतो बाल्मीकि पहान देवधारी करमाली, कुमुद ,सरीता देबी जनार्दन पांडेय बिक्री कुमार हरेंद्र करमाली प्रसांत सिंहा मच्छेंद्र कुमार उत्तम कुमार लछमी महतो बाल्मीकि, रामायण, उपस्थित थे।

# महाशिवरात्रि को लेकर शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड में महाशिवरात्रि पूजा शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर बड़कागांव थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे एवं संचालन थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने किया। बैठक में उपस्थित लोगों ने महाशिवरात्रि को लेकर विशेष चर्चा की गई एवं शांति पूर्वक पूजा करने पर विचार विमर्श किया गया।इस दौरान महुदी पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव में मेला एवं पूजा पर विशेष चर्चा हुई। मौके पर पूर्व विधायक लोकनाथ महतो एवं डॉ बालेश्वर महतो ने सभी लोगों से आपसी मतभेद दूर कर महाशिवरात्रि पूजा में एक दूसरे का सहयोग करते हुए पूजा धूमधाम से मनाने की अपील की है।

# जवानों का कर्ज कभी नहीं चुका पाएंगे हम : शैलेश कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** पंचमाधव स्थित आईलेक्स पब्लिक स्कूल मैं मंगलवार सुबह 14 जनवरी को पुलवामा के शहीदों के नाम एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों की उपस्थिति रही। सर्वप्रथम असेंबली के वक्त कक्षा 9 के बच्चों ने पुलवामा के उस काले दिन के बारे में जानकारी दी। 14 फरवरी का दिन इतिहास में जम्मू कश्मीर की एक दुखद घटना के साथ दर्ज है। घटना भले चार साल पुरानी है, लेकिन उसके जख्म आज तक हरे हैं, जब आतंकवादियों ने इस दिन को देश के सुरक्षाकर्मियों पर कायराना हमले के लिए चुना। राज्य के पुलवामा जिले में जैश-ए-मोहम्मद के एक आतंकवादी ने विस्फोटकों से लदे वाहन से सीआरपीएफ जवानों की बस को टक्कर मार दी थी। इसमें कम से कम 40जवान शहीद हो गए। साथ ही कई गंभीर रूप से घायल हुए थे। इस घटना से पूरा देश स्तब्ध रह गया था उन सैनिकों की मौत में पूरे देश के लोगों की आंखों में आंसू ला दिया था आज भी जब यह घटना याद आती है तो लोगों की आंखें नम हो जाती हैं। आज बच्चों ने अपनी नम आंखों से देश के शहीदों को याद किया तथा भगवान से प्रार्थना की की फिर कभी इस तरह से देश के जवानों की जान ना जाए बच्चों ने अपनी प्रार्थना में कहा कि किसी भी देशों के बीच इस तरह का विवाद नहीं होना चाहिए। जिससे देश के जवानों को अपनी जान से हाथ धोना पड़े। मौके पर मौजूद विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि हम सभी उन जवानों का कर्ज कभी नहीं चुका पाएंगे जिन्होंने देश के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी।

# सुनीता चौधरी के पक्ष में प्रचार अभियान में पहुंचे बाबूलाल व लम्बोदर महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रामगढ़ विधानसभा में आगामी 27 फरवरी को होने वाले उपचुनाव को लेकर एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में प्रचार अभियान में पहुंचे, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी चुनाव प्रचार के दौरान रामगढ़ विधानसभा के पंचायत संग्रामपुर,कुम्हरदगा व चोकाद, बेटूल कला,सोसो कला के मतदाताओं को संबोधित करते हुए झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी एवं गोमिया विधानसभा के विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो शामिल हुए इस दौरान बाबूलाल मरांडी ने उपस्थित हजारों हजार की संख्या में पहुंचे महिला पुरुष जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश में एनडीए की सरकार विकास की ओर हमेशा आगे बढ़ रही और झारखंड प्रदेश के रामगढ़ विधानसभा में उपचुनाव हो रहा है जिसमें रामगढ़ की प्रत्याशी सुनीता चौधरी को भारी मतों से वोट देकर विजय बनाने का काम करें और रामगढ़ का ऐतिहासिक जीत दर्ज कर झारखंड विधानसभा भेजने का काम करें झारखंड में एनडीए की सरकार ही यहां के दुख दर्द को भलीभांति से समझती है और हमेशा विकास के लिए कार्य किया है रामगढ़ जिला के रामगढ़ विधानसभा में पिछले 15 वर्षों में जो अभूतपूर्व विकास कार्य किए पानी बिजली सड़क शिक्षा स्वास्थ्य सिंचाई एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कई तरह के अनगिनत विकास कार्य किए गए हैं जिसे देख यहां के मतदाता का झुकाव एनडीए प्रत्याशी की ओर हुआ है। रामगढ़ में फल फूल का संगम हुआ है जिसे यहां की जागरूक मतदाता 27 फरवरी को क्रम संख्या 2 पर चुनाव चिंह केला छाप में बटन दबाकर विजय बनाने का काम करेंगे। और रामगढ़ कि विकास को आगे बढ़ाने में सहयोग करें। जबकि गोमिया विधायक ने डॉक्टर लंबोदर महतो ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 3 वर्षों में परिवर्तन के नाम पर यहां के कांग्रेस प्रत्याशी ने सीधे तौर पर जनता को ठगने का काम किया है तथा विकास की रफ्तार को रोकने का काम किया था परंतु रामगढ़ का उपचुनाव में मुंह तोड़ जवाब उपचुनाव में देने का काम मतदाता करेंगे उन्होंने कहा कि हमेशा आजसू पार्टी क्षेत्र की जनता को सुख दुख में साथ देने का काम किया है ।

# कांग्रेस ने जनसंपर्क अभियान चलाया

**रामगढ़ :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जनाब शकील अख्तर अंसारी साहब, झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के समन्वय समिति के सदस्य मन्नान मल्लिक जी ,सगीर अंसारी, करीम अंसारी, रांची ग्रामीण अध्यक्ष अल्पसंख्यक अख्तर अली , का आगमन रामगढ़ विधानसभा मैं हुआ इनके द्वारा रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत नई सराय बस्ती पुरनी मंडप चितरपुर स्थित में माइल मैं तारिक अनवर स्टेट चीफ कोऑर्डिनेटर जवाहर बाल मंच एवं रामगढ़ जिला अध्यक्ष गुलजार अंसारी उपाध्यक्ष सलीम खान के नेतृतव में जनसंपर्क चलाया गया ।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## हायर ने लॉन्च किया किनौची 5 स्टार हैवी-ड्यूटी प्रो एयर कंडीशनर




**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हायर, जो कि होम एप्लायंसेज और कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स में एक ग्लोबल लीडर होने के साथ साथ लगातार 14 वर्षो से मेजर एप्लायंसेज में दुनिया का नंबर 1 ब्रांड है, ने आज भारत में अपने किनोची 5 स्टार हैवी-ड्यूटी प्रो एयर कंडीशनर सीरीज को लॉन्च करने की घोषणा की। किनोची एसी सीरीज इंटेली स्मार्ट फीचर्स एवं हायर स्मार्ट ऐप के साथ साथ सुपरकूलिंग फीचर तथा कम्फर्ट कंट्रोल के साथ दमदार परफॉर्मेंस देने के लिए पूरी तरह से सुसज्जित है। भारतीय उपभोक्ताओं के लिए इनोवेटिव प्रोडक्ट्स के उत्पादन के लिए हायर की प्रतिबद्धता व्यवसाय के मूल में निहित है, साथ ही इंस्पायर्ड लिविंग के लिए उपभोक्ताओं की मांगों को पूरा करने के लिए ब्रांड निरंतर तरीके से विकसित होता जा रहा है। इसके साथ ही हायर भारत में लोकल मैन्युफैक्चरिंग के माध्यम से प्रीमियम प्रोडक्ट्स के उत्पादन पर भी अपना ध्यान केंद्रित कर रहा है। इसके अलावा ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश में हायर की अत्याधुनिक सुविधा ने भारतीय ग्राहकों के लिए विशेष रूप से प्रीमियम एवं हाई-एंड प्रोडक्ट्स के लिए ब्रांड को विकसित करना जारी रखा हुआ है। लॉन्च के इस मौके पर हायर अप्लायंसेज इंडिया के प्रेसिडेंट श्री सतीश एनएस ने कहा, ÷हायर में, हम इनोवेटिव टेक्नोलॉजीज से संचालित प्रोडक्ट्स को डिजाइन करने में विश्वास करते हैं जो कि हमारे उपभोक्ताओं के जीवन को सरल एवं अत्याधिक सुविधाजनक बनाते हैं। भारत विषम परिस्थितियों के मौसम को अनुभव करता है खासकर गर्मियों का मौसम। इसलिए इन्ही सब स्थितियों को ध्यान में रखते हुए हमने किनोची 5 स्टार हेवी-ड्यूटी एयर कंडीशनर सीरीज की नई रेंज लॉन्च की है जो कि अत्यधिक तापमान में ऑप्टिमम कूलिंग को सुनिश्चित करता है, और यहां तक कि कम्फर्ट, विश्वसनीयता तथा परफॉरमेंस को अधिकतम करने के लिए ट्रिपल इन्वर्टर प्लस तकनीक के साथ कॉस्ट एफिशियंसी का भी ख्याल रखता है।

## जमीन बचाओ समिति के अध्यक्ष चुने गए अनूप लकड़ा



**कर्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत पोड़ा कुसुम टोली में मंगलवार को होरो पड़हा देवान गढ की एक विशेष बैठक देवान सुनील होरो की अध्यक्षता में की गयी. जिसमें 22 गांव के मुंडा पहान महतो और पदधारियों का विशेष रुप से उपस्थिति रहा. बैठक में मुख्य रूप से पड़हा में हो रहे समस्याओं पर चर्चा किया गया. जिसमें जमीन संबंधित समस्याओं पर विशेष रूप से बातचीत करते हूए जमीन बचाओ समिति का चयन किया गया. सर्वसम्मति से समिति के अध्यक्ष अनूप लफड़ा को चुना गया. साथ ही अन्य पदाधिकारियों का चयन किया गया. पड़हा के द्वारा समिति में चुने गए सभी पदाधिकारियों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया नए अध्यक्ष अनूप लकड़ा ने कहा कि मैं पड़हा और आदिवासी भाइयों के लिए उनकी समस्याओं के लिए 24 घंटे तत्पर रहूंगा किसी को कोई भी समस्या हो तो वह उसकी जानकारी समिति को दे हम लोग हर मुमकिन प्रयास करके समस्याओं को दूर करेंगे मौके पर लॉरेंस होरो विश्वा होरो, छोटे मुंडा, गोलियां मुंडा, प्रेम मुंडा, जोसेफ होरो, सुधीर हेरेंज, रिझा मुंडा, याकूब मुंडा, के अलावे 22 पड़हा के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## कौशल विकास शिक्षण प्रशिक्षण व्याख्यान का समापन

**कर्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटेल बीएड कॉलेज लोधमा खूंटी में एक सप्ताह से चल रहा कौशल विकास शिक्षण प्रशिक्षण व्याख्यान का समापन किया गया. कॉलेज में श्रीराम टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज द्वारा एम ओ यू के तहत एक सप्ताह व्याख्यान का आयोजन किया गया. जिसमें कौशल विकास से जुड़ी सभी प्रकार की व्याख्यानो का आयोजन किया गया शिक्षण प्रविधि का उपयोग कैसे किया जाना चाहिए कैसे शिक्षा को प्रभावी बनाया जा सकता है. इस सभी प्रकार के शिक्षण प्रविधि का उपयोग के बारे में बताया गया. इसके उपयोग करके कैसे शिक्षण कार्य को प्रभावशाली बनाया जा सकता है कौन-कौन सी विधि प्रभावशाली होती है. इस प्रकार के कार्यक्रम से कार्यक्रम में अलग-अलग तरह के सीखने का अवसर प्रदान हो होता है. इस अवसर पर पटेल कॉलेज के प्राचार्य डॉ अनुराधा कुमारी, श्री राम कॉलेज के प्रधानाध्यापक बजरंगी मंडल, अर्पणा कुमारी, सुबोध कुमार, अनिता कुमारी तथा पटेल महाविद्यालय के शिक्षक छात्र उपस्थित थे।

## मांडू चट्टी पंचायत ग्राम गोविंदपुर के युवाओं ने पुलवामा शहीदों के याद किया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडू चट्टी पंचायत ग्राम गोविंदपुर के युवाओं द्वारा पुलवामा शहीदों के याद में मंगलवार को ग्राम गोविंदपुर से मांडू चट्टी चौक तक यात्रा निकाला गया । शहीदों के याद में आयोजित श्रद्धांजलि यात्रा में मांडू चट्टी मुखिया अनीता देवी एवम छोटेलाल भुइयां की अध्यक्षता में कैंडल मार्च निकाला गया । जुलूस में शामिल अन्य शामिल गणमान्य लोग के नाम 1 धनेश्वर साव 2 कुंदन कुमार 3 सोनू कुमार 4 राहुल कुमार 5 महेश यादव 6 युगेश्वर महतो 7 मोहन भुइयां 8 सीटन भुइयां 9 मो0 मिस्टर 10 अमित कुमार 11 जाली भुइयां 12 अर्जुन राम एवम अन्य सैकड़ों लोग के साथ जुलूस निकाला गया।

## डोर टू डोर संपर्क किया गया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा नेता ऋषिकेश सिंह के गृह क्षेत्र वार्ड नंबर 5 मैं सभी आजसू भाजपा के कार्यकर्ता बूथ नंबर 32 में लगभग 50 घरों को एनडीए के उम्मीदवार श्रीमती सुनीता चौधरी को ईवीएम के बटन नंबर दो पर केला छाप पर बटन दबाकर विजय बनाने का अपील किया गया लोगों का जनसमर्थन काफी मिला है प्रत्येक घर के मुखिया ने पूर्ण आश्वासन दिया है कि हमारा भाजपा आजसू के साथ गठबंधन को ही अपना मत देते आए हैं और आगामी 27 तारीख को केला छाप पर बटन दबाकर श्रीमती सुनीता चौधरी को विजय बनाएंगे बंगाली टोला सीबू कॉलोनी के सभी जनता ने भारी मतों से विजय दिलाने के लिए संकल्प लिया एनडीए के प्रत्याशी श्रीमती सुनीता चौधरी जनता का प्रचंड मत हासिल करेगी भारतीय जनता पार्टी और आजसू के कार्यकर्ता के नेतृत्व में घर घर जाकर मतदान करने की अपील करते हुए अपने प्रत्याशी को विजय बनाने के लिए भाजपा जिला के महामंत्री रंजन सिंह फौजी आजसू के कार्यकर्ता समाजसेवी विशाल सिंह रामकुमार सिंह अनुज तिवारी भाजपा कैंट मंडल के मंत्री अजीत गुप्ता वार्ड नंबर 5 तथा कई जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता बंधु उपस्थित थे।

# बुंडू अनुमंडलीय अस्पताल में नवजात शिशु के जन्म के बाद अस्पतालकर्मियों की लापरवाही से बच्चे की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बुंडू :** रांची जिला अंतर्गत बुंडू प्रखंड के रांची टाटा मार्ग के बासीदा में अवस्थित अनुमंडलीय अस्पताल बुंडू में नामकुम प्रखंड क्षेत्र के लाली पंचायत अंतर्गत नीमटोली निवासी मंगल मुंडा के पुत्र शंकर मुंडा (23 वर्षीय) अपनी गर्भवती पत्नी शोभा देवी (21 वर्षीय) को प्रसव के लिए अपनी सास सावित्री देवी और फुआ सास चिंतामणी कुमारी के साथ 12 फरवरी को दिन में लगभग बजे पहुंचा और पत्नी को अस्पताल में भर्ती कराया एक घंटे बाद ही 12 बजकर पांच मिनट में शोभा देवी ने एक स्वस्थ्य नवजात शिशु (पुत्र) को




जन्म दिया जिसके बाद पुरे परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। शंकर मुंडा के अनुसार अस्पताल कर्मीयों के द्वारा उसे अवैध रूप से बारह सौ रुपए मांगे गए जिसपर शंकर ने एक हजार रूपए देने की बात कही पर अस्पताल कर्मी नहीं माने आखिकार शंकर को बारह सौ रुपए देने पड़े।इसके बाद शंकर मुंडा लगभग दस बजे रात को वापस अपने घर नीमटोली चला गया।इधर नवजात शिशु काफी रोने लगा तो इसके बारे में स्टाफ नर्स को बताया गया पर उसने यह कहकर बात को टाल दिया की बच्चे को इंजेक्शन लगा है इसलिए रो रहा है मां को दुध पिलाने दो पर बच्च्चा रोता रहा लगभग एक बजे के करीब एक नर्स वार्ड में आई पर उसने या किसी चिकित्सक ने बच्चे की जांच नहीं की ना ही कोई दवा दिया यहां तक कि बच्चे को नर्स ने छुआ तक नहीं। परेशान होकर शंकर मुंडा को सासू मां द्वारा फोन पर बच्चे के तबीयत बिगड़ने और रोने की सूचना दी गई।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने किया प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के मद्देनजर मंगलवार को गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ में द्वितीय एवं तृतीय मतदान पदाधिकारियों के लिए द्वितीय चरण के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रामगढ़ माधवी मिश्रा ने गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ का निरीक्षण कर प्रशिक्षण कार्यों का जायजा लिया।प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने मतदान पदाधिकारियों से कहा कि निर्वाचन के दौरान आपके द्वारा जो भी कार्य किए जाने हैं आप सभी उनकी गंभीरता को समझते हुए अच्छी तरह से प्रशिक्षण प्राप्त करें एवं अपनी सभी तरह की दुविधाओं को प्रशिक्षण के दौरान दूर कर ले।

## स्वीप के तहत 23 रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में हुआ जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आगामी रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव 2023 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा के निर्देश पर मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केंद्रों सहित अन्य क्षेत्रों में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता लूडो (सांप - सीढ़ी) खेल का आयोजन किया गया।



मौके पर बड़ी संख्या में लोगों ने खेल में भाग लिया। खेल के माध्यम से लोगों को चुनाव संबंधित विभिन्न जानकारियां जैसे चुनाव के दौरान किस प्रकार से मतदान करना हैज़ आवश्यक दस्तावेजों एवं क्या नहीं करना है के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। वही मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के ईवीएम एवं वीवीपैट के माध्यम से छात्रों एवं अन्य लोगों को निर्वाचन प्रक्रिया की।

## विधिसम्मत स्थानीय व नियोजन नीति बनाये सरकार : बाबुलाल मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** राज्य की हेमंत सोरेन की सरकार विधिसम्मत स्थानीय और नियोजन नीति बनाएं भाजपा मदद करेगी। राज्य सरकार दिल्ली के महंगे वकीलों पर करोड़ों खर्च करती है अपने आपको भ्रष्टाचार से बचाने की खातिर,सरकार चार पांच करोड़ रुपये उन्ही महंगे वकीलों को देकर विधिसम्मत स्थानीय और नियोजन नीति बनवाये जिसे कोर्ट में चुनौती न दी जा सके। ये बातें भाजपा विधायक दल के नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबुलाल मरांडी ने रामगढ़ के गोला के संग्रामपुर में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के समर्थन में आयोजित एक चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए कही। मरांडी ने लोगों को याद दिलाते हुए कहा कि जब अर्जुन मुंडा की सरकार में उपमुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन थे उन्होंने स्थानीय नीति खतियान आधारित बनाने की मांग को लेकर सरकार गिरा दी थी। बाद में कांग्रेस और राजद के साथ मिलकर सरकार बनाया। राज्य और केंद्र दोनों ही जगह यूपीए की सरकार थी लेकिन उस समय हेमन्त सरकार ने 1932 आधारित स्थानीय नीति बनाने की कोशिश नही की। आज दूसरे के कंधे पर बंदूक रख कर गोली चलाने की राजनीति कर रहे है। मरांडी ने सरकार की अकर्मण्यता पर बोलते हुए कहा कि जब से राज्य में हेमन्त सोरेन की सरकार बनी है तब से राज्य की हालत ठीक नही है। राज्य में विकास का काम ठप है। आज



तीन साल में विकास के एक भी काम यह सरकार नही कर पायी है। राज्य में सड़कों एवं पूल पुलिया का जाल एनडीए की सरकार ने बिछाई थी। गांव तक बिजली पहुंचाने का काम भी एनडीए की सरकार ने की थी। उन्होंने कहा आज राज्य में कानून व्यवस्था जर्जर हो चुकी है।राज्य में आज डीजीपी का पद रिक्त पड़ा है। यूपीएससी ने तीन नामों की लिस्ट राज्य सरकार को भेज चुकी है उन्ही तीन नामों में से किसी एक को डीजीपी बनाना है। लेकिन राज्य सरकार बना नही रही है। सौदेबाजी में लगी है कि कौन ज्यादा वसूली करके देगा। राज्य में लूट,चोरी,डकैती, हत्या की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हुई है। आज राज्य में कोई सुरक्षित नही है। बहन बेटियों के साथ दुष्कर्म और हत्या जैसी जघन्य घटनाएं घटित हो रही है।

## हाथ जोड़ो भारत जोड़ो यात्रा का विधायक ने किया मिहिजाम से शुभारंभ

**मिहिजाम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जामताड़ा विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी मंगलवार को वार्ड संख्या 19 से हाथ जोड़ो भारत जोड़ो यात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान वार्ड पार्षद सुमित्रा राय के अलावा काफी संख्या में महिला और पुरुष ने हिस्सा लिया। जहां विधायक ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी का सिद्धांत ही है कि नफरत को हटाकर लोगों के बीच प्यार बांटना। इसी उद्देश्य के साथ इस हाथ जोड़ो भारत जोड़ो कार्यक्रम का शुभारंभ किया जा रहा है। जो कि पूरे जिले में चलेगा।कहा कि भाजपा का मुख्य एजेंडा ही है लोगों के बीच नफरत फैलाकर आपसी भाईचारा को समाप्त करना। लेकिन कांग्रेस पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो कि लोगों को जोड़ने के साथ-साथ लोगों के बीच प्यार का पैगाम देती है। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि सह प्रखंड बीस सूत्री सदस्य परिमल मंडल ,दाऊद अंसारी ,युवा नेता दानिश रहमान, मुन्ना जैन, संजय गुप्ता उर्फ दीपू के अलावे काफी संख्या में महिला पुरुष ने हिस्सा लिया।




### कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी

पत्रांक......................खूँटी, **बन्दोबस्ती सूचना** दिनांक..................

वर्ष 2023–24 के लिए खूँटी बस पढ़ाव, डेली मार्केट खूँटी, पार्किंग एवं सप्ताहिक हाट का बन्दोबस्ती दिनांक 25.02.2023 को 11:00 बजे पूर्वाहन से थाना परिसर, खूँटी में होगी। इच्छुक डाक वक्ता बन्दोबस्ती में भाग लेने हेतु दिनांक 24.02.2023 समय 5.00 बजे अपराह्न तक अपना आवेदन पत्र जमानत राशि का बैंक ड्राफ्ट के साथ कार्यालय में प्रधान सहायक के पास जमा कर सकते हैं। सैरात की विवरणी निम्न प्रकार है:–

| क्रमांक | सैरात का नाम | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | खूँटी बस पड़ाव | 63,37,500/- | 6,33,750/- |
| 2 | डेली मार्केट | 17,65,000/- | 1,76,500/- |
| 3 | पार्किंग बाजार टांड, खूँटी (साईकिल, दो, तीन एवं चार पहिया वाहन) | 6,62,000/- | 66,200/- |
| 4 | सप्ताहिक बाजार/हाट | 19,25,000/- | 1,92,500/- |

बन्दोबस्ती संबंधी नियम एवं शर्त्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, खूँटी

PR 290250 Urban Development(22-23)#D



### समाहरणालय,खूँटी (जिला भू अर्जन शाखा)

**–ःग्राम सभा का सूचनाः–**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यपालक पदाधिकरी, नगर पंचायत, खूँटी के पत्रांक 144 दिनांक 25.01.2023 के द्वारा **शहरी जलापूर्ति परियोजना** हेतु मौजा–बिरहू के भूमि अधिग्रहण हेतु अधियाचना प्राप्त हुआ है। उक्त अधियाचना के आलोक में भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 41 के तहत मौजा बिरहू में ग्राम सभा से सहमति प्राप्त किया जाना है। जिसके लिए निम्न तिथि को एक ग्राम सभा की बैठक का आयोजन किया गया है, जिसमें ग्राम सभा के सभी सदस्यों की उपस्थिति अपेक्षित है।

**ग्राम सभा संबंधी विवरणी**

परियोजना – शहरी जलापूर्ति परियोजना।

| क्र0 | अंचल का नाम | मौजा का नाम | थाना संख्या | रकबा (एकड़ में) | तिथि | ग्राम सभा स्थल | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खूँटी | बिरहू | 239 | 0.055 | 23.02.2023 | पंचायत भवन, बिरहू। | 12.00 बजे अपराहन् |

ह0/–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,खूँटी

PR290275 (Land Reforms)22-23*D



### Office of the Executive Engineer
### Konar Canal Division, Banaso, Hazaribag.

**e-Procurement Notice**

**e-Tender Reference No.-** WRD/KCDivision,Banaso/SBD-01/2022-23 Dated.- 14.02.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Residual work of Approach channel From 0.00 M To 652.00 M and clearance of siltation and Boulder pitching Work on the Slope of approach channel. Under Konar Canal Division, Banaso. |
| 2 | Estimated Cost (Rs) | Rs. 10,97,10,637.00 |
| 3 | Time of Completion | 30 (Thirty) Months |
| 4 | Earnest Money (Rs.) | Rs. 10,98,000.00 |
| 5 | SBD Paper Cost (Rs.) | Rs. 10,000.00 (Non-Refundable) |
| 6 | Date of Publication of NIT(IFB) on web site | 24.02.2023 11:00 A.M |
| 7 | Last Date/Time for submission of bids | 16.03.2023 Up to 5.00 P.M |
| 8 | Last Date/Time for receipt for bid's Fee ,security and other documents | 18.03.2023 Up to 5.00 P.M |
| 9 | Technical Bid Opening Date | 21.03.2023 at 02:00 P.M |
| 10 | Name and address of office Inviting tender | Executive Engineer, Konar Canal Division, Banaso, Hazaribag |
| 11 | Contact no. of Procurement officer | 9431108950 |
| 12 | Helpline number of e-Procurement cell | 06546-267462 |

Note:- Only e-Tenders will be accepted. Further detail can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

**Change in estimated amount is possible.**

**Executive Engineer, Konar Canal Division, Banaso, Hazaribag.**

PR 290327 Water Resource(22-23)#D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–44, वर्ष 2022–23**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी,।
2. निविदा विपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक–24.02.2023 को 11.00 बजे पूर्वाहन् से 3.00 बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक–25.02.2023 के 11.00 बजे पूर्वाहन् से 3.00 बजे अपराहन् तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–25.02.2023 के 3.30 बजे अपराहन्।
5. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी, पोस्ट ऑफिस के बगल में।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी निम्नवत् है :–

निति आयोग

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कर्रा | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कर्रा में O.T. का जीर्णोद्धार कार्य। | 24,47,600/– | 49,000/– | 5000/– | 02 माह। |
| 2 | मुरहू | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मुरहू का जीर्णोद्धार कार्य। | 9,02,000/– | 18,100/– | 1250/– | 02 माह। |

विस्तृत जानकारी के लिए निविदा की शर्त कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है।

**कार्यपालक अभियंता,**
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी

PR 290233 Rural Development(22-23)#D



### कार्यालय, विद्युत कार्यपालक अभियंता
### विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनिर्यस हॉस्टल, धुर्वा, रॉंची

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 94/22–23**

1. विभाग का नाम :– उर्जा विभाग।
2. विज्ञापन दाता का पदनाम :– विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, रॉंची।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि :– दिनांक 20/02/2023 तक (2.00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दिनांक 21/02/2023 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 21/02/2023 को 3.00 बजे अपराह्न में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, रॉंची,/विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल रॉंची, एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, रॉंची।
8. निविदा खोलने का स्थान :– विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | धुर्वा रॉंची स्थित विधायक आवास, गेस्ट हाउस, विभिन्न एम0एल0ए0 आवास, मंत्री आवास में अवस्थित वातानुकूलित संयंत्र के वार्षिक सम्पोषण एवं रख–रखाव का कार्य। | 9,70,160=00 | 20,000=00 | 1250=00 | एक वर्ष |
| 2. | मान्नीय झारखण्ड, उच्च न्यायाल, डोरण्डा, रॉंची के एडवोकेट जेनरल के कार्यालय में अवस्थित 1 अदद् लिफ्ट के वार्षिक सम्पोषण एवं रख–रखाव का कार्य। | 4,17,253=00 | 9,000=00 | 750=00 | तीन वर्ष |

Note :- Terms & Condition also available in our website www.jharkhand.gov.in and our office Notice Board.

विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्य प्रमंडल, रॉंची

PR 290295 Energy (22-23)_D



### झारखण्ड सरकार
### श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
### अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग

भर्ती कैम्प, दिनांक – 26.02.2023

**सूचना**

अवर प्रादेशिक नियोजनालय –सह– मॉडल कैरियर सेन्टर हजारीबाग द्वारा दिनांक – 16.02.2023 को कार्यालय परिसर में 10:00 बजे पूर्वाहन से 4:00 बजे अपराह्न तक Bivasmaity/Schooc net India ltd Hazaribag के अधिन रिक्ति पदों पर नियुक्ति हेतु एक दिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसका विवरण निम्न हैं :–

| S. No | Name of the Establishment | Name of Vacancies | Vacancies | Qualification | Experience | Age | Pay/ Salary | Location | Duty Hr | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Bivasmaity/Schoolnet India ltd Hazaribag | ICT Instructor Govt School | 24 | Graduation With PGDCA /BCA / B.Sc - IT | - | 21-40 | 10000 | Hazaribag | - | - |
| | | ICT Instructor Govt School | 439 | With PGDCA /BCA / B.Sc - IT | - | 21-40 | 10000 | All Jharkhand | - | - |

योग्य एवं इच्छुक आवेदक (उम्मीदवार) जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.rojgar.Jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त उल्लेखित भर्त्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण–पत्रों एवं अंक प्रमाण–पत्रों की छाया प्रतियों तथा वायोडाटा दो प्रतियों में, दो पासपोर्ट साईज का फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उन्हे पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, अत एवं चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तेक्षप नहीं रहेगा। कोविड – 19 हेतु निर्गत दिशा–निर्देशो/SOP का दृढता पूर्वक अनुपालन किया जाना आवश्यक हैं। अतः समाजिक दूरी का पालन, फेसमास्क सेनिटाइजर एवं ग्लब्स इत्यादि का उपयोग करगें। इस निमित किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नही होगा।

नियोजन पदाधिकारी
अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग

PR 290321 Labour Employment and Traning(22-23)#D

## सड़क दुर्घटना में पांच घायल

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** केंदुआडीह थाना क्षेत्र के केंदुआपुल बजरंगबली मंदिर के समीप तेज गति से आ रही स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर एक दुकान में जा घुसा। मौके पर पांच लोग घायल हुए हैं जिनमे से दो की स्थिति नाजुक बताई जा रही। सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिये एसएनएमएमसीएच अस्पताल भेज दिया गया है। दुर्घटना मे एक मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गया है। मौके पर पहुंची केंदुआडीह पुलिस ने गाड़ी और ड्राईवर को अपने हिरासत मे ले लिया है तथा सभी बिन्दुओं पर जांच पड़ताल मे जुट गई है।



## जिला बीस सूत्री कार्यालय का उद्घाटन

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो के गरिमामय उपस्थिति में आज मंगलवार को प्रखंड कार्यालय के ऊपर तले में बीस सूत्री कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। बताया जाता है कि झारखंड सरकार के द्वारा गठित बीस सूत्री कमिटी गठन होने के कई माह बीत जाने के बाद भी कार्यालय का आवंटन नहीं होने के कारण कार्य निष्पादन में काफ़ी दिक्कत हो रहा था इसी को ध्यान में रखते हुए टुंडी विधायक ने आज बीस सूत्री कार्यालय का आवंटन किया एवं उपस्थित प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष इंद्रलाल बास्की एवं उपाध्यक्ष श्रवण टुडू को माला एवं अपने हाथों से मिठाई खिलाकर कार्यालय का शुभारंभ किया एवं बीस सूत्री अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को निर्देशित करते हुए कहा झारखंड सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर ज्यादा से ज्यादा उतारने का काम करें एवं वृद्धा पेंशन योजना पर बिशेष फोकस करें ताकि कोई भी बुजुर्ग वंचित ना रहे। इस समारोह में मुख्य रूप से टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो उनके निजी सचिव बसंत महतो टुंडी प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव कुमार,बीस सूत्री अध्यक्ष इंद्रलाल बास्की, उपाध्यक्ष श्रवण टुडू, टुंडी प्रमुख मालती मरांडी, झामुमो नेता कामेश्वर प्रसाद सिंह, अनवर अंसारी प्रखंड सचिव सुमन मिश्रा, बबलू सिंह, झामुमो प्रखंड के पूर्व अध्यक्ष फूलचंद किस्कू, संतूलाल किस्कू पुरनाडीह मुखिया बसंत नारायण तिवारी,घटक दलों कांग्रेस के रमन मिश्रा महिला मोर्चा अध्यक्ष निशा सिंह के अलावा कई लोग इस समारोह में शामिल हुए।



## चतुर्थ पुण्यतिथि पर याद किए गए डा. जनार्दन पांडे

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारतीय जनता पार्टी सैल्यूट तिरंगा के राष्ट्रीय सचिव रमेश पांडेय द्वारा अपने दादा स्व. डा. जनार्दन पाण्डेय की चतुर्थ पुण्यतिथि झरिया कतरास मोड़, कार्यालय में मनाया जा रहा है। इसे लेकर 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया गया है जो बुधवार तक चलेगा। साथ ही 15 फरवरी को सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है जिसमें कई गणमान्य लोग उपस्थित होंगे। इस मौके पर रमेश पांडे ने कहा कि उनके दादा स्व. डा. जनार्दन पांडे एक प्रख्यात समाजसेवी थे। उनके किए गए सामाजिक कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। स्व जनार्दन पाण्डेय के पुत्र वृंदावन पाण्डेय, नारद पाण्डेय, अजय पाण्डेय व पौत्र अमर पाण्डेय, गणेश पाण्डेय, रमेश पाण्डेय, मंटू पाण्डेय, विट्टू पाण्डेय एवं समस्त पाण्डेय परिवार स्व जनार्दन पांडेय के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा पुजा अर्चना कर अपने पुर्वज से आशिर्वाद लिया। वहीं इस पुण्यतिथि के अवसर पर बिहार के आरा से बुलाये गये पुरोहित व अखंड हरिकिर्तन गाने वाले कलाकारों के द्वारा भक्ति भाव के साथ पुण्यतिथि मनाई गयी।

## ग्यारह इंस्पेक्टर छह सप्ताह के लिए ट्रेनिंग में जाएंगे

**धनबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पुलिस महानिरीक्षक (प्रशिक्षण) के द्वारा जारी किए गए एक आदेश के अनुसार झारखंड के दो सौ इंस्पेक्टर 19 फरवरी से हजारीबाग में ट्रेनिंग के लिए जाएंगे, जिसमे धनबाद के ग्यारह इंस्पेक्टर का नाम भी शामिल है। इन सभी इंस्पेक्टर को पुलिस उपाधीक्षक पद पर प्रोन्नति मिलनी है। प्रोन्नति के पूर्व अधिष्ठापन पाठ्यक्रम का ट्रेनिंग देने के लिए इन इंस्पेक्टर को 19 फरवरी को झारखंड पुलिस अकादमी, हजारीबाग में योगदान देने का निर्देश दिया गया है। धनबाद जिला से इंस्पेक्टर पी के सिंह, किशोर तिर्की, सुभाष सिंह,अल्बिनुश इंदवार, प्रभात कुमार सिंह, नवीन कुमार राय, शारदा रंजन सिंह, सुधीर प्रसाद, देवेंद्र वर्मा, संजीव कुमार तिवारी और राज कपूर का नाम लिस्ट में दर्ज है।

# वन सम्पदा को नुकसान पहुंचाने वालों को बख्शा नहीं जायेगा : सुरेश राम

## नगर केशवरी में संचालित दो अवैध आरामिलो पर चला वन विभाग का बुलडोजर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया :** वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पूर्वी वन प्रमंडल के निर्देशों पर अवैध आरामिलो के विरुद्ध लगातार चलाए जा रहे सघन छापामारी एवं जप्ती अभियान के क्रम में सरिया प्रखंड के नगर केशवरी में अवैध रूप से संचालित 02 आरामिलों पर छापामारी एवं जप्ती की कारवाई की गई। आरामिल के विरुद्ध की गई छापामारी में अवैध रूप से स्थापित आरामिल, आरा हाथी, प्लेटफार्म को जे.सी.बी. से समूल उखाड़कर नेस्तनाबूद कर दिया गया और स्थल पर संग्रहित वन पदार्थो (लकड़ियों) एवं उपस्करों (डीजल इंजन, हाथी, विभिन्न प्रजाति के बोट्टा ) जिसकी कीमत लगभग 02 (दो लाख) रुपये से अधिक है, को जप्त करते हुए ट्रेक्टरों द्वारा वन प्रक्षेत्र कार्यालय, बगोदर(सरिया) परिसर में लाकर रखा गया है। अवैध आरामिलो के खिलाफ की गई छापामारी एवं जप्ती में आरामिल संचालक (1. जागेश्वर मंडल 2. सदानन मंडल ग्राम नगर केशवरी), (गल्लू मंडल, बच्चू मंडल, बबलू मंडल ग्राम नगर केशवरी) पर भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 41, 42 एवं बिहार काष्ठ चिरान (विनियमन) अधिनियम 1990 की धारा 9, 10, 14 के तहत वन मुकदमा दर्ज किया गया है।अवैध आरामिल के विरुद्ध आज हुई छापामारी एवं जप्ती का नेतृत्व सुरेश राम, वन क्षेत्र पदाधिकारी, बगोदर के द्वारा किया गया। इस क्रम में अवैध आरामिलो के खिलाफ लगातार की जा रही छापामारी एवं जप्ती को लेकर वन क्षेत्र पदाधिकारी ने बताया कि अवैध आरामिलो के खिलाफ छापामारी अभियान लगातार चलते रहेगा और जहाँ भी अवैध आरामिलो के संचालन की सूचना प्राप्त होगी, वहाँ बुलडोजर से इसे ध्वस्त करते हुए विधि-सम्मत कारवाई सुनिश्चत की जाएगी। उन्होने आगे बताया कि वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पूर्वी वन प्रमंडल के निर्देशानुसार चोरी-छिपे चल रहे दर्जनों अवैध आरामिलो पर छापामारी कर आरामिल संयंत्र को बुलडोजर से ध्वस्त किया गया है एवं अवैध रूप से संग्रहित विभिन्न प्रजाति के लकड़ियों को जप्त किया गया है। इस क्रम में दोषियों के खिलाफ वन मुकदमा भी दर्ज किया गया है। उन्होंने आगे यह भी बताया कि वन सम्पदा को नुकसान पहुंचाने वाले व्यक्तियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायगा। इस हेतु उनके द्वारा ग्रामीणों से वन क्षेत्रों में चोरी-छिपे आरामिलो के संचालन, अवैध पातन, खनन, परिवहन के बावत सीधे सूचना देने के लिए अपील भी किया गया है। आज हुई अवैध आरामिलो पर छापामारी में प्रक्षेत्र के अंशु कुमार, संजीत, हीरामन, संजीत वर्मा, डीलो रविदास, उदय केशरी, रवि कुमार, असलम अंसारी, विकाश कुमार, सोमनाथ मोदक, वनरक्षी शामिल थे।



## बच्चों ने पुलवामा के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** 14 फरवरी 2019 ये वो दिन था, जब एक आतंकी हमले में सीआरपीएफ के 44 जवान शहीद हो गए थे।

आज इस घटना के चार साल हो गए हैं, लेकिन इसके जख्म आज भी ताजा हैं।

पूरा देश आज पुलवामा हमले के शहीदों को नमन कर रहा है। मंगलवार को निचीतपुर स्थित पाठशाला के बच्चों ने भी इन शहीदों के याद में 1 मिनट का मौन रखा और उसके बाद अपनी प्रतिभा से अपने अंदाज में उनको श्रद्धांजलि अर्पित की।

## आशीर्वाद टावर अग्निकांड : जान जोखिम में डाल कर मदद करने वाले लोग हुए सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** कर्नल जे.के. सिंह ने धनबाद के बैंक मोड़ थाना अंतर्गत आशीर्वाद टावर अग्निकांड पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए ÷द रियल हीरो÷ जिन्होंने बिना वर्दी के भी देश सेवा का काम किया है वैसे कुछ लोगों को सम्मानित करने का काम किया। आज दिनांक 14 फरवरी 2023 को कर्नल जे.के. सिंह ने धनबाद के बैंक मोड़ थाना के थाना प्रभारी डॉ पी.के. सिंह, डॉ निर्मल ड्रोलिया, सरदार मंजीत सिंह बाबू, सरदार सतपाल सिंह बरोका, सुमित खेतान, सरदार जगजीत सिंह सम्मी को कप और ग्रीटिंग्स देकर हौसला बढ़ाया। ज्ञात हो कि पिछले दिनों 31 जनवरी की शाम बैंक मोड़ थाना अंतर्गत शक्ति मंदिर रोड स्थित आशीर्वाद टावर के बी-ब्लॉक में आगजनी की घटना सामने आई, जिसमें 14 लोगों की मृत्यु की पुष्टि की गई। पूरे घटनाक्रम में धनबाद के विधायक जो घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड से पहले घटनास्थल पर पहुंचे और पूरी तरह से स्थिति पर काबू पाने के बाद ही वहां से गए। साथ-साथ प्रशासनिक पदाधिकारी, डॉक्टर एवं स्थानीय लोगों ने देवदूत की तरह काम किया और कई लोगों की जाने बचाई जा सकी। घटन इतनी बड़ी थी कि सुनने वालों का दिल दहल उठता था।

घटना के बाद से सोशल मीडिया और ट्विटर पर धनबाद लगातार ट्रेंड करता रहा। खबर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक भी पहुंची, घटना के कुछ घंटों के अंदर ही पी.एम.ओ. द्वारा मुआवजे की घोषणा भी कर दी गई। इसी क्रम में जब कर्नल जे.के. सिंह को पूरी घटना की जानकारी मिली उन्होंने घटना में देवदूत बनकर आए लोगों को सम्मानित करने का निर्णय लिया, जिसके तहत आज धनबाद के बैंक मोड़ थाना में थाना प्रभारी डॉ पी.के. सिंह, डॉ निर्मल ड्रोलिया, सरदार मंजीत सिंह बाबू, सरदार सतपाल सिंह बरोका, सुमित खेतान, सरदार जगजीत सिंह सम्मी को कप और ग्रीटिंग्स देकर सम्मानित किया गया। और कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए यह लोग प्रेरणा के पात्र हैं। मौके पर कर्नल जे.के. सिंह ने इस घटना पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की, साथ ही बताया कि इस हादसे से आग की लपटों के साथ जो बात निकल कर सामने आई वह लोगों की इंसानियत। लोगों ने अपनी जान की परवाह किए बगैर प्रशासन और रेस्क्यू टीम के साथ जो सहयोग दिया है वह काबिले तारीफ है। समाज में बाधाएं आती हैं और ऐसे समय में जब समाज के लोग एक दूसरे का हाथ पकड़ कर एक दूसरे की मदद करने के लिए आगे आते हैं यह काबिले तारीफ है।



## ग्रामीणों पर प्रशासन की बर्बरता दुर्भाग्यपूर्ण : रविंद्र वर्मा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

धनबाद ÷ भूली बस्ती पंचवटी नगर बीसीसीएल जमीन विवाद मामले को लेकर कांग्रेस नेता प्रदेश महासचिव रविंद्र कुमार वर्मा भूली बस्ती पहुंचे और वहां के स्थानीय लोगों और महिलाओं से इस विषय पर पूरी जानकारी ली। जानकारी लेने के बाद श्री वर्मा भूली थाना के प्रभारी नंदू कुमार पाल से मिलकर पूरे विषय पर जानकारी ली और मौके पर ही इस विषय पर सीओ प्रशांत लाइक से बात की और उन्होंने साफ शब्दों में कहा की ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं व वहां के लोगों पर प्रशासन द्वारा बलपूर्वक व्यवहार किया गया है। जो उचित नहीं है इस पर कांग्रेस पार्टी गहन संज्ञान ले रही है इस विषय को आलाकमान को अवगत करा दिया गया है। ग्रामीण लोगों के आग्रह पर भूली पहुंचे रविंद्र वर्मा ने कहा की आगे इस तरह का व्यवहार अगर प्रशासन द्वारा किया गया तो इसको सरकार तक पहुंचाया जाएगा। मौके पर जिला महामंत्री गंगा बाल्मीकि, भूली नगर अध्यक्ष रौशन कुमार, ओबीसी नगर अध्यक्ष अरुण कुमार मंडल, यूथ कांग्रेस के सचिव अजय पासवान अरुण दास धूमा महतो उमाशंकर दशरथ आदि उपस्थित थे।

## 10वीं व 12वीं की परीक्षा के दौरान 21 परीक्षा केंद्रों पर रहेगी निषेधाज्ञा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली द्वारा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा के दौरान 15 फरवरी से लेकर 5 अप्रैल 2023 तक जिले के 21 विद्यालयों के 100 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा रहेगी। इसकी जानकारी देते हुए अनुमंडल पदाधिकारी श्री प्रेम कुमार तिवारी ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों में कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा का संचालन करने के लिए विधि व्यवस्था बनाए रखना आवश्यक है। वहीं परीक्षा अवधि में परीक्षा केंद्रों के अगल-बगल में अनावश्यक भीड़, मटरगश्ती, लाउडस्पीकर का उपयोग तथा अनाधिकृत रूप से हथियार लेकर चलने तथा कदाचार से संबंधित किसी प्रकार की वस्तु का उपयोग करने इत्यादि पर प्रतिबंध लगाना आवश्यक प्रतीत होता है। इसलिए जिले के 21 परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में परीक्षा अवधि के दौरान दंप्रसं की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा जारी रहेगी।

**इन परीक्षा केंद्रों के आसपास रहेगी निषेधाज्ञा :-** डीएवी पब्लिक स्कूल कोयला नगर, डीएवी पब्लिक स्कूल मूनीडीह प्रोजेक्ट, डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई, डीएवी पब्लिक स्कूल कुसुंडा कोलियरी, लायंस पब्लिक स्कूल सिंदरी, राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर अशोक नगर धनबाद, दिल्ली पब्लिक स्कूल कार्मिक नगर, डीएवी सैंटनरी पब्लिक स्कूल बानियाहिर, धनबाद पब्लिक स्कूल भूंईफोड़ मंदिर के निकट, सरस्वती शिशु मंदिर श्यामदीह कतरास, श्रीमती गिनिया देवी मॉडर्न स्कूल चिरकुंडा, सरस्वती विद्या मंदिर श्रमिक नगर भूली, गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल सेंट्रल गुरुद्वारा के पीछे बैंक मोड़, जीजीसीटी सेंट जेवियर इंटरनेशनल स्कूल नवाडीह, धनबाद पब्लिक स्कूल हीरक ब्रांच नागनगर, सिंबायोसिस पब्लिक स्कूल बरवाअड्डा, द्वारिका मेमोरियल फाउंडेशन एकेडमी बिशुनपुर, मोंटफोर्ट एकेडमी तोपचांची, केंद्रीय विद्यालय नंबर 1 धनबाद, केंद्रीय विद्यालय मैथन तथा जवाहर नवोदय विद्यालय मैथन के 100 मीटर की परिधि में परीक्षा की अवधि के दौरान निषेधाज्ञा रहेगी।

## तीन कोयला डिपो में छापेमारी, 80 टन कोयला जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** गोविंदपुर थाना क्षेत्र के तीन कोयला डिपो में छापेमारी कर पुलिस ने सोमवार को 80 टन कोयला जब्त किया। डीएसपी मुख्यालय वन अमर कुमार पांडेय के नेतृत्व में पुलिस ने पहली छापेमारी अंबोना मोड़ स्थित मां तारा कोक इंडस्ट्रीज में की। इस डिपो का संचालन संजय दास द्वारा किया जा रहा था। पुलिस ने यहां से एक ट्रक समेत 30 टन कोयला जब्त किया। इसमें जमीन पर 20 टन और ट्रक पर लदा 10 टन कोयला शामिल है। यहां से तीन मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। इन मोटरसाइकिल से कोयला ढोकर कर लाया जाता था। पुलिस ने यहां से संजय दास के भगीना आनंद दास एवं आफताब आलम को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि संजय दास अवैध कोयला के कारोबार में जेल गया था और 1 माह पूर्व ही जेल से छूटा था। जेल से छूटने के बाद उसने कोयला का धंधा फिर से शुरू कर दिया था। इसके बाद पुलिस ने खड़काबाद में ठिकाना होटल के पास एक बेनामी कोयला डिपो में छापेमारी की और करीब 50 टन अवैध कोयला जब्त किया। इस कोयला डिपो में छापेमारी के दौरान कोई नहीं था और न ही किसी तरह का रजिस्टर वगैरह ही था। पुलिस ने कोयला को जब्त कर लिया है। इसके संचालक की तहकीकात की जा रही है। तीसरी छापामारी बरवापूर्व अवस्थित दुमदुमी में की गई। इस डिपो में भी न तो संचालक मिला और न ही कोई कर्मचारी। यहां से पुलिस ने 10 टन अवैध कोयला जब्त किया। तीनों स्थानों से जब्त कोयले का कोई कागजात नहीं मिला है। पुलिस को अंदेशा है कि अवैध कोयला का कारोबार तीनों डिपो द्वारा किया जा रहा था। छापेमारी में गोविंदपुर पुलिस इंस्पेक्टर उमेश प्रसाद सिंह एवं एसआई सुभाष शर्मा भी शामिल थे।



## संदेहास्पद स्थिति में मिला विवाहिता का शव, जांच में जुटी पुलिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** डोरंडा गावां मुख्य मार्ग पर घंघरीकुरा के समीप स्तिथ एक पुलिया के नीचे संदेहास्पद स्थिति में विवाहिता का शव मिला है। इसके साथ ही आसपास जगहों पर महिला का आधार कार्ड एवम बैंक पासबुक मिला है। शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। जानकारी के अनुसार मृतिका का पहचान गावां थाना क्षेत्र के चिहुटिया निवासी लखन महथा की 25 वर्षीय पुत्री रिंकी कुमारी के रूप में किया गया है। मृतका का कुछ वर्ष पूर्व हीरोडीह थाना क्षेत्र के टिकोडिह निवासी हेमराज पासी में विवाह हुआ था। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका 3 दिन पूर्व ससुराल से अपने मायके आई थी। जिसके बाद सोमवार को पति के कहने पर अपने मायके से गावां बैंक पैसे निकालने के लिए गई थी जिसके बाद से वह लापता थी। बता दें कि मंगलवार की सुबह ग्रामीणों ने शव को देखा जिसके बाद उक्त मार्ग में आने जाने राहगीरों और ग्रामीणों की भीड़ लग गई। किसी के द्वारा शव मिलने की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के पश्चात तिसरी एवम गावां थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है। शव को देखते हुए पत्थर से कूच कर हत्या किए जाने का आशंका जाहिर किया जा रहा है। वहीं मृतका के मायके वालों ने बेटी के पति, ससुर व भैंसुर पर हत्या का आरोप लगाया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पूर्व विधायक राजकुमार यादव भी घटना स्थल पर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दिए। इसके साथ ही पुलिस से घटना का अविलंब उद्भेदन करने एवम आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का मांग किया हैं।

## बाघमारा में वित्तीय साक्षरता व डिजिटल लेनदेन अभियान का उद्घाटन

**बाघमारा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखण्ड में प्रखण्ड स्तरीय वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल लेनदेन अभियान का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा किया गया। इसमें डिजिटल ग्रामीण पंचायत टैग लाइन के साथ गांव के अंतिम लोगों के बीच जाकर डिजिटल लेनदेन के लिए जागरूक किया जाना है। उक्त कार्यक्रम में प्रखंड से बैंक सखियों के साथ वित्तीय साक्षरता कैडर, बीसी सखियों तथा डिजी-पे सखी ने भाग लिया। डीएमएमयू धनबाद इकाई से जिला प्रबंधक-वित्तीय समावेषण ने कार्यक्रम में कतरास बैंक ऑफ इंडिया प्रबंधक, बाघमारा के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, प्रखण्ड की प्रमुख, झींझिपहाड़ी तथा लुट्टीपहाड़ी के मुखिया, बैंक व सीएससी पदाधिकारियों के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज की। इस दौरान बाघमारा के लुट्टीपहाड़ी एवं भीमकनाली में बैंक ऑफ इंडिया की सहभागिता से ग्राहक सेवा केन्द्र की शुरूआत की गई। इन केन्द्रों के लिए सीएससी कॉर्परेट साझेदार की भूमिका निभाएगा। केन्द्रों का उद्घाटन आजीविका महिला संकुल संगठन की सदस्यों की उपस्थिति में कतरास बैंक ऑफ इंडिया प्रबंधक ने अन्य अधिकारियों के साथ मिलकर किया। इसी क्रम में ग्रामीण परिवेश में डिजीटलीकरण को मजबूती देने के लिए झींझिपहाड़ी पंचायत में डिजीटल पंचायत का उदघाटन भी किया गया।

## जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन




**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को नेहरू युवा केन्द्र गिरिडीह के द्वारा गिरिडीह स्टेडियम में दो दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे ज़िले के विभिन्न प्रखंडो से खिलाड़ियों ने भाग लिया। वही जिसका उद्घाटन विनोभा भावे सिंडिकेट सदस्य रंजीत राय व क्रीड़ा भारती अमित स्वर्णकार ने फीता काटकर किया। वही बताया गया कि फुटबॉल ओर भाला फेक कराया गया। फुटबॉल में गिरिडीह प्रखण्ड प्रथम व द्वितीय पीरटांड़ प्रखण्ड ने हासिल किया । बताया गया कि बुधवार को दौड़, कब्बडी, वॉलीबॉल किया जएगा। वही अतिथियों द्वारा सभी प्रथम , द्वितिय, तृतिया स्थान प्रपात करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जएगा ।

## चोरों के गिरोह को पुलिस ने दबोचा, नगदी व गहने बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** शादी समारोह में गहने जेवरात चोरी करने वाले गिरोह का जोड़ापोखर पुलिस ने भंडाफोड़ किया। सिंदरी डीएसपी अभिषेक कुमार ने थाना परिसर में प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दिया है। डीएसपी ने बताया है की जियलगोरा गेस्ट हाऊस में 10 दिसम्बर को बीसीसीएल कर्मी गोपाल दुसाद के पुत्र चंदन पासवान की शादी की रिसेप्शन समाहरोह की पार्टी चल रहा था। तभी अज्ञात चोरों द्वारा जेवर, नगद, उपहार स्वरूप रुपये से दिया गया बैग को उड़ा लिया गया था। थाना प्रभारी राजदेव सिंह ने अनुसंधान के दौरान रांगामाटी के रहने वाले युवक को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से चोरी गया सभी समान को बरामद कर लिया गया है। 3 फरवरी को धनबाद रंगाटांड समुदाय भवन में आयोजित रिसेप्शन पार्टी में नगदी, सहित चोरी की गई सामग्री भी बरामद किया गया है। सूरज के खिलाफ बलियापुर थाना में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। सूरज के पास से बरामद समाग्री में शामिल है तीन मोबाइल, दो जोड़ा कान का टॉप, एक सोने का मंगलसूत्र, दो जोड़ा चांदी का पायल, एक चांदी का चैन, एक सोने की अंगूठी, एक छूछी, दो जोड़ा बिछिया, सहित नगद चार लाख ,तिरासी हजार रुपए शामिल है। गिरफ्तार सूरज को जोड़ापोखर कांड संख्या 269/22 के तहत जेल भेज दिया गया है।

## अनुपम शर्मा, महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेल द्वारा बाढ़ थर्मल पावर से जुड़ी कोल कनेक्टिविटी परियोजनाओं के कार्य प्रगति का किया गया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनुपम शर्मा द्वारा आज 14.02.2023 को बाढ़ थर्मल पावर को निर्बाध कोयले की आपूर्ति से जुड़ी परियोजनाओं का निरीक्षण किया गया। महाप्रबंधक महोदय द्वारा आज सबसे पहले ग्रैंड कॉर्ड सेक्सन के गया स्टेषन के पास बंधुआ-पैमार के मध्य 12.3 किमी लंबे निर्माणाधीन आरओआर (रेल ओवर रेल) का निरीक्षण किया गया। महाप्रबंधक महोदय द्वारा बंधुआ स्टेषन का निरीक्षण किया गया । इसके उपरांत महाप्रबंधक महोदय द्वारा बंधुआ-राजगीर रेलखंड के रेल पटरियों, पुल-पुलियों एवं संरक्षा से जुड़े अन्य मानकों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के अंत में उन्होंने पटना-हावड़ा मुख्य लाइन पर स्थित बख्तियारपुर के पास 4.6 किमी लंबे निर्माणाधीन आरओआर का भी निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक महोदय ने दोनों आरओआर को निर्धारित लक्ष्य पर पूरा करने हेतु आवष्यक दिषा-निर्देष भी दिए। विदित हो कि बाढ़ थर्मल पावर तक कोयले की सुगम पहुंच हेतु 13.07 किमी लंबे बंधुआ-पैमार सरफेस ट्रायंगल एवं 19 किमी लंबे करनौती-बख्तियारपुर सरफेस ट्रायंगल का निर्माण कार्य पूरा कर इसकी कमीषनिंग की जा चुकी है तथा दोनों जगह आरओआर (रेल ओवर रेल) का निर्माण कार्य प्रगति पर है ।



**संक्षिप्त खबरे**

## सांसद प्रतिनिधि ने किया प्रतिनिधि मंडल को दिल्ली रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जनजातीय मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के द्वारा दिल्ली में आदि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है आदि महोत्सव में भाग लेने के लिए सिमडेगा जिला एवं पालकोट प्रखंड के 23 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल दिल्ली रवाना हुए जहां वो आदि महोत्सव कार्यक्रम में भाग लेंगे। केंद्रीय मंत्री के सिमडेगा जिला के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने सभी सदस्यों को रांची रेलवे स्टेशन से विदा किया एवं सभी को शुभकामनाएं दी सभी सदस्यों ने केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा की हमें मंत्री जी के प्रयास से आदि महोत्सव में भाग लेने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ है इसके लिए मंत्री जी एवं जिले के सांसद प्रतिनिधि धन्यवाद के पात्र हैं। मौके पर केंद्रीय मंत्री के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कहा की केंद्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुंडा के मंत्रालय ट्राईबल अफेयर्स द्वारा आदि महोत्सव का आयोजन किया गया है।

## उपायुक्त ने अवार्ड मनी के बेहतर इस्तेमाल के लिए नई योजनाओं के चयन को लेकर की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज आकांक्षी जिला में बेहतर कार्य के लिए केंद्र सरकार की ओर से प्राप्त अवार्ड मनी के बेहतर इस्तेमाल हेतु नई योजनाओं के चयन संबंधी बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में इस अवार्ड मनी से जिला में जेएसएलपीएस के महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा एक दीदी कैफे के संचालन, बीएस कॉलेज लोहरदगा में ई-लाईब्ररी के अधिष्ठापन, जेएसएलपीएस महिला स्वयं सहायता समूह को स्थानीय व आधुनिक परिधानों के निमार्ण हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम, सीएचसी का आधुनिकीकरण, अनुसूचित जनजातीय आवासीय उच्च विद्यालय किस्को और पेशरार प्रखण्ड में अनुसूचित जनजातीय आवासीय विद्यालय का आधुनिकीकरण के प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा की गई और इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई करते हुए विस्तृत कार्ययोजना बना कर एक सप्ताह के अंदर नीति आयोग को भेजे जाने का निदेश दिया गया। आज की बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, जिला योजना पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी संबंधित फेलो उपस्थित थे।


## विपिन पंकज मिंज बने जिला प्रमुख संघ के अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटाँगर :** मंगलवार को बांसजोर प्रमुख तारामणि सोरेंग की अध्यक्षता में जिला सिमडेगा अंतर्गत सभी प्रमुख की उपस्थिति में जिला परिषद कार्यालय सिमडेगा के सभाकक्ष में एक आवश्यक बैठक की गई । जिसमें जिला प्रमुख संघ का गठन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमे ठेठईटांगर प्रमुख विपिन पंकज मिंज को अध्यक्ष, बांसजोर प्रमुख तारामणि सोरेन को उपाध्यक्ष, रजत लकड़ा प्रमुख पाकेडांड़ को सचिव तथा दुतामी हेमरोम प्रमुख कोलेबिरा को कोषाध्यक्ष बनाया गया। जिला सिमडेगा प्रमुख संघ के अध्यक्ष बनने पर विपिन पंकज मिंज ने कहा कि आप सभी जानते हैं कि एकता में ही बल है और एकता को बनाए रखने के लिए संघ की बहुत आवश्यकता होती है, जिसे आज आप लोगों के सहयोग से बनाया गया, और आप लोगों ने मुझे अध्यक्ष पद सौंपा है निश्चय ही मैं आप लोगों के विश्वास पर खरा उतरूंगा और जब कहीं कभी भी मेरी आवश्यकता होगी ,जिले के हर प्रखंड में मैं आप लोगों के सहयोग के लिए जरूर आऊंगा ताकि जनता का जो समस्या है उसे हम बारीकी से समझ सके, उसका हल हम सभी मिलकर कर सकेंगे। मेरी प्राथमिकता रहती है कि जनता का काम होना चाहिए, उनको जो लाभ मिलना चाहिए वह सही तरीके से और सही जन तक पहुंच सके, जिसके लिए हम सभी मिलकर प्रयास करेंगे। मौके पर बानो प्रमुख सुधीर डांग, बांसजोर प्रमुख तारामणि सोरेन , ठेठईटांगर प्रमुख विपिन पंकज मिंज, रजत लकड़ा पाकेडांड़ प्रमुख, कोलेबिरा प्रमुख दुतामी हेमरोम, कुरडेग प्रमुख सरस्वती देवी, केरसइ प्रमुख तरण भोय, सिमडेगा प्रमुख सुशीला देवी, सुनीता कुल्लू बोलबा प्रमुख एवं जिला परिषद के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष मौजूद थे।

## पत्नी ने ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न का लगाया आरोप, पति को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दहेज उत्पीड़न व मार पीट के आरोप में नगड़ी थाना क्षेत्र के साहेर रोड स्थित निवास स्थान से पति को गिरफ्तार सेन्हा पुलिस द्वारा भेजा गया जेल। सेन्हा थाना क्षेत्र के उगरा कटहर टोली निवासी रामाधार सिंह अपनी पुत्री सोनी देवी उर्फ प्रियंका का विवाह वर्ष 2022 में सामाजिक रीति रिवाज से अपनी पुत्री का विवाह राँची जिला अन्तर्गत नगड़ी थाना क्षेत्र के साहेर रोड निवासी बलराम सिंह के 32 वर्षीय पुत्र शशिभूषण सिंह के साथ किया था। वही पीड़ित महिला ने सेन्हा था में आवेदन देते हुए बताया कि विवाह के उपरांत दहेज मामला को लेकर हमेशा पति एवं महिला के ससुराल वालों लड़ाई झगड़ा और मार पीट करते रहते थे। जिससे महिला तंग आ कर सेन्हा थाना में अपने ससुराल वालों का पांच नामजद के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज कराते हुए न्याय का गुहार लगया था। इस संदर्भ में पु0आ0नि0 संतोष कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि दहेज को लेकर मार पीट कर प्रताड़ित करने के आरोप में सेन्हा थाना कांड संख्या 5/23 दर्ज कर धारा 498 ए 504, 506, 323, 34 आईपीसी एवं 3/4 के तहत पुलिस द्वारा कारवाई करते हुए 32 वर्षीय शशिभूषण सिंह को गिरफ्तार किया गया है। और नियम संगत कारवाई करते हुए मेडिकल जांचोपरांत दहेज प्रताड़ना के आरोपी पति को जेल भेजा गया। साथ ही उन्होंने कहा कि इस मामला में संलिप्त चार अभियुक्त के विरुद्ध भी अग्रतर कारवाई किया जा रहा है।

## नाबालिक लड़की भागने के आरोप में युवक गिरफ्तार भेजा गया जेल



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुलिस अधीक्षक के निर्देश में सेन्हा पुलिस नाबालिक लड़की को भगाने के आरोप में लोहरदगा बस स्टैंड से गिरफ्तार कर मेडिकल जांचोपरांत भेजा जेल। सेन्हा थाना क्षेत्र से नाबालिक लड़की को बहला फुसला कर भागने के आरोप में सराफत अन्सारी का पुत्र तबरेज अन्सारी को सेन्हा थाना कांड संख्या 20/23 दर्ज कर धारा 363, 366 ए के तहत कारवाई करते हुए मंगलवार को जेल भेजा गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने जानकारी देते हुए कहा कि नाबालिक लड़की के परिजनों द्वारा आवेदन देते हुए भड़गांव निवासी सराफत अंसारी के 23 वर्षीय पुत्र तबारक अंसारी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस कारवाई जारी था। बताते हुए उन्होंने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देशानुसार टीम गठित कर लोहरदगा बस स्टैंड से आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। साथ ही उन्होंने कहा कि नाबालिक लड़की को कहीं और लेकर भागने के फिराक में था। जिसकी गुप्त सूचना मिलते ही कारवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया है।

## बीडीओ ने अपूर्ण पीएम आवास निर्माण देख लगाई लाभुक को फटकार, शीघ्र पूर्ण करने के दिये निर्देश



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अन्तर्गत 14 फरवरी मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र नरौली पंचायत के पचागांई गाँव के पीएम आवास लाभुको का अपूर्ण आवास निर्माण कार्य देख बीडीओ ने लगाई लाभुक को फटकार, कहा शीघ्र पुर्ण नहीं करने पर की जायेगी कानूनी कार्रवाई। प्रवि पदा0 पवन कुमार महतो ने पचागाँई गाँव मे पीएम आवास निर्माण कार्य के लाभुक वासुदेव उराँव, मनोरमा देवी, जतरू उराँव, धन शीला उराँव, लखनी उराँव, इत्यादि का अपूर्ण पीएम आवास निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण कर योजना निर्माण कार्य स्थल पर लाभुक को लगाई फटकार। प्रविपदा ने लाभुको से कहा यदि शीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण आप सभी ने नहीं किया तो आपलोगों पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। मौके पर प्रधानमंत्री आवास निर्माण प्रखंड समन्यवक दिनेश कुमार, ग्राम रोजगार सेवक, स्वयंसेवक एवं पीएम आवास निर्माण योजना के लाभुक उपस्थित थे।

## राज्य को आईसीयू में ले गई गठबंधन की सरकार : तुलसी कुमार साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल कार्य समिति की आवश्यक बैठक सामुदायिक भवन कुंजन नगर में नगर अध्यक्ष सतनारायण प्रसाद जी के अध्यक्षता में संपन्न हुआ इस बैठक में मुख्य रूप से आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए बूथ कमेटी पन्ना प्रमुख नगर कमेटी एवं नगर के सभी मोर्चाओं का समीक्षा किया गया एवं प्रदेश द्वारा दिए गए दिशा निर्देश को सभी कार्यकर्ताओं को बताया गया हर बिंदुओं पर गंभीरतापूर्वक सभी कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श किया गया सभी कार्यकर्ताओं ने गंभीरतापूर्वक सभी बातों को सुना एवं अमल करने की बात कही गई। इसी दौरान जिला मंत्री सह नगर प्रभारी तुलसी कुमार साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अन्य पार्टियों की तरह अपने निजी स्वार्थ सत्ता में आने के लिए चुनाव नहीं लड़ती है भारतीय जनता पार्टी का हमेशा लक्ष्य रहता है राज्य में अमन चैन हो राज्य में अंतिम व्यक्ति तक संपूर्ण विकास हो राज्य सरकार जनता के हित में हो राज्य में जब से गठबंधन की सरकार बनी है भ्रष्टाचार चरम पर है राज्य में विधि व्यवस्था पूरी तरह से फेल हो चुकी है राज्य की जनता की समस्याओं को कोई देखने वाला नहीं है राज्य सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो चुकी है राज्य सरकार को अभिलंब त्यागपत्र दे देना चाहिए राज्य की जनता राज्य की गठबंधन सरकार को चुनकर अपने आप को ठगा महसूस कर रही है आगामी लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा चुनाव राज्य की जनता अपना मताधिकार का प्रयोग करते हुए इस गठबंधन की सरकार को मुंहतोड़ जवाब देगी इस राज्य की जनता भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए मन बना चुकी है।

**माता-पिता धरती पर भगवान के साक्षात स्वरूप : शशिधरलाल अग्रवाल**

## सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय में मातृ पितृ पूजन दिवस का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय लोहरदगा में मंगलवार को मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष महोदय शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा हमें पाश्चात्य संस्कृति का अनुकरण नहीं करते हुए अपनी परंपरा और संस्कृति को जानना समझना चाहिए जिसमें माता पिता हमेशा पूजनीय और वंदनीय रहे हैं। माता-पिता धरती पर भगवान के साक्षात स्वरूप हैं। भगवान गणेश, भगवान राम, श्रवण कुमार आदि सनातन संस्कृति में माता पिता की भक्ति के श्रेष्ठतम उदाहरण प्रस्तुत करने वाले रहे हैं। अभिभावकों में हरिनारायण साहू, नीलमणि देवी, मुखदेव भगत ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में 16 माता पिता को महाविद्यालय द्वारा उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने अपने अपने माता पिता की पूजा करते हुए उनकी परिक्रमा भी की। तिलक लगाकर पुष्प अर्पित किया और मिष्ठान खिलाकर उनका आशीर्वाद लिया। कक्षा ग्यारहवीं के बहनों ने माता पिता को समर्पित गीत से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का संचालन नीतू कुमारी और धन्यवाद ज्ञापन चेतना प्रिया ने किया। मौके पर उपाध्यक्ष विनोद कुमार राय, समिति की सदस्या शोभा देवी और अभिभावकों में फुलमनी देवी, हरिनारायण साहू, यशोदा देवी, नीलमणि देवी, बलराम कुमार, रमेश कुमार, मुन्नी उरांव, सबिता देवी, जय साहू, सुखदेव भगत, सिंधु देवी, तेतरी देवी, अनूप उरांव, रोहित ठाकुर, सरिता देवी, जीतन उरांव मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## सुंदरी देवी शिशु मंदिर में माता पिता पूजन उत्सव का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले के सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में मात्र पिता पूजन उत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया वही सरस्वती वंदना के बाद माता पिता पूजन उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर माता पिता के चरणों में वंदन तथा आरती एवं पुष्प चढ़ाकर छात्र-छात्राओं ने श्रद्धा पूर्वक अपना कर्तव्य निभाया। इस अवसर पर संचालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल ने कहा कि माता पिता के चरणो में स्वर्ग का सुख है। वही अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि माता-पिता भगवान के रूप होते हैं इन्हें हमेशा सम्मान देना चाहिए इस कार्यक्रम के दौरान माहौल पूरा भावुक था। मौके पर छात्र-छात्राओं के माता-पिता एवं स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर काफी उत्साहित हैं। मंच संचालन श्री अशोक सिंह द्वारा किया गया। अतिथि परिचय का कार्य गणेश प्रसाद द्वारा। इस मौके पर जिले के विभिन्न गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में नंद किशोर साहू, महेंद्र कुमार मिश्रा, अशोक प्रसाद, जगदीश पांडे, विलोचन साहू, सुनीता कुमारी, लक्ष्मी देवी, मीनाक्षी, दिव्या, दीपिका देवी का अहम भूमिका रही।

## पुलवामा आतंकी हमले में शहीद वीर जवानों को बजरंग दल के बैनर तले महावीर चौक में दी गई श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** पुलवामा आतंकी हमले में शहीद वीर जवानों को याद करते हुए मंगलवार को सिमडेगा के हृदय स्थली महावीर चौक के समीप बजरंग दल के बैनर तले श्रद्धांजलि दी गई ।मौके पर मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष कौशल राज्य सिंह देव जिला मंत्री कृष्णा शर्मा बजरंग दल जिला संयोजक आनंद जायसवाल, उपस्थित रहे। इस दौरान सर्वप्रथम सभी वीर जवानों को बारी-बारी से पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित कर 2 मिनट का मौन रखते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई ।मौके पर विहिप जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने कहा कि देश ने आज ही के दिन अपने एक साथ 40 भारत मां के लाल को खोया था और यह आतंकी हमला पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। आज ही के दिन दुश्मन देश द्वारा कायरता पूर्वक सीआरपीएफ बस से भरी वाहन को आरडीएक्स से उड़ा कर देश की भारी नुकसान पहुंचाया। हम उनके शहादत को कभी नहीं भुला सकते हैं और हम अपने देश अपनी भारत माता की सेवा के लिए सदैव उन्हीं की भांति उन्हीं की सोच को लेकर आगे बढ़कर कार्य करेंगे।

## भंडरा थाना में महाशिवरात्रि व उर्स मेला को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** महाशिवरात्रि व उर्स मेला को लेकर मंगलवार को भंडरा थाना परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत सिन्हा, अंचलाधिकारी दिनेश प्रसाद गुप्ता व थाना प्रभारी गौतम कुमार की उपस्तिथि में शांति समिति बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें भंडरा प्रखंड के सभी पंचायत जनप्रतिनिधि व गांव के बुद्धिजीवियों ने भाग लिया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बनाएं रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। त्योहार एक दूसरे के साथ मिल जुलकर आपसी भाईचारगी के साथ मनाना है। वही अंचलाधिकारी ने बताया कि त्योहार मिल झूल कर मनाए एक दूसरे के सहयोग से त्योहार और भी मनभावक हो जाता है। थाना प्रभारी ने कहा कि महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में कुम्हरिया में आयोजित मेला में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रखंड प्रशासन की तरफ से पूरी व्यवस्था की गई है। साथ ही आगामी 19 फरवरी को भंडरा के कुंबाटोली में जलसा का आयोजन किया गया है। जिसमें सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अतिरिक्त पुलिस बल की नियुक्ति की जाएगी।

## मोबिलाईजेशन सह जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजन




**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** किस्को प्रखंड सह-अंचल कार्यालय परिसर में स्कूलों के छात्र-छात्राओं एवं बेरोज़गार युवा-युवतियों को कौशल प्रशिक्षण से जोडने हेतु एक दिवसीय मोबिलाईज़ेशन सह जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे सदस्य, जिला परिषद किस्को, प्रखंड विकास पदाधिकारी किस्को, जिला कौशल पदाधिकारी लोहरदगा, प्रमुख एवं उप प्रमुख ने सभी का मार्गदशन किया ताकि ज़्यादा से ज़्यादा युवा इस अवसर का लाभ उठा सकें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**उपायुक्त कार्यालय समक्ष खद्यान व्यापारियों ने किया धरना प्रदर्शन कहा,**

## कृषि कानून से मिलेगा अफसरशाही व भ्रष्टाचार को बढ़ावा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** कृषि उपज एवं पशुधन विपणन विधेयक 2022 के विरोध में झरखण्ड फेडरेशन के निर्देशानुसार लोहरदगा चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्यों द्वारा एकदिवसीय धरना प्रदर्शन उपायुक्त कार्यालय गेट समक्ष किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षीय संबोधन में चैंबर अध्यक्ष रितेश कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा लाये गये कृषि कानून व्यापार विरोधी के साथ साथ किसान विरोधी व उपभोक्ता विरोधी कानून है। जिसके चक्की में सभी वर्ग के लोग पीस दिये जायेंगे।हम खद्यान व्यापारी पहले से हीं विभिन्न प्रकार के नियम कानून पूरा करते परेशान है,विभिन्न प्रकार के टैक्सों का भुगतान व लेखा जोखा करते हैरान रहते हैं ऊपर से एक और नया कानून बर्दाश्त नहीं होगा। इसबार एकबार फिर से सरकार और व्यापारी आमने सामने है, जिस प्रकार 7AC और पूर्व में 1 प्रतिशत लागू कृषि कर के विरुद्ध लड़ाई लड़ समाप्त करवाई थी,इसबार भी यह काला कानून वापस सरकार को लेना ही होगा। कार्यकरिणी सदस्य चन्दन गोयल ने कहा कि कृषि क़ानून के तहत लगाया गया 2प्रतिशत टैक्स 2प्रतिशत नहीं बल्कि कर चक्र है जो 8 त्र है। क्योंकि सबसे पहले कच्चे माल पर 2प्रतिशत कर लगेगा फिर फैक्ट्री से निकले तैयार माल पर 2प्रतिशत और फिर ग्राहकों को बिक्री पर 2प्रतिशत देना होगा और थोड़ी सी चूक हुई तो अफ़शरशाही पर 2प्रतिशत का बोझ अलग से। अर्थात यह कृषि कानून नहीं बल्कि ऐसा काला कानून है जो र्भ्ष्टाचार, अफ़शरशाही के साथ साथ महँगाई को चरम तक पहुंचाने वाली है। वहीं वरीय उपाध्यक्ष पंकज जायसवाल ने कहा कि सरकार को हर हाल में यह काला कानून वापस लेना होगा अन्यथा इसका जो दूरगामी परिणाम सामने आयेंगे उसका सम्पूर्ण जवाबदेही झारखण्ड सरकार की होगी। हम व्यापारी अंतिम सांस तक इसका पुरजोर विरोध करेंगे। जबकि उपाध्यक्ष धनन्जय कांस्यकार ने अपने सम्बोधन में साफ कर दिया कि यदि सरकार हमारी मांगों को पूरा नही करती है और अपने हठधर्मिता नही छोड़ती है तो आज खद्यान व्यापार अनिश्चितकालीन बंद कर रही है आनेवाली समय पर पूरा प्रदेश के सभी तरह के व्यापार को अनिश्चितकालीन बंद कर दिया जाएगा और तब जो हाहाकार मचेगी उसका सम्पूर्ण जिम्मेदारी सरकार की होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षीय संबोधन में चैंबर अध्यक्ष रितेश कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा लाये गये कृषि कानून व्यापार विरोधी के साथ साथ किसान विरोधी व उपभोक्ता विरोधी कानून है। जिसके चक्की में सभी वर्ग के लोग पीस दिये जायेंगे।हम खद्यान व्यापारी पहले से हीं विभिन्न प्रकार के नियम कानून पूरा करते परेशान है, विभिन्न प्रकार के टैक्सों का भुगतान व लेखा जोखा करते हैरान रहते हैं ऊपर से एक और नया कानून बर्दाश्त नहीं होगा। इसबार एकबार फिर से सरकार और व्यापारी आमने सामने है, जिस प्रकार 7AC और पूर्व में 1 प्रतिशत लागू कृषि कर के विरुद्ध लड़ाई लड़ समाप्त करवाई थी,इसबार भी यह काला कानून वापस सरकार को लेना ही होगा।

## बाल यौन शोषण संरक्षण पर स्कूली बच्चों के बीच जागरूकता सत्र का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड काउंसिल फॉर एडुकेशन रिसर्च एंड ट्रेनिंग (जेसीईआरटी) एवं झारखंड शिक्षा परियोजना की अगुवाई एवं सेंटर फॉर कैटालाइज़िंग चेंज (C3) के तकनीकी सहयोग से विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत लोहरदगा ज़िले के लगभग 60 सरकारी विद्यालयों में स्वास्थ्य एवं आरोग्य दूतों के द्वारा बाल यौन शोषण संरक्षण अधिनियम, 2012 (पॉक्सो एक्ट) पर छात्र- छात्राओं के बीच जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। पोक्सो एक्ट पर जागरूकता सत्र पूरे सप्ताह सभी 6 से 12 वर्ग के विद्यालयों में मनाया जाएगा। सत्र का मुख्य उद्देश्य छात्र- छात्राओं को उक्त अधिनियम के मुख्य प्रावधानों से अवगत कराना एवं विद्यालय के स्तर पर बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षण को सुनिश्चित करना था। सत्र के दौरान अधिनियम के तहत यौन अपराधों की विस्तृत परिभाषा के बारे में बताया गया। यह बताया गया कि बाल यौन शोषण सिर्फ बलात्कार ही नहीं अपितु बच्चों के किसी भी अंग को गलत तरीके से छूना, निजी अंगों पर टिप्पणी करना, गलत तस्वीर दिखाना, तथा अन्य वैसे सभी प्रककर के शारीरिक संपर्क जिससे बच्चे असहज महसूस करें, बाल यौन शोषण की श्रेणी में आते हैं। आरोग्य दूतों के द्वारा छात्र-छात्राओं को यह भी बताया गया कि बाल यौन शोषण से संबन्धित मामलों पर त्वरित कार्रवाई एवं केस के निष्पादन हेतु प्रत्येक ज़िले में सरकार के द्वारा विशेष पॉक्सो कोर्ट की स्थापना की गयी है। छात्र- छात्राओं को बाल यौन शोषण की घटना को रिपोर्ट करने के प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि ऐसे घटनाओं की शिकायत करने में वे संकोच नहीं करें। ज्ञातव्य हो कि राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो, भारत सरकार के आंकड़ों के अनुसार लगभग 50 प्रतिशत बच्चे यौन शोषण का शिकार हो रहे हैं और इनमे से लगभग दो तिहाई बच्चे भय और संकोच के कारण अपने साथ हुए यौन शोषण की शिकायत नहीं करते हैं। सत्र के उपरांत छात्र-छात्राओं ने संकल्प लिया कि वे बाल यौन शोषण से संबंधित घटनाओं की शिकायत बिना किसी भय एवं घबराहट के साथ करेंगे। उक्त जागरूकता सत्र से लगभग 2600 छात्र-छात्राएं लाभान्वित हुए।

## चलते चलते एक नजर

### सरोजनी लकड़ा को ब्रिटेन नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ क्वीन मैरी ने डॉक्टरेट की मानद उपाधि से नवाजा

**रांची।** झारखंड राज्य की खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा को यूनाइटेड स्टेटस ऑफ अमेरिका के ब्रिटेन नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ क्वीन मैरी ने डॉक्टरेट की मानद उपाधि से नवाजा गया है। यह उपाधि उन्हें स्पोर्ट्स डेवलपमेंट और सोशल वर्क के क्षेत्र में प्रदान की गई है।इससे पूर्व सरोजनी लकड़ा ओलंपिक एजुकेशन पर जर्मनी से पढ़ाई कर चुकी हैं। खेल निदेशक को मिली उपाधि पर झारखंड ओलम्पिक एसोसिएशन और राज्य खेल संघो के पदाधिकारियों आर के आनंद, शेखर बोस, डॉ मधुकांत पाठक, हरभजन सिंह, अनिल कुमार जायसवाल,प्रभाकर राव, एसके पांडे, भोलानाथ सिंह, रजनीश कुमार, बिजय शंकर सिंह, चंचल भट्टाचार्य, पूर्णिमा महतो, उत्तम सिंह, अर्चित आनंद, जय कुमार सिन्हा, उदय साहू, प्रियदर्शी अमर, शैलेन्द्र दुबे, गुलाम रब्बानी, संजय झा,सुरेश कुमार, आशीष झा, शैलेन्द्र पाठक, वरुण कुमार, कृष्ण कुमार सिंह आदि ने बधाई दी है।

### झारखंड राज्य खुदरा व्यवसाई संघ बन्द का समर्थन करती है : संजय पोद्दार

**रांची।** झारखंड राज्य खुदरा व्यवसाई संघ के महामंत्री योगेंद्र प्रसाद पोद्दार ने कृषि उत्पादन और पशुधन विपणन विधेयक 2022 के तहत राज्य सरकार द्वारा दो फीसदी शुल्क लगाने के निर्णय का विरोध करते हुए व्यापारियों के हित में इस काले कानून को वापस लेने की मांग की है। संघ के प्रवक्ता संजय पोद्दार ने कहा पूर्व की सरकार ने व्यापारियों के सुविधा को ध्यान में रखते हुए कृषि शुल्क हटा दिया था इससे व्यापार में बढ़ोतरी हुई और कारोबार भी बढा परंतु वर्तमान सरकार फिर से 2% बाजार शुल्क लगाने का निर्णय किया है। इससे खाद्यान्न कारोबारी के साथ साथ छोटे दुकानदार और आम जनों को महंगाई की मार झेलनी होगी। झारखंड में अधिकांश खाद्यान्न वस्तुएं बाहर से आती हैं पहले ही उस पर टैक्स लगा होता है, फिर यहां आने पर 2% बाजार शुल्क देना होगा इससे खाद्यान्न महंगी होगी और हर वर्ग के लोग प्रभावित होंगे। साथ ही व्यापार पर बुरा प्रभाव पड़ेगा क्योंकि आसपास के राज्यों में बाजार शुल्क नहीं लगता है साथ ही अफसरशाही हावी होंगे। झारखंड राज्य खुदरा व्यवसाई संघ कल चैंबर द्वारा आयोजित बंद के समर्थन में सभी खुदरा व्यापारियों से अपनी अपनी दुकानें बंद रखने की अपील की है।

### इधर-उधर लगाई मोटरसाइकिल तो कटेगा चालान

**रांची।** शाहिद अल्बर्ट एक्का चौक और इसके आसपास आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। फुटपाथ पर व सड़कों पर गाड़ी लगाकर रखते हैं और मोटरसाइकिल सड़क पर लगाने को लेकर जाम की स्थिति और उत्पन्न हो जाती है। ऐसे विषम परिस्थिति में जाम मुक्त हो। जाम मुक्त शहर बनाने के लिए ऐसी व्यवस्था के लिए ट्रैफिक पुलिस लगातार प्रयासरत है। इसके बावजूद यातायात नियम उल्लंघन करने पर यदि किसी को यातायात पुलिस पकड़ लेती है, और उसका जुर्माना काटती है ऐसे समय में व्यक्ति अपनी गलती ना देख कर पुलिसकर्मी से उलझ पड़ते हैं या फिर अपनी पैरवी की धाक जमाते हैं। शहीद अल्बर्ट एक्का चौक पर भी ऐसे ही देखने को मिला, जब एएसआई मनोज कुमार चालान काटने के दौरान एक व्यक्ति उन्हें फोन से अपने पैरवीकार से बात करने को कहने लगे, हालांकि वह एएसआई फोन पर बात नहीं किए और अपना चालान काटने की प्रक्रिया में लगे रहे।

# पलामू के सांसद वीडी राम ने संसद में उठाया पलायन का मुद्दा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में शून्य काल के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत क्रमशः दोनों जिलें पलामू एवं गढ़वा के साथ-साथ झारखंड में पलायन के अति महत्वपूर्ण मामले को उठाया। श्री राम ने कहा कि आप इस बात से भलीभांति अवगत हैं कि अभी भी झारखंड विकास के दृष्टिकोण से बहुत ही पिछड़ा हुआ राज्य है। पलामू संसदीय क्षेत्र के दोनों जिले क्रमशः पलामू एवं गढ़वा आकांक्षी जिलों की सूची में आते हैं। यह दोनों जिले उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित है इन जिलों की सीमाएं एक ओर बिहार से और दूसरी ओर छत्तीसगढ़ से भी जुड़ती है। यहां सबसे बड़ी समस्या पलायन की है। आजादी के इतने वर्षों के बाद भी वहां पर कोई भी फैक्ट्री नहीं लगी, ना ही कोई उद्योग-धंधा ही लगा। इस समस्या का मूल कारण वहां पर जमीन की अनुपलब्धता है जिसके कारण वहां पर कोई फैक्ट्री नहीं लग रही है। वहां पर इस तरह से जमीन उपलब्ध करायी जा सकती है कि आज जो इंडियन फॉरेस्ट एक्ट है जिसके अंतर्गत जंगल-झाड़ को वहां के फॉरेस्ट एक्ट के प्रावधानों के तहत दिखा दिया गया है जिसकी वजह से वहां कोई फैक्ट्री एस्टेब्लिश नहीं हो रही है। सांसद ने कहा कि आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि उक्त फॉरेस्ट एक्ट के प्रावधानों में संशोधन की आवश्यकता है, ताकि जमीन उपलब्ध हो सके और फैक्टरी एस्टेब्लिश हो सके और वहां के नौजवानों को रोजगार मिल सके ताकि झारखंड राज्य के उत्थान के साथ ही पलामू संसदीय क्षेत्र का भी आर्थिक विकास हो सके।

# सरकार राहत दे आहत नहीं : आनंद शंकर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर झारखंड सरकार द्वारा लगाए गए 2 प्रतिशत कृषि टैक्स का पुरजोर विरोध किया है।श्री शंकर ने कहा कि चेंबर अपने सभी खाद्यान्न, फल, सब्जी, किराना विक्रेताओं से कल 15 फरवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल के लिए आह्वान करता है। अध्यक्ष आनंद शंकर ने बताया कि यह टेक्स 2 परसेंट केवल देखने में है जबकि स्पेक्टर राज और नौकरशाहों के भैया दोहन से दो सौ पर्सेंट में तब्दील हो जाएगा और राज्य में आम जनता को खदान की किल्लत एवं पेट भरने में आफत आ जाएगी। यदि सरकार इसे लागू करने में सफल हो जाती है तो आने वाले समय में हर प्रकार के व्यापार पर भिन्न-भिन्न अन्य कानून लादे जा सकते हैं। चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने सभी व्यवसाई भाइयों को अपने प्रतिष्ठान बंद करने का आह्वान किया है। साथ ही सरकार के इस व्यवसाय विरोधी नीति का विरोध करता है।

# उपायुक्त ने किसानों को 43,85,500 रुपये भुगतान करने की दी स्वीकृति



**मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के पात्र किसानों को अनुग्राहिक राहत राशि देने के लिए श्रेणी क में कुल 1132 लाभुकों एवं श्रेणी ग में कुल 121 लाभुकों को तीन हजार 500 रुपये प्रति लाभुक की दर से कुल 43 लाख 85 हजार 500 रुपये का भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई है।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने मंगलवार को मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत किसानों को राशि भुगतान करने की स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के पात्र किसानों को अनुग्राहिक राहत राशि देने के लिए श्रेणी क में कुल 1132 लाभुकों एवं श्रेणी ग में कुल 121 लाभुकों को तीन हजार 500 रुपये प्रति लाभुक की दर से कुल 43 लाख 85 हजार 500 रुपये का भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई है। उपायुक्त ने शाखा प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक, महावीर चौक अपर बाजार को लाभुकों के बैंक खाता में आरटीजीएस के माध्यम से राशि हस्तांतरित करने का निर्देश दिया है।

# सीसीएल के गांधीनगर अस्पताल में आयुष्मान कार्डधारक परिवार भी करा सकेंगे निःशुल्क इलाज

**रांची स्थित सीसीएल के केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर में चिकित्सकों की ओर से हर प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का उपचार किया जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा संचालित इस योजना के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को पांच लाख तक का स्वास्थ्य बीमा मुहैया कराया जाता है।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** सीसीएल के प्रवक्ता अनुपम राणा ने मंगलवार को कहा कि सीसीएल के खनन क्षेत्र के आसपास रहने वाले गरीब परिवार सीसीएल के गांधीनगर अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत इलाज करा सकते हैं। रांची स्थित सीसीएल के केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर में चिकित्सकों की ओर से हर प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का उपचार किया जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा संचालित इस योजना के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को पांच लाख तक का स्वास्थ्य बीमा मुहैया कराया जाता है।

उन्होंने कहा कि सीसीएल के गांधीनगर अस्पताल में रेफर किये गये मरीजों का इलाज किया जाता है। इसके अतिरिक्त सभी लोगों को निःशुल्क आपातकालीन सेवाएं भी प्रदान की जाती है। केंद्रीय अस्पताल गांधीनगर सीसीएल का शीर्ष अस्पताल है। लगभग 200 बेड के इस हॉस्पिटल में सभी प्रकार के विशेषज्ञ चिकित्सीय सेवाएं प्रदान की जाती है। यह अस्पताल न केवल सीसीएल कर्मियों और उनके आश्रितों का, बल्कि परियोजना प्रभावित क्षेत्रों के लोगों का भी उपचार करता है। उन्होंने कहा कि सीसीएल के सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत केंद्रीय अस्पताल गांधीनगर द्वारा नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है, जिसमें निःशुल्क परामर्श, जांच तथा दवाओं का वितरण किया जाता है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में अस्पताल द्वारा सुदूर क्षेत्रों के जरूरतमंद लोगों के लिए डिजिटल डिस्पेंसरी के तहत टेलीमेडिसिन की सेवाएं भी प्रदान की जा रही है।

# रेलवे ने महाशिवरात्रि पर दिया तोहफा किफायती दर पर करें 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** महाशिवरात्रि का महापर्व 18 फरवरी को है। हिंदुओं के लिए ये दिन काफी खास होता है। ऐसे में शिवरात्रि के खास मौके पर शिव भक्तों को भारतीय रेलवे ने एक खास तोहफा दिया है। इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) शिव भक्तों को बेहद कम पैसों में 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन का अवसर प्रदान कर रहा है। इस स्पेशल टूर पैकेज को महाशिवरात्रि के मौके पर लॉन्च किया गया है और इसका नाम महाशिवरात्रि नव ज्योतिर्लिंग यात्रा रखा गया है। इस पैकेज के जरिए भक्तों को देश के अलग-अलग हिस्सों में बेहद किफायती दाम में ट्रैवल करने को मिलेगा।

**इन ज्योतिर्लिंगों के दर्शन का मिलेगा मौकाः** इस पैकेज के जरिए ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, ग्रिश्नेश्वर ज्योतिर्लिंग, औंढा नागनाथ ज्योतिर्लिंग, परली वैजनाथ ज्योतिर्लिंग, मल्लिकार्जुन स्वामी ज्योतिर्लिंग जैसी जगहों पर जाकर भगवान शिव के दर्शन कर सकते हैं। इन सभी जगहों पर भारत दर्शन ट्रेन के जरिए घूमने का मौका मिलेगा। ट्रेन में बुकिंग के लिए आईआरसीटीसी के आधिकारिक वेबसाइट पर लॉग इन कर बुकिंग करा सकते हैं। इसके अलावा आप सभी पर्यटक सुविधा केंद्र, रीजनल ऑफिस और क्षेत्रीय कार्यालयों में भी बुकिंग कराया जा सकता है। इस संबंध में आसनसोल रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अमिताभ चटर्जी ने बताया कि महाशिवरात्रि को लेकर शिव भक्तों के लिए यह योजना लायी गई है।

**टूर डिटेल्स**

-यह टूर 13 और 12 रात का है।
-इस टूर की शुरूआत मदुरई से होगी।
-इस पैकेज का बोर्डिंग प्वाइंट है तिरुनेलवेली, मदुरै, डिंडीगुल, इरोड, सलेम, जोलारपेट्टई, काटपाडी, पेरम्बूर, नेल्लोर।
-पैकेज का शुल्क-15,350 रुपये
-यात्रा की डेट- इस पैकेज के जरिए आप आठ मार्च से 20 मार्च 2023 तक इन सभी जगहों की यात्रा करेंगे।
-पैकेज में मिलेगी क्या सुविधाएं
-पैकेज में यात्रियों को ट्रेन में स्लीपर कोच से यात्रा करने की सुविधा मिलेगी।
-इस पैकेज में यात्रियों को हर जगह ठहरने के लिए उचित व्यवस्था मिलेगी।
-सभी यात्रियों को ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर के साथ एक 1 लीटर पानी का बोतल भी मिलेगा।
-सभी यात्रियों को टूर एस्कॉर्ट एंड सिक्योरिटी की सुविधा भी मिलेगी।

### सुषमा स्वराज एक सच्ची देशभक्त थीं कर्मवीर सिंह

**रांची :** भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को सुषमा स्वराज की 71वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रदेश कार्यालय में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि सुषमा स्वराज एक सच्ची देशभक्त थीं। उन्होंने पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया। वे जमीनी स्तर पर काम करते हुए देश के कई महत्वपूर्ण पदों पर योगदान दिया। उन्होंने कई विपरीत परिस्थिति में भी हिम्मत से काम करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय बिना किसी भय और दबाव के निर्भीक होकर किया, जो समाज के लिए मील का पत्थर साबित हुए। इस मौके पर महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी, नीलू झा, बबिता वर्मा, फूदो देवी, प्रेम मित्तल सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# पांच हजार से अधिक बकाया हुआ तो कटेगा बिजली



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड बिजली वितरण निगम (जेबीवीएनएल) के रांची जीएम पीके श्रीवास्तव ने कहा कि जिन बिजली उपभोक्ताओं तीन माह से पांच हजार रुपये से अधिक बकाया है, उनका बिजली कनेक्शन 15 फरवरी से काटा जाएगा। श्रीवास्तव ने अफसरों से कहा है कि फरवरी माह में तय राजस्व के लक्ष्य की स्थिति संतोषजनक नहीं रही है। इसलिए 15 फरवरी से राजस्व बढ़ाने का काम करें।

अपने अधीन के सर्किल और डिविजन रांची, खूंटी, गुमला, सिमडेगा, लोहरदगा के इंजीनियरों से कहा है कि कुल 100 करोड़ रुपये का लक्ष्य तय किया गया है। इसलिए 15 फरवरी से विशेष अभियान चलाये।

जो उपभोक्ता का तीन महीने से अधिक समय से शहरी क्षेत्र में पांच हजार और ग्रामीण क्षेत्र में 10 हजार रुपये से ऊपर बकाया है, उनके पास टीम जाए।

किस्त में भुगतान करने की अपील करे। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उनका बिजली कनेक्शन काट दे। साथ ही टीम प्रतिदिन की कार्यवाही की रिपोर्ट शाम पांच बजे तक जीएम कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया है।

# राजद प्रदेश कार्यसमिति का गठन 125 नेताओं को मिली जगह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने प्रदेश कार्यसमिति का गठन कर लिया है। कार्यसमिति में अभी पार्टी के 125 नेताओं, कार्यकर्ताओं को जगह मिली है। इसमें हर प्रमंडल, जिले, वर्ग की भागीदारी का ध्यान रखा गया है।

कार्यसमिति सदस्य में 32 नेताओं को शामिल किया गया है। इसमें संजय कुमार सिंह यादव, राज्य सरकार में मंत्री सत्यानंद भोक्ता, पूर्व विधायक संजय प्रसाद यादव, राधा कृष्ण किशोर, चतरा लोकसभा के पूर्व उम्मीदवार सुभाष प्रसाद यादव, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान सहित अन्य शामिल हैं।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने मंगलवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि प्रदेश उपाध्यक्ष की लिस्ट में आठ लोगों को जगह दी गयी है। इनमें श्याम दास सिंह, लक्ष्मण यादव, मंजू साह, विक्रम प्रसाद यादव, गिरधारी गोप, अनीता यादव, पप्पु सिंह और शिवनाथ यादव शामिल हैं जबकि 33 प्रदेश महासचिव बनाए गये हैं। प्रदेश सचिव में 43, विशेष आमंत्रित सदस्य के तौर पर तीन नेताओं को जगह मिली है। 25 अलग अलग प्रकोष्ठों में 14 प्रकोष्ठ अध्यक्ष तय कर लिए गये हैं। चार पार्टी प्रवक्ता बनाये गए हैं। सोशल मीडिया प्रभारी अभी तय नहीं किए गये हैं।

अभी केवल अनुमंडल अध्यक्षों की सूची में देवघर में मुकेश यादव को शामिल किया गया है। संजय यादव के ने बताया कि अगले चरण में और भी नेताओं को पार्टी में जगह मिलेगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में संजय प्रसाद यादव, सुभाष यादव, पार्टी प्रवक्ता मनोज कुमार, अनीता यादव सहित अन्य नेता उपस्थित थे।

### संतोष कुमार सोनी ने इंटक के राष्ट्रीय सचिव सह प्रवक्ता के पद से दिया इस्तीफा



**रांची।** श्रमिक नेता संतोष कुमार सोनी ने इंटक के राष्ट्रीय सचिव सह प्रवक्ता के पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने इस आशय से संबंधित पत्र इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर दुबे को प्रेषित किया है। अपने पत्र में सोनी ने दुबे के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए कहा है कि निजी कार्य व्यस्तता के कारण संगठन के लिए समय निकाल पाना संभव नहीं हो पा रहा था, इसलिए वह राष्ट्रीय सचिव सह प्रवक्ता के पद से इस्तीफा दे रहे हैं। सोनी ने कहा कि इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर दुबे का वह काफी सम्मान करते हैं। उन्हीं के मार्गदर्शन में श्रमिक हितों के लिए संगठन से जुड़कर संघर्षशील रहे। व्यक्तिगत तौर पर वह दुबे के सदैव आभारी रहेंगे।

# पलामू में आंदोलन की राह पर आम आदमी पार्टी : राकेश तिवारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** केंद्र द्वारा जारी निर्देश पर रांची स्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय के घेराव कार्यक्रम में पलामू से आए लगभग डेढ़ सौ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया. पलामू के कार्यकारी जिलाध्यक्ष राकेश तिवारी कार्यकारी सचिव सुधीर कुमार, क्रांतिकारी युवा नेता कौशल किशोर बच्चन, पलामू जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, सोशल मीडिया टीम से शशिकांत तिवारी, जिला संगठन मंत्री अरुण कुमार वर्मा आदि नेताओं की एक टीम प्रदेश उपाध्यक्ष श्री नरेंद्र चौबे और पलामू संगठन विस्तार प्रभारी सौरभ श्रीवास्तव के नेतृत्व में रांची पहुंची और पार्टी द्वारा आयोजित इस घेराव कार्यक्रम में हिस्सा लिया.पलामू की टीम अपने साथ अदानी मोदी के गठजोड़ पर आधारित पोस्टर और बैनर ओं से लैस थी और लगभग 10 गाड़ियों में पलामू के कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे थे.मीडिया से बात करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र चौबे ने कहा कि राज्य की आम जनता की आवाज बनने के लिए आम आदमी पार्टी की पलामू टीम सदैव तत्पर और तैयार रहती है और इसी सिलसिले में केंद्रीय नेताओं द्वारा निर्देशित इस कार्यक्रम में आज पलामू से लगभग डेढ़ सौ कार्यकर्ता भाग लेने पहुंचे हैं. पलामू के संगठन विस्तार प्रभारी और प्रदेश प्रवक्ता सौरव श्रीवास्तव ने कहा कि जिस प्रकार से अदानी समूह को संरक्षण देकर भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार ने आम जनता की गाढ़ी कमाई को खतरे में डाला और देश के प्रमुख संस्थान जैसे एयरपोर्ट बंदरगाह, रेलवे और मेट्रो परियोजनाएं अपने पूंजीपति मित्रों को बांट दी उसे पूरे देश में हताशा और निराशा का माहौल है और आम जनता उद्वेलित है.

युवा नेता राकेश तिवारी ने कहा की आम आदमी पार्टी पलामू की टीम राज्यभर के जन्म मुद्दों को ऐसे ही पुरजोर तरीके से आंदोलनों के माध्यम से आगे भी उठाती रहेगी और आम आदमी पार्टी ने पलामू जिला कमेटी के नेतृत्व में पलामू में आम लोगों का एक बड़ा जन संगठन तैयार किया है जिसकी छाप आने वाले समय में राज्य में दिखाई देगी।पलामू से आए तमाम पदाधिकारियों, नेताओं और कार्यकर्ताओं इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अगर भारतीय जनता पार्टी की केंद्र की सरकार ने समय रहते अडानी समूह द्वारा किए गए इस बड़े वित्तीय भ्रष्टाचार पर ठोस निर्णय नहीं लिया तो सड़क से लेकर संसद तक आम आदमी पार्टी आंदोलन करेगी इसका विश्वास दिलाया.इस कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी के झारखंड प्रदेश के प्रदेश संयोजक डी एन सिंह प्रदेश उप संयोजक प्रेम कुमार विभिन्न जिलों के उपाध्यक्ष पलामू के पाकी से आम आदमी पार्टी के नेता व प्रदेश प्रवक्ता ओमकार नाथ जायसवाल और भी कई बड़े नेताओं ने शिरकत की.